खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 23° C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 21 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 123 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 3 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

यूपी बनेगा ग्लोबल एआई हब: मुख्यमंत्री योगी
पेज 2

ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा
खेल टाइम्स

रजदान पास बना आकर्षण का केंद्र
सम्पादकीय

अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास
पेज 12

मेलोनी-मोदी के बीच हुई बड़ी डील

भारत और इटली के बीच मजबूत हुई रणनीतिक साझेदारी, इटली के डिजाइन को दिलाएंगे पहचान

रोम, वार्ता

भारत और इटली ने अपने द्विपक्षीय संबंधों में एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत कर दी है। पीएम मोदी की इटली की पहली द्विपक्षीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपने रिश्तों को सर्वोच्च स्तर पर ले जाते हुए विशेष रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड कर दिया है।

रोम में आयोजित इस ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेलोनी ने कहा कि वर्ष 2000 के बाद, यानी पूरे 26 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय इटली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच की दूरी को मिटाकर रिश्तों को एक नई ऊर्जा देगी। द्विपक्षीय वार्ता के बाद साझा प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मेलोनी ने आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य वर्तमान 14 बिलियन यूरो (करीब 1,569.3 अरब रुपये) के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाना है। यह एक बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, जिसे भारत और यूरोपीय संघ के बीच हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते की मदद से हासिल किया जाएगा। मेलोनी ने आगे कहा कि दोनों देशों के आर्थिक और उत्पादक तंत्र एक-दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान में भारत के विकास में 400 से अधिक इतालवी कंपनियां सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही, नई दिल्ली में इनोवेट इंडिया इनिशिएटिव के तहत एक विशेष केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो दोनों देशों के स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालयों, उद्यमों और अनुसंधान संस्थानों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साझेदारी को वैश्विक कल्याण से जोड़ते हुए एक नया और प्रभावशाली विजन पेश किया। पीएम मोदी ने कहा कि इटली दुनिया भर में अपने बेजोड़ डिजाइन -शेष पृष्ठ दो पर

- 14 बिलियन यूरो के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाएंगे दोनों देश

मोदी ने की मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट

रोम। पीएम मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। पीएम मेलोनी ने 'एक्स' पर इस वीडियो को पोस्ट कर कहा कि पीएम मोदी मेरे लिए गिफ्ट में बहुत-बहुत अच्छी टॉफी लेकर आए- मेलोडी। गिफ्ट के लिए थैंक्यू।

पीएम मोदी अपने पांच देशों के दौरे के आखिरी चरण में मंगलवार को इटली पहुंचे। वहां पीएम मेलोनी ने उनका स्वागत किया। दोनों रोम की सड़कों पर एक ही कार में घूमे और करीब 2000 साल पुराने ऐतिहासिक कोलोजियम का दौरा भी किया। पीएम मोदी ने मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। यह टॉफी भारत में 1983 से बिक रही है। इसे पारले कंपनी बनाती है। मोदी ने मेलोनी को 'मेलोडी' टॉफी इसलिए गिफ्ट की थी, क्योंकि सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के नामों को जोड़कर मेलोडी शब्द काफी वायरल हो गया था।

- इटली में एक ही कार में घूमे, 2000 साल पुराने कोलोजियम में सेल्फी ली

ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का ट्रायल पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत की डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने ड्रोन से दागी जाने वाली मिसाइल का ट्रायल पूरा कर लिया है।

इस मिसाइल का नाम यूएलपीजीएम- वी3 है। यह हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों तरह के टारगेट पर सटीक हमला कर सकती है। हवा में दुश्मन के हेलीकॉप्टर, ड्रोन और दूसरे हवाई टारगेट को मार गिरा सकती है। वहीं जमीन पर टैंक, सैन्य वाहन और बंकर को निशाना बना सकती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, मिसाइल का परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुर्नूल स्थित डीआरडीओ टेस्ट रेंज में किया गया। इसमें इंटीग्रेटेड ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल किया गया, जो लॉन्च और कमांड सिस्टम को कंट्रोल करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस मिसाइल को बनाने में मिली सफलता रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम है। डीआरडीओ ने 'एक्स' पर ट्रायल का ये वीडियो शेयर किया। यूएलपीजीएम-वी3 एक स्मार्ट प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल है। इसमें सीकर तकनीक लगी है, जिससे यह टार्गेट को पहचानकर लॉक करती है और फिर सटीक हमला करती है। चलते हुए लक्ष्य को भी ट्रैक कर सकती है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इसे एंटी-टैंक रोल के लिए भी तैयार किया गया है। साथ ही यह ड्रोन, हेलीकॉप्टर और दूसरे हवाई लक्ष्यों के खिलाफ भी इस्तेमाल की जा सकती है। इस मिसाइल को डीआरडीओ के हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई) की अगुआई में डेवलप किया गया है। इसके साथ डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी , टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी और हाई एनर्जी मटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी भी इस प्रोजेक्ट में शामिल रहीं।

- टैंक, हेलीकॉप्टर और दूसरे ड्रोन को निशाना बना सकेगी, डीआरडीओ ने स्वदेशी कंपनियों के साथ बनाया

संक्षिप्त समाचार

नीट परीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट-यूजी परीक्षा को सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री प्रधान ने अधिकारियों को फर्जी जानकारी, दुष्प्रचार और अफवाह फैलाने वाले चैनलों की पहचान कर उन्हें ब्लॉक और हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को शिक्षा मंत्रालय, एनटीए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर तेजी से कार्रवाई करनी होगी।

बंगाल में ओबीसी आरक्षण 17 से घटकर 7% हुआ

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने ओबीसी आरक्षण व्यवस्था में बदलाव किया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 17 फीसदी से घटाकर 7 फीसदी कर दिया गया है। नई लिस्ट के मुताबिक अब सिर्फ 66 जातियां ओबीसी आरक्षण के दायरे में रहेंगी। धर्म आधारित वर्गीकरण की व्यवस्था भी खत्म कर दी गई है। सरकार का कहना है कि यह फैसला कलकत्ता हाईकोर्ट के 2024 के आदेश के आधार पर लिया गया है।

टेट्रा पैक में शराब की बिक्री होगी बंद!

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। देश में शराब की बिक्री और पैकेजिंग को लेकर एक अहम जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस जारी किया है।

याचिका में मांग की गई है कि टेट्रा पैक, सैशे और छोटे पाउच जैसी पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए सहमति भी दे दी है। यह याचिका संगठन कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग की ओर से दायर की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील विपिन नायर ने शराब की पैकेजिंग को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मौजूदा एक्साइज नियमों में बोतल की परिभाषा स्पष्ट नहीं है, जिसके कारण कंपनियां ऐसे पैकेजिंग डिजाइन का इस्तेमाल कर रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम पैदा हो रहा है। नायर ने अदालत से कहा कि वे फलों के जूस और शराब में भ्रम पैदा कर रहे हैं। बोतलों और पैकिंग पर सेब जैसे फलों की तस्वीरें लगाई जाती हैं, जबकि अंदर वोडका जैसी शराब होती है। उन्होंने तर्क दिया कि इस तरह की पैकेजिंग खासकर युवाओं और बच्चों को भ्रमित कर सकती है और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक समान नीति तैयार करे। इसमें टेट्रा पैक, सैशे और जूस जैसे दिखने वाले पैकेजिंग में शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

- सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा मामला, जनहित याचिका हुई दायर
- केंद्र सरकार समेत कई पक्षों को नोटिस

देश संकट में, प्रधानमंत्री विदेश में टॉफी बांटने और रील बनाने में व्यस्त: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इटली दौरे को लेकर उन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि देश आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं श्री मोदी विदेश में टॉफी बांटने और रील बनाने में व्यस्त हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आर्थिक तूफान सिर पर है, और हमारे प्रधानमंत्री इटली में टॉफी बांट रहे हैं। किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर और छोटे व्यापारी सब रो रहे हैं, प्रधानमंत्री हंसते हुए रील बना रहे हैं तथा भाजपा वाले ताली बजा रहे हैं। यह नेतृत्व नहीं, नौटंकी है।

दक्षिण भारत में कम बारिश का अनुमान

नई दिल्ली। देश में गर्मी अपने पीक पर है। इस बीच मौसम एजेंसी स्काईमेट ने अरब सागर के ऊपर नया सिस्टम बनने की जानकारी दी है, जो मानसूनी हवाओं को कमजोर कर सकता है। इससे केरल समेत दक्षिण भारत में बारिश कम होने की आशंका है। एजेंसी ने यह भी कहा है कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात समेत देश के 10 राज्यों में अगले एक हफ्ते तक सूखी-गर्म हवाएं चलेंगी।

CJI के बयान के विरोध में बनी कॉकरोच जनता पार्टी

नई दिल्ली। सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी 'कॉकरोच जनता पार्टी' के सोशल मीडिया पर 5 दिन में लाखों फॉलोअर हो गए हैं। बुधवार शाम 7 बजे तक यह आंकड़ा इंस्टाग्राम पर 60 लाख से ज्यादा और एक्स पर करीब 1 लाख 26 हजार तक पहुंच गया।

इंस्टाग्राम पर भाजपा के 87 लाख और कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर हैं। कॉकरोच जनता पार्टी महाराष्ट्र के अभिजीत दीपके ने बनाई है। इसका नारा है- 'सेक्युलर, सोशलिस्ट, डेमोक्रेटिक, लेजी।' पार्टी के महज एक दिन में ही 40 लाख से ज्यादा फॉलोअर बढ़ चुके हैं। दरअसल, 15 मई को सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी।

- इंस्टाग्राम पर पांच दिन में 60 लाख फालोअर्स बने
- भाजपा के 87 लाख, कांग्रेस के 1.32 करोड़ फॉलोअर्स

सीजेआई ने एक दिन बाद ही कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा। अभिजीत ने पार्टी का 'लोगो' भी जारी किया है। पार्टी की सदस्यता के लिए 4 योग्यताएं- पहली- बेरोजगारी। दूसरी- आलसी होना यानी डले रहो, पड़े रहो। तीसरी- ऑनलाइन रहने की लत। चौथी- प्रोफेशनली भड़ास निकालने की क्षमता। मैनिफेस्टो जारी, 5 वादे- अगर सीजेपी यानी कॉकरोच जनता पार्टी सरकार में आती है तो रिटायरमेंट के बाद किसी भी सीजेआई को राज्यसभा जाने का रिवॉर्ड नहीं मिलेगा। अगर कोई वैध वोट डिलीट किया जाएगा, तो मुख्य चुनाव आयुक्त को यूएपीए में गिरफ्तार किया जाएगा, क्योंकि किसी के वोटिंग का अधिकार छीनना आतंकवाद से कम नहीं। महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत का आरक्षण होगा, न कि 33 प्रतिशत, इसके लिए सांसदों की संख्या भी नहीं बढ़ाई जाएगी। कैबिनेट में भी महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण होगा। अंबानी और अडानी के -शेष पृष्ठ दो पर

M.G. Public School
Circular Road, Muzaffarnagar (U.P.)
Heartiest felicitations to the students on attaining this phenomenal feat with excellence.....
SSCE 2025-26 (XII)

COMMERCE STREAM

1st 95.4% Akshat Gupta

2nd 94.4% Riya Narang

3rd 93% Aryan Kuchhal

SCIENCE STREAM

1st 94.8% Lakshay Dhiman


2nd 93.4% Aryan Maan

3rd 91% Kanika Arora

HUMANITIES STREAM

1st 89.8% Radhika Sharma

2nd 89.4% Arisha Qazi

3rd 88% Kashika Verma

SUBJECT TOPPERS

Subject	Highest Marks	Student's Name
Painting	100	Palak Baliyan, Ira Mishra
Biology	99	Lakshay Dhiman, Kanika Arora Navya Goel
Accountancy	99	Aryan Kuchhal
History	99	Kashika Verma
E. G.	99	Vedanshi
F. St.	98	Divya Verma
Chemistry	97	Lakshay Dhiman, Aryan Maan, Pranjal Chaudhary
Computer Sci.	97	Abdullah Ahmad, Saksham
English	97	Lakshay Dhiman

Subject	Highest Marks	Student's Name
Maths	96	Krishna Mittal
Applied Maths	96	Aryan Kuchhal
Economics	96	Akshat Gupta
B.St.	96	Akshat Gupta, Riya Narang
P. Ed.	95	Umisha Vats, Vihan Raj, Vanshika Sharma
Hindi	95	Saloni Verma
Geography	93	Arisha Qazi
Physics	92	Haragam Jot Singh
ETP	89	Siddhant Dabral

Principal & Staff, M.G.P.S.
Chairman & Members of Managing Committee, M.G.P.S.

संक्षिप्त समाचार

बांदा में प्रेमी युगल के शव पेड़ से लटके मिले

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के मरका थाना क्षेत्र में बुधवार को एक पेड़ से प्रेमी युगल के शव एक ही साड़ी के फंदे से लटके मिलने से सनसनी फैल गई। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि अधाव गांव निवासी सुभाष (22) और रोशनी यादव (19) के शव एक पेड़ पर एक ही साड़ी के फंदे से लटके मिले। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पेड़ से नीचे उतरवाया। घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए। पुलिस के अनुसार मृतका रोशनी की शादी घूरी गांव निवासी जग प्रसाद के साथ गत सात मई को हुई थी। शादी के बाद वह पहली विदाई पर मायके आई थी।

लक्षद्वीप में जनगणना 2027 का पहला चरण सम्पन्न

लक्षद्वीप/कोच्चि। केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में जनगणना 2027 का पहला चरण तय समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस चरण में मकानों की सूची बनाने और आवास गणना के काम शामिल थे। शुरुआती चरण के लिए यह काम 16 अप्रैल से 15 मई 2026 तक किए गए। लक्षद्वीप में यह पूरा काम एक मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए डिजिटल रूप से किया गया, जो डेटा इकट्ठा करने की पूरी तरह से कागज-रहित प्रक्रिया थी। पहले चरण में द्वीपों भर में इमारतों और मकानों की एक पूरी सूची तैयार करना, साथ ही घरों की संपत्ति और बुनियादी नागरिक सुविधाओं से जुड़े 33 मुख्य संक. तकों पर डेटा इकट्ठा करना शामिल था।

मोदी सरकार आत्म प्रचार में है व्यस्त: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि देश गंभीर आर्थिक संकट में है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ आत्म प्रचार में व्यस्त है और इसी का परिणाम है कि देश में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट गंभीर रूप से बढ़ा है और जनता पर आर्थिक बोझ थोपा गया है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को लिखा कि श्री मोदी जनता को भाषणों की 'मिठास' सुनाना चाहते हैं, जबकि आम जनता उनकी सरकार की आर्थिक नीतियों से पैदा हुई 'मुश्किलों' के बीच जीवनयापन करने को मजबूर है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में प्रत्येक भारतीय पर औसत कर्ज कई गुना बढ़ा है, जबकि चुनिंदा उद्योगपतियों की संपत्ति में तेजी से इजाफा हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने

कहा: आम जनता आर्थिक नीतियों से पैदा हुई 'मुश्किलों' के बीच जीवनयापन करने को मजबूर

कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर तथा व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही सीएनजी, दूध, ब्रेड, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर करों तथा उत्पाद शुल्क के माध्यम से जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला गया है। उन्होंने कहा कि देश में युवाओं के बीच बेरोजगारी बढ़ रही है और भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं ने करोड़ों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। खड़गे ने दावा किया कि प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं के कारण युवाओं का सरकारी भर्ती प्रक्रिया पर भरोसा कमजोर हुआ है। श्री खड़गे ने कहा कि रुपये की कीमत में गिरावट, विदेशी निवेश में कमी तथा विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव जैसे संकेत देश की अर्थव्यवस्था की चुनौतीपूर्ण स्थिति को दर्शाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण बड़ी संख्या में लोग सरकारी राशन सहायता पर निर्भर हो गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रही है लेकिन सरकार इन मुद्दों के समाधान के बजाय प्रचार और जनसंपर्क गतिविधियों में अधिक व्यस्त दिखाई देती है।

यूपी में गर्मी का रेड अलर्ट, राहत के आसार नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। समूचे उत्तर भारत में जारी प्रचंड गर्मी से इस सप्ताह राहत की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने समूचे उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक रेड अलर्ट जारी किया है लेकिन उसके बाद भी गर्मी और लू रात दिन सताएगी। मौसम विभाग द्वारा बुधवार को जारी बुलेटिन के अनुसार अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना है।

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में 24 मई तक मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा तथा 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 20 से 24 मई के दौरान दिन के समय प्रदेश के अनेक जिलों में उष्ण लहर (लू) से भीषण उष्ण लहर चलने की आशंका है, जबकि कई स्थानों पर उष्ण रात्रि की स्थिति भी बनी रह सकती है। विभाग ने विशेष रूप से बुंदेलखंड, कानपुर मंडल, आगरा मंडल तथा पूर्वांचल के कई

अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना: मौसम विभाग

जिलों के लिए गंभीर चेतावनी जारी की है। पहले दिन यानी 20 मई को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर समेत कई जिलों में भीषण लू चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मिर्जापुर, संत रविदास नगर, कानपुर नगर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस और मैनपुरी भी गंभीर गर्मी की चपेट में रह सकते हैं। 21 मई को भी स्थिति में विशेष सुधार के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, फतेहपुर, मिर्जापुर, वाराणसी, कानपुर नगर, आगरा, मथुरा, झांसी और ललितपुर सहित अनेक जिलों में भीषण लू की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया, सहारनपुर, मेरठ और बुलंदशहर समेत कई जिलों में सामान्य लू चलने की संभावना जताई गई है। 22 मई को भी बुंदेलखंड और पूर्वांचल के जिलों में भीषण गर्मी बनी रहने का अनुमान है। बांदा, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, कानपुर नगर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, झांसी और महोबा समेत कई जिलों में भीषण लू चल सकती है, जबकि देवरिया, अयोध्या, अंबेडकरनगर, मेरठ, गाजियाबाद और अलीगढ़ जैसे क्षेत्रों में लू का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि भीषण गर्मी के कारण सभी आयु वर्ग के लोगों में हीट रैश, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार होगी

यूपी बनेगा ग्लोबल एआई हब: मुख्यमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन अहम प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। योगी ने कहा कि यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर परियोजना उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए। इसकी शुरुआत बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र से की जा सकती है जहां बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध है।

सीएम योगी ने प्रदेश की भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन अहम प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की

मुख्यमंत्री ने टाटा समूह समेत बड़ी टेक कंपनियों से संवाद कर लखनऊ को 'एआई सिटी' के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। 'प्रोजेक्ट गंगा' यानी गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुने गए डिजिटल उद्यमियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण करने वाली कंपनियां भी इन युवाओं का उपयोग कर सकें, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के तेजी से विस्तार और पारदर्शिता पर जोर देते हुए उन्होंने डिजिटल उद्यमियों को शुरुआत से ही इंसेंटिव देने को कहा। प्रोजेक्ट गंगा के तहत 10 हजार से अधिक युवाओं को डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर बनाया जाएगा, जिससे 50 हजार प्रत्यक्ष और 1 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। 20 लाख से अधिक घरों को फाइबर आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक

प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाए

मुख्यमंत्री ने गेहूं के इन-हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी टैक्स और मंडी शुल्क व्यवस्था में सुधार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाए। मंडियों में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, त्योहारों पर लाइटिंग, अतिक्रमण हटाने और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्यान्न सुरक्षा के लिए प्रदेश को अभी से तैयार रहना होगा। यूपी देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है। 2025-26 में 372 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है। प्रदेश में 559 रोलर फ्लोर मिल्स हैं जिनकी क्षमता 218.4 लाख मीट्रिक टन है, लेकिन उपयोग सिर्फ 126.45 लाख मीट्रिक टन हो रहा है। समिति ने सुझाव दिया कि यूपी में पंजीकृत मिलों द्वारा राज्य के भीतर प्रसंस्करण के लिए खरीदे गए गेहूं पर मंडी शुल्क और विकास उपकर में छूट दी जाए, लेकिन यह छूट व्यापारिक गति. विधियों पर लागू न हो। बैठक में बताया गया कि यूपी की भौगोलिक स्थिति इसे समुद्री जोखिमों से सुरक्षित बनाती है। एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर तेजी से विकसित हो रहे हैं।

को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा। योजना में 50: महिला उद्यमियों को जोड़ने का लक्ष्य है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल 21 जिलों में पायलट के तौर पर शुरू होगा।

संवैधानिक आरक्षण को कमजोर कर रही है भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी सरकार पर संवैधानिक आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवा. जा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने 'आरक्षण की लूट' से संबोधित 'पीडीए ऑडिट' नामक एक दस्तावेज जारी किया। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को और अधिक डेटा और तथ्यों के साथ अपडेट किया जाता रहेगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि अगर छात्रों और

लोग संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर

अध्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शुरुआती गिरावट से उबरे शेयर बाजार

नई दिल्ली, वार्ता

ऑटो और बैंकिंग कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अंत में बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 117.54 अंक (0.16 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 75,318.39 अंक पर पहुंच गया। बाजार में आज 877 अंक का उतार-चढ़ाव रहा। बीच कारोबार में सेंसेक्स नीचे 74,529 अंक और ऊपर 75,406 अंक तक गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी. 50 सूचकांक भी 41 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 23,659 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार भी सुबह लाल निशान में रहने के बाद में हरे निशान में चला गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.49 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। तेल एवं गैस, ऑटो, बैंकिंग और रियलटी सेक्टरों में तेजी रही, जबकि मीडिया, एफएमसीजी और आईटी सेक्टर दबाव में रहे। एनएसई में जिन 3,372 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,720 के शेयर हरे निशान में और 1,542 के लाल निशान में रहे। अन्य 100

ऑटो, बैंकिंग कंपनियों में लिवाली

कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार. चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 से 15 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे ज्यादा 2.83 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.29 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.01 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इंडिगो, ट्रेंट, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी मजबूती रही। बीईएल में 2.30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। टेक महिंद्रा का शेयर 1.85 प्रतिशत, इटरनल का 1.52, टाटा स्टील का 1.08 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.03 प्रतिशत टूटा। आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1. 23 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत उतर गया।

रुपया नए निचले स्तर पर 97 प्रति डॉलर के करीब

मुंबई। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये पर बुधवार को भी दबाव जारी रहा और यह 97 प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। पिछले कारोबार दिवस पर भारतीय मुद्रा 50 पैसे लुढ़ककर 96.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया आज 19 पैसे गिरकर 96.89 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 96.9575 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतर गया। बाद में यह हालांकि 96.77 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। खबर लिखे जाते समय रुपया 16 पैसे गिरकर 96.86 रुपये प्रति डॉलर पर था।

चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिस बाजारों में बुधवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के भाव में टिकाव रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 10 रुपये सस्ता हुआ और 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये टूट गया। दाल. दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 23 रुपये और चना दाल की 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल

आठ रुपये और मूंग दाल सात रुपये सस्ती हुई। वहीं तुअर दाल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा दो रिगिट गिरकर 4,583 रिगिट प्रति टन रह गया। वहीं, जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 प्रतिशत चढ़कर 75.71 सेंट प्रति पौंड का भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 35 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 30 रुपये और मूंगफली तेल की 21 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 44 रुपये और वनस्पति चार रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल तीन रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरक. री वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7659. 61 रुपये, मसूर काली 8112.36 रुपये, मूंग दाल 10154.89 रुपये, उड़द दाल 10837.37 रुपये, तुअर दाल 11271.36 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2774.21 रुपये और चावल 3859.37 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3245.79 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

मेलोनी-मोदी...

और सटीकता के लिए प्रसिद्ध है। दूसरी तरफ, भारत की पहचान बड़े पैमाने, असीमित प्रतिभा और किफायती नवाचार के पावरहाउस के रूप में है। इसलिए, अब हम डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया एंड इटली, एंड डिलीवर फॉर द वर्ल्ड के साझा सिद्धांत पर आगे बढ़ेंगे। पीएम मोदी ने घोषणा की कि भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-2029 इस साझेदारी को एक व्यावहारिक, समयबद्ध और भविष्योन्मुखी ढांचा प्रदान करेगी। दोनों वैश्विक नेताओं ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुई अपनी सात मुलाकातों के बारे में भी बताया है। प्रधानमंत्री मेलोनी ने पीएम मोदी के विजन, व्यावहारिक दृष्टिकोण और उनके नागरिकों के बीच उनकी मजबूत लोकप्रियता की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी यह ईमानदारी भरी दोस्ती आपसी सम्मान और भरोसे पर टिकी है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक सुरक्षा के मोर्चे पर इताल. वी प्रधानमंत्री ने रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जहाजों की मुक्त आवाजाही की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। पीएम ने रक्षा-सुरक्षा क्षेत्रों में भी साझेदारी का कारण आपसी विश्वास को बताया। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हमारी सेनाओं के साथ-साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी सहयोग बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप से को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मैरीटाइम पावर्स के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में करीबी सहयोग स्वाभाविक है। हम मिलकर शिपिंग, बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और अर्थव्यवस्था पर काम करेंगे। भारत और इटली एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ हमारी साझा पहल ने पूरे विश्व के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत और इटली ने यह संदेश दिया है कि जिम्मेदार लोकतंत्र केवल आतंकवाद की निंदा नहीं करतीं, बल्कि उसके वित्तीय नेटवर्क्स को तोड़ने के लिए ठोस कदम भी उठाती हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देशों में पिपुल टू पिपुल कनेक्ट अब दिख रहा है। दोनों देशों की भाषा में भी समानता है। संस्कृत और लैटिन एक ही भाषा परिवार से आती हैं। इस तरह हमारा रिश्ता साझी धरोहर का है। अगले साल दोनों देशों के रिश्ते की 80वीं वर्षगांठ को ईयर ऑफ कल्चर के तौर पर मनाया जाएगा। एक खास बात ये है कि यहां बड़ी संख्या में रह रहे भारत के लोग हमारे संबंधों की जीवंत कड़ी हैं। उनकी देखरेख के लिए मैं पीएम मेलोनी और इटली का आभारी हूं।

सीजेआई के... सभी मीडिया संस्थानों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे, ताकि वास्तव में स्वतंत्र मीडिया को जगह मिल सके। गोदी मीडिया एंकरों के बैंक अकाउंट्स की जांच कराई जाएगी। अगर कोई विधायक या सांसद दलबदल कर दूसरी पार्टी में जाता है, तो उसके चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई जाएगी। उसे अगले 20 साल तक किसी भी पब्लिक ऑफिस में पद नहीं दिया जाएगा। अभिजीत दीपके अमेरिका की बॉस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन की मास्टर डिग्री कर रहे हैं। वो 2020 से 2023 तक आम आदमी पार्टी (आप) की सोशल मीडिया टीम में वॉलंटियर भी रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि मैं एक्स पर सीजेआई का बयान देख रहा था, जहां पर वो सिस्टम की आलोचना करने और राय देने के लिए देश के युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से कर रहे थे। सोशल मीडिया पर मैंने इस पर अपनी राय दी। मैंने पूछा कि सब कॉकरोच एक साथ आ जाएं तो क्या होगा। मुझे जेन जी और 25 साल तक के युवाओं के कमाल के जवाब मिले। उन्होंने कहा कि हमें साथ आना चाहिए और एक प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए। फिर क्या था मैंने सीजेपी बना ली। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि मेरी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं।

सच के आईने से डरती है मोदी सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सच का सामना करने से डरती है और पिछले 12 वर्षों में उसने लोकतंत्र का आईना माने जाने वाले विपक्ष तथा मीडिया की आवाज को दबाने का काम किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी देश में आर्थिक संकट के लिए वैश्विक युद्धों को जिम्मेदार ठहराते हैं लेकिन सच यह है कि देश की अर्थव्यवस्था पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रही थी और कांग्रेस लगातार इसकी चेतावनी देती रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष और मीडिया वह आईना होते हैं, जो सत्ता को सच्चाई दिखाते हैं, लेकिन सच से डरने वाली मोदी सरकार इस आईने को तोड़ने का

काम कर रही है। झूठ आईने से डरता है। खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने पिछले 12 वर्षों में कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की, क्योंकि उन्हें डर है कि मीडिया उनसे कठिन सवाल पूछ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश को नसीहत देकर विदेश यात्रा पर चले जाते हैं और उससे पहले लंबे रोड शो करते हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कई नेता सार्वजनिक परिवहन या बाइक पर चलने का प्रदर्शन करते हैं, जबकि पीछे उनका पूरा वाहन काफिला चलता है। कांग्रेस नेता ने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि वर्ष 2014 में 414 रुपये में मिलने वाला एलपीजी सिलेंडर अब 915 रुपये का हो गया है, जो 121 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर ब्लैक में बिक रहा है, बाहर खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें बढ़ चुकी हैं तथा दूध और ब्रेड जैसी जरूरी वस्तुएं भी महंगी हो गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रुपया लगातार कमजोर होकर 97 के स्तर तक पहुंच गया है और सरकार जनता को वास्तविक आंकड़ों से दूर रख रही है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी पहले 60 दिन, फिर 60 महीने मांगते रहे और अब वर्ष 2047 तक का समय मांग रहे हैं, लेकिन बीच के आर्थिक आंकड़ों पर जवाब नहीं देते।

देश संकट में है और प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर हैं: प्रमोद तिवारी

नई दिल्ली। कांग्रेस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्तमान विदेश दौरे की आलोचना करते हुए कहा है कि देश भीषण गर्मी, महंगाई और ईंधन संकट से जूझ रहा है, जबकि प्रधानमंत्री विदेश यात्राएं कर रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि पूरे देश में लोग लू और गर्मी से परेशान हैं, पेट्रोल-डीजल का संकट गहराता जा रहा है और दवाइयों की दुकानों तथा कोरियर सेवाओं से जुड़ी हड़तालों के कारण मरीजों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई और बेरोजगारी ने 40 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि जब रोम जल रहा था, तब नीरो बांसुरी बजा रहा था, उसी तरह आज देश संकट में है और प्रधानमंत्री विदेश भ्रमण में व्यस्त हैं।

अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की गई जान

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। दिल्ली देहरादून हाईवे के बिलासपुर कट के निकट तेज गति से आयी रोडवेज बस की टक्कर लगने से परचूनिया की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने चालक परिचालक को अपने कब्जे में कर लिया है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के निकटवती गांव शेरनगर निवासी 60 वर्षीय धर्म सिंह परचून की दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। घटना मंगलवार की है। धर्म सिंह मोपेड द्वारा परचून का सामान खरीदने के लिए शहर गया था। शाम के समय जब 7.30 बजे सामान खरीदकर अपने गांव लौट रहा था तो खूनी बन चुका विलासपुर कट के पास एक हादसा हो गया। बताया जाता है कि परचूनिया सडक पार कर रहा था कि अचानक दिल्ली की ओर से तेज गति से आयी रोडवेज बस ने उसको टक्कर मारी। तेज गति की बस की टक्कर लगते ही धर्म सिंह दूर जाकर गिरा और लहूलुहान हो गया। घटना के बाद राहगीरों व ग्रामीणो की भीड इकट्ठा हो गयी। परचूनिया को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया लेकिन मौके पर ही उसकी सांसे थम चुकी थीं सूचना के बाद टीबीनगर चौकी की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को मोर्चरी पर रखवा दिया उधर पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया और चालक भी पुलिस हिरासत में है। जैसे ही यह खबर परिवार को लगी तो यहां कोहराम मच गया।

वहीं दूसरी ओर एक घटना खतौली क्षेत्र की बतायी गई है। बताया जाता है कि दुर्घटना में घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन हालत गंभीर बताते हुए डाक्टरों ने उसे मेरठ रैफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही हादसे में घायल युवक की मौत हो गई।

पुलिस ने मोबाईल व कागजों के आधार पर मृतक की पहचान जनपद बुलंदशहर के थाना अनूपशहर गांव बिचौला के 30 वर्षीय हरेन्द्र शर्मा पुत्र रविन्द्र शर्मा के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक हरेन्द्र शर्मा दिल्ली देहरादून हाईवे स्थित खतौली क्षेत्र में एक होटल मे कार्य करता था और दुर्घटना के समय वह सडक पार कर रहा था जहां वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया। एक अन्य घटना रेलवे सटेशन की भी बतायी जा रही है। यहा पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे प्लेटफार्म पर एक युवक बेहोशी की हालत में प्लेटफार्म पर पडा है। जहां आरपीएफ ने उसको जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। मृतक के पास कुछ कागज बरामद हुए है। इसी के आधार पर उसकी पहचान 35 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी थाना भूपत ग्राम अथाई के रूप में की गई। आरपीएफ व अस्पताल के कर्मचारियोंवे सम्बन्धित थाने की पुलिस ने इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी हैं

युवक की हत्या पर ग्रामीणों का अस्पताल में हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

मोरना। थाना क्षेत्र के गांव सीताबपुरी निवासी युवक आकाश चौहान की पीटकर कर हत्या करने व शव को गंगा नदी में डाल देने का आरोप लगाते हुए मृतक की माता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीँ आरोपियों की तुरन्त गिरफ्तारी की मांग को लेकर भोपा अस्पताल में धरना प्रदर्शन कर घण्टो हंगामा काटा।पुलिस ने चौबीस घण्टे में आरोपियों को गिरफ्तार करने के आश्वासन धरना प्रदर्शन समाप्त कराया व शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्र गांव सिताबपुरी में बुधवार की सुबह आकाश अपनी माता अन्तरेश के साथ खेत पर सिंचाई करने गया था। माता अन्तरेश ने बताया की वह दूसरे खेत में कार्य कर रही थी। उसका पुत्र खेत मे पानी भर रहा था कि गांव के ही दो युवक आए और आकाश के साथ रास्ते मे पड़े हुए सिंचाई के पाइप को हटाने को लेकर कहासुनी होने। आरोपियों ने आकाश के साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने मारपीट कर आकाश की हत्या कर दी व आकाश का शव पास में बह रही गंगा में फेंक दिया।सन्तरेश ने यह देखकर शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गई। वहीं आकाश को भोपा अस्पताल में लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग को लेकर भारी संख्या में ग्रामीण अस्पताल में इकट्ठा हो गए तथा धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया मौके पर पहुंचे सीओ देवव्रत बाजपेयी थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ग्रामीणों को 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक की माता अन्तरेश ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर दी है। क्षेत्राधिकार भोपा देवव्रत वाजपेई ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी नेत्रपाल व उसके भाई कविशर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।जांच के उपरांत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।

रजवाहे में डूबने से युवक की मौत

जानसठ। थाना क्षेत्र के गांव राठौर निवासी एक युवक की गंग नहर से निकल रहे राजवाहे में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। गांव राठौर निवासी हर्ष पुत्र लक्ष्मण उम्र लगभग 20 वर्ष बुधवार को अपने चचेरे भाई अभिषेक पुत्र नंदकिशोर तथा साथी राहुल के साथ गंग नहर से निकल रहे राजवाहे पर नहाने के लिए गया था।

बताया जाता है कि नहाते समय अचानक हर्ष गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव की चपेट में आ गया। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह पानी में डूब गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर युवक की तलाश शुरू की। काफी प्रयासों के बाद हर्ष को राजवाहे से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मुजफ्फरनगर: भाकियू के आरोप के बाद अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमओ व सीएमएस।

मुजफ्फरनगर: सीएमओ को ज्ञापन सौपते भाकियू तोमर के पदाधिकारी।

ससुराल के बाहर धरने पर बैठी महिला सहित तीन का शांति भंग में चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। ससुराल के बाहर धरने पर बैठी महिला, उसका भाई और भाभी को पुलिस की कार्यवाही से गुजरना पडा। शांति भंग में तीनों के खिलाफ कार्यवाही कर दी है। जिसके बाद तीनों को सिटी मजिस्ट्रेट की कोट में लाया गया। कोर्ट में पेशी के दौरान तीनों को कोर्ट में आना पडा जहां सपा नेत्री मोनिका, सुनीता मलिक, व छात्र नेता विशु सहित ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच नोकझोक भी हुई। बता दे कि विवाहिता शिल्पा का काफी समय से अपने पति अमित के एटूजैड स्थित घर के बाहर धरने पर बैठी थी। यहां पर महिला ने भूख हडताल करते हुए न्याय मांगा था जहां उसको सिटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में लाया गया तो महिला बेहोश हो गई। इसके बाद तीनों लोगों को जेल भेज दिया गया। इस दौरान थाने से लेकर कोर्ट तक लोगों की भीड़ इकट्ठा रही। लोगों ने इस कार्यवाही पर नाराजगी जताई।

बता दे कि जेल गई महिला कई रोज से ससुराल के गेट के बाहर धरना दे रही थी। महिला ने ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाये थे। इस मामले की जांच पडताल पुलिस द्वारा की जा रही थी।

सीएमओ कार्यालय के बाहर भाकियू तोमर का धरना

भ्रष्टाचारी के आरोप,डॉक्टर पर घर मरीज देखने का भी लगाया आरोप, सीएम ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। कई रोज से जिला अस्पताल पूरी तरह चर्चाओं में है। कही भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी के आरोप लग रहे है तो कही ओपीडी में देर से पहुंचने और अपने घर मरीजों को देखने के डाक्टरों पर आरोप लगाये जा रहे हैं। बुधवार को भी भाकियू तोमर ने सीएमओ कार्यालय के बाहर काफी देर धरना प्रदर्शन करते हुए अस्पताल में भ्रष्ट्राचारी व रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया। इतना ही नही धरने पर बैठे भाकियू तोमर के पदाधिकारियों न कहा कि यहां के सीनियर डाक्टर ओपीडी में देर से आते है या कम बैठते है और अपने घर मरीजो को देखते है। इसके बाद सीएमओ व सीएमएस ने अस्पताल के वार्डो में ही नही ओपीडी का भी निरीक्षण करते हुए यहां भर्ती मरीज व तीमारदारों से उनकी समस्याएं पूछी और उन्होंने साफ कहा कि अस्पताल में भ्रष्ट्राचारी और रिश्वतखोरी के मामलो को बर्दाश्त नही किया जायेगा। दोनों अधिकारियों ने चेतावनी तो दे दी है, लेकिन इसका असर कितना पडता है ये तो आने वाला समय बतायेगा।

बुधवार को भाकियू तोमर के कार्यकर्ताओं ने सीएमएस के कार्यालय के बाहर धरना दिया। यह धरना राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. संजीव तोमर के आह्वान पर दिया गया था।

उन्होंने जिला अस्पताल में व्यापक भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं पर कडी नाराजगी जताई। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं का कहना था कि असपताल में बिना रिश्वत के कोई काम नही हो रहा है। उन्होंने अल्ट्रासाउण्ड, सिटी स्कैन की जांच पर भी भ्रष्ट्राचार के आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि प्रसव (डिलीवरी) अल्ट्रासाण्ड के 400 से 500 रूपये तक लिये जाते है और ज्वाईनिंग के लिए 20 से 30 हजार रूपये तक की वसूली की जाती है। उन्होंने यह भी मुद्दा उठाया कि झगडो के मामलो में मोटी रकम लेकर फर्जी डाक्टरी की जाती है जिससे पुलिस को मजबूर होकर रिपोर्ट लिखनी पडती है और निर्दोष होकर दूसरे पक्ष को कानूनी कार्यवाही का सामना करना पडता है। उन्होंने बाहर से जांच कराने, बाहर की दवाईयां लिखने के बारे में कहा कि मोटी रकम लेकर यहां पर ऐसा किय जाता है। ऑपरेशन थियेटर पर भी गंभीर सवाल उठाये।

कलेक्ट्रेट में प्रधानों ने किया प्रदर्शन

सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन, पंचायत चुनाव कराने की मांग

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश में पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने चुनाव बढाने की संभावना के चलते ग्राम प्रधानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर पंचायत चुनाव समय पर कराने की मांग की है। इस दौरान भारी मात्रा में प्रधान उपस्थित रहे। प्रधानों ने चेतावनी दी कि यदि चुनाव का कार्यक्रम जल्द घोषित नही किया गया तो आन्दोलन होगा।

जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष सतेन्द्र बालियान के नेतृत्व में बुधवार को ग्राम प्रधान पहुंचे कलेक्ट्रेट में पहुंचने पर ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। ऐसे में सविधान और लोकतान्त्रिक व्यवस्था के अनुरूप समय पर चुनाव कराना सरकार की जिम्मेदारी है। यहां पहुंचे प्रधानों ने कहा कि पंचायते ग्रामीण विकास की अहम इकाई है और गांव में सडक नाली, पेयजल, सफाई, स्टीट लाईट तथा अन्य विकास योजनाओं का संचालन पंचायतों के माध्यमों से होता है। ऐसे में चुनाव देरी से होने पर विकास कार्य प्रभावित होंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर पडेंगी। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान प्रधानों ने नारेबाजी भी की। उनका कहना था कि पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद गांव में विकास कार्य की गति धीमी पड जायेगी। और प्रदेश सरकार द्वारा 26 मई से गांव प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने पर गांव पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने की तैयारी भी कर रहा है। प्रधानों और उम्मीदवारों का कहना है कि यदि पंचायत चुनाव समय पर नही कराये गये तो गांव में जनप्रति. निधियों की भागीदारी समाप्त हो जायेगी और ग्रामीण और जनता की समस्याओं का समाधान भी नही होगा। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द स्थिति स्पष्ट करेंगे और संवैधानिक समय पर चुनाव प्रक्रिया शुरू करे।

किसान दिवस में दिखा बिजली विभाग पर किसानों का आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। आयोजित किसान दिवस के दौरान भरतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष नवीन राठी पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि यदि समस्या का जल्द समाधान नही हुआ तो बिजली विभाग के दफ्तरों पर ताले जड दिये जायेंगे।

जिला पंचायत सभागार में एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में आयोजित हुई किसान दिवस पर किसानों की समस्याओं को लेकर काफी बहस हुई और यहां हंगामा भी चला। किसानों ने गन्ना भुगतान, बिजली, प्रदूषण और कृषि विभाग से सम्बन्धित कई मुद्दो को उठाया और बिजली विभाग से जुडा मामला बैठक में सबसे ज्यादा गर्माया इस दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने आरोप लगाया कि जनपद में बिजली की व्यवस्था बिल्कुल चरमराई हुई और उन्होंने बिजली विभाग में भ्रष्टाचारी सबसे अधिक बतायी। उन्होंने कहा कि अधिकारी गांव में किसानों से बडे बडे दावे करते है लेकिन जमीनी स्तर पर किसी भी समस्या का समाधान नही होता। नवीन राठी ने बिजली की चरमराई स्थिति जैसे बिजली कटौती, फूंके हुए ट्रांसफार्मर, गलत बिलिंग और अन्य मुद्दे भी उठाये। उन्होंने सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। पीनना निवासी सुमित मलिक ने पेपर मिलों में फैले प्रदूषण का मुद्दा उठाया।

मुजफ्फरनगर: किसान दिवस पर अपने विचार रखते किसान नेता।

कैमिस्टों का ऑनलाईन फार्मेसी के विरुद्ध प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। दवा विक्रेताओं ने ऑनलाईन फार्मेसी और कारपोरेट कम्पनियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को जिला कैमिस्ट एसिऐशन के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी पंकज प्रकाश राठौर को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप है कि ऑनलाईन फार्मेसी प्लेट फार्म नियमों की अनदेखी कर दवाई की बिक्री कर रहे है। जिससे छोटे दवाई विक्रेताओं का कारोबार प्रभावित हो रहा है और जन स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है।

उन्होंने कहा कि बिना भौतिक सत्यापन के दवाओं की ब्रिकी से फर्जी प्रिस्क्रिप्शन का उपयोग बढ रहा है। जिससे एंटीबायोटिक्स और नशीली दवाओं की अनियन्त्रित उपलब्धता समाज के लिए खतरा बन रही है। ज्ञापन में कहा कि बडे कारपोरेट घराने डीप डिस्काउंट देकर बाजार का सन्तुलन बिगाड रहे है। इसका सर्वाधिक प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र और शहर से सटे छोटे मैडिकल संचालकों पर पड रहा है।

प्रतिनिधि मंडल ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को नही माना तो आन्दोलन के लिए मजबूर होना पडेगा। उन्होंने कारोबार में सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की नीति के लिए अपील भी की।

एक करोड़ की प्रतिबन्धित दवाई के साथ तीन दबोचे

मुजफ्फरनगर। जनपद पुलिस नशे के कारोबार और प्रतिबन्धित दवाई के तस्करों पर भारी पड रही है। पुलिस लगातार इस धंधे में लिप्त लोगों को जेल भेज रही है। बुधवार को भी खालापार पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबन्धित नशीली दवाई बरामद करना बताया है। दवाई की कीमत एक करोड से अधिक की बतायी गई है और इस इस्पासमोर ब्रांड कम्पनी के भारी मात्रा में ट्रामाडोल कैप्सूल व एक कार बरामद की है।

पुलिस लाईन के सभागार कक्ष में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि खालापार प्रभारी निरीक्षक बबलू सिंह ने चैकिंग के दौरान संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली तो उसमे दो काटूनों में प्रतिबन्धित नशीले कैप्सूल बरामद हुए। इस दौरान पुलिस ने अश्वनी शर्मा निवासी जैन नगर खतौली और विनोद कुमार निवासी दयालपुरम खतौली को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि इनका एक बडा गिरोह है जो प्रतिबन्धित दवाई मंगाकर अलग-अलग स्थानों पर सप्लाई करता है। इस गिरोह ने

आरएस इन्टरप्राईजेज नाम से फर्म बनाकर दस्तावेज के माध्यम से इसका कारोबार कर रखा है। यह गिरोह ट्रांसपोर्ट के माध्यम से प्रतिबन्धित दवाई मंगाते है और इन्होंने सुजडू के निकट खण्डरहरनुमा गोदाम में करीब 52 कार्टून छिपा रखे है। पुलिस ने यहा भी छापा मारा और इनके साथी यशपाल ग्रोवर निवासी गांधी कालोनी को गिरफतार किया है। पुलिस ने यहां से एक करोड से अधिक की प्रतिबन्धित दवाई बरामद की। एसएसपी ने बताया कि ट्रामाडोल कैप्सूल प्रतिबन्धित है और पुलिस ने इसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

पशुओं की कमी के बावजूद भी दूध की भरमार

सोया ऑयल, डिटरजेंट पाउण्डर, शीरा पाउण्डर, ग्लूकोज से भी बन सकता है दूध

सलाउदीन अब्बासी

मुजफ्फरनगर। खेत खलियान के साथ पशुओं की सख्या भी धीरे-धीरे कम हो रही है। किसी भी राज्य और जनपद में जाये तो जिस तरह खेती की धरती रिहाईशी एरिया में आ गई है इसी तरह पशु और उनकी डेयरी भी कही-कही देखने को मिलेगी। यदि पहली मिसाल दी जाये तो जब गांव में रिश्तेदारी में जाते थे तो दोपहर के समय मट्ठे का बडा गिलास पीने को मिलता था और रात के समय दूध का प्याला मिलता था। लेकिन जैसे-जैसे खेत खलियान अब कम हो रहे हैं, इसी तरह दूध की भैंस व गाय दूर-दूर तक देखने को नही मिल रही है। ऐसा भी नही है कि दूध की भैंस-गाय या डेयरी एकदम खत्म हो गई है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर जनता के लिए इतना दूध कहां से आ रहा है। कई बार सम्बन्धित विभाग के छापे के दौरान यह सामने आया कि कैमिकल पाउण्डर, दूध, मावा पनीर बरामद हुआ। यदि इस सवाल को ही उठाया जाये कि किसी भी शादी ब्याह में चाहे कितना भी दूध, मट्ठा, पनीर और मावा ले लो उतना ही किसी भी डेयरी से उपलब्ध हो जायेगा। इस बात को कोई नही उठाता कि आखिर इतनी दूध की खपत कहां से होती हैं क्या यह चीजे मिलावटी होती है। यूपी के कई स्थानों पर देखने को मिला है कि डिन्डजन्ट पाउण्डर व अन्य कैमिकलों से मिन्टो में दूध तैयार किया जा सकता हैं। आये दिन दूसरे जनपद व राज्यों के ऐसे मामले देखने व पढने को मिलते है, जहां डिन्डरर्जट,सोया ऑयल आदि से दूध जैसे प्रोडक्ट तैयार होते है। हम किसी कम्पनी व किसी डेयरी की बात नही कर रहे है हम तो मिलावटखोरों की बात कर रही है।

कुछ विशेषज्ञ बताते है कि एक बर्तन में सोया ऑयल और डिन्डरर्जण्ट को हाथों से रंगडे इस सफेदपोस्ट को 60 लीटर पानी में पिलाये, ऊपर से 20 लीटर शुद्व दूध, 2 किलो शीरा पाउण्डर या ग्लूकोस मिलाये, गाढा करने के लिए स्किम्ड पाउण्ड मिलाये बस कुछ ही मिन्टो 80 लीटर सिन्थेटिक दूध तैयार है। यानि एक लीटर नकली दूध 20 रूपये में तैयार हो जाता है। कई राज्यों में सामने आया है कि वहां पर 1400, 450,800,500 लीटर तक नकली दूध पकड़ा गया। पता चला है कि सिन्थेटिक दूध बनाने के लिए अलग-अलग चीजे होती है। यूरिया भी काम करता है और कुल मिलाकर 80 लीटर का 20 लीटर दूध बन जाता है। कुछ लोगों का कहना है कि दूध बनाने के लिए पहले डालडा और सर्फ को मिलाकर आपस में मलते है। इसके बाद चूना डाला जाता है। फिर एक लीटर दूध डाला जाता है। इसके बाद 40 से 50 लीटर दूध तैयार किया जा सकता है। इसका उदाहरण भी साफ है कि कुछ राज्यों व जनपदों में सम्बन्धित विभाग द्वारा मारे गये छापे से इस तरह के खुलासे हुए है।

मुजफ्फरनगर में चढ़ा पारा, हीट स्ट्रोक का हाई अलर्ट

प्रशासन की चेतावनी- दोपहर के तीन घंटे सबसे खतरनाक, लापरवाही पड़ सकती है जान पर भारी

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। मई की तपती दोपहर में पारा चढ़ने के साथ ही हीट स्ट्रोक का खतरा भी तेजी से बढ़ गया है। इसी को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विस्तृत एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार ने बताया कि इस मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। खासतौर पर छोटे बच्चों और जानवरों को बंद गाड़ियों में छोड़ना बेहद खतरनाक है, क्योंकि कुछ ही मिनटों में गाड़ी का तापमान असामान्य रूप से बढ़ जाता है।

शरीर पर सीधे असर डाल रही गर्म हवाएं: प्रशासन के मुता. बिक लंबे समय तक तेज धूप में रहने से शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाता है, जिससे हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती है। इसके लक्षणों में कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, घबराहट, उल्टी, तेज पसीना आना और बेहोशी शामिल हैं। ऐसे लक्षण नजर आने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

दोपहर में बाहर निकलने से बचें: एडवाइजरी में लोगों को दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी गई है। यदि बहुत जरूरी काम हो तभी बाहर निकलें। बाहर निकलते समय सिर और चेहरे को ढककर रखें तथा छाते या गीले कपड़े का इस्तेमाल करें।

प्रशासन ने कहा है कि सूती और ढीले कपड़े पहनें, तंग कपड़ों से बचें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। नींबू पानी, छाछ और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है।

बासी भोजन और लापरवाही से बढ़ सकता है खतरा: गर्मी के मौसम में भोजन जल्दी खराब हो जाता है। प्रशासन ने लोगों को बासी और संक्रमित भोजन से दूर रहने की हिदायत दी है।

सरकारी दफ्तरों में प्राथमिक उपचार किट अनिवार्य: अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि किसी कार्यालय में फर्स्ट एड किट उपलब्ध नहीं पाई गई तो संबंधित विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

घर और कार्यस्थल को ठंडा रखने की सलाह: लोगों को घरों में पर्दों का इस्तेमाल करने, दिन में खिड़कियां बंद रखने और शाम के समय उन्हें खोलने की सलाह दी गई है ताकि घर का तापमान नियंत्रित रहे। पंखे, गीले कपड़े और बार-बार स्नान करने को भी फायदेमंद बताया गया है।

इंसानों के साथ पशु-पक्षियों की भी चिंता: लोगों से कहा गया है कि घरों के बाहर, छतों और बालकनी में पानी से भरे बर्तन रखें।

पानी गर्म होने पर उसे बदलते रहें ताकि परिंदों और पशुओं को राहत मिल सके।

24 घंटे सक्रिय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर: कलेक्ट्रेट स्थित इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति या सहायता के लिए लोग टोल फ्री नंबर 1077, 0131-2436918 और 9412210080 पर संपर्क कर सकते हैं।

54वें दिन की गई दलित ग्रामीण की रिपोर्ट दर्ज

घर में घुसकर परिवार संग की गई थी मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

फुगाना। आखिरकार 54वें दिन फुगाना पुलिस को पीडित दलित ग्रामीण पर दया आ ही गयी। अपने उच्च अधिकारियों की फटकार पड़ते ही फुगाना पुलिस ने कुल 2 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन पीडित की तहरीर को दरकिनार करते हुए अन्य 4 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं किया। सभी दैनिक शाह टाइम्स ने पीड़ित की पीड़ा को छह दिन पूर्व प्रका. शित किया तो उच्च अधिकारियों के संज्ञान में पूरा मामला आया। तब जाकर पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज तो हुई लेकिन बाकी 4 आरोपियों के नाम दर्ज तक नहीं किए गये। फुगाना थाना क्षेत्र के ग्राम हबी. बपुर सीकरी निवासी दलित ग्रामीण मोहन पुत्र पूरन सिंह ने बीती 18 मई को एक बार फिर फुगाना पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर के अनुसार बीती 26 मार्च को वह मजदूरी के सिलसिले में घर से बाहर था।

घर पर उसकी पत्नी, पुत्री व पुत्र सागर, वंश मौजूद थे। आरोप था कि दोपहर में सागर दवाई लेने डॉक्टर के पास जा रहा था। गांव के इस्लाम व इकराम पुत्रगण मकसूद, शाहवेज व जावेद पुत्रगण इस्लाम, फारूख पुत्र इकराम व शहनाज़ पत्नि इस्लाम ने उसे रास्ते में रोक लिया। तहरीर में आरोप है कि सभी ने तमंचे के बल पर सागर संग मारपीट की। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और सागर को छुड़ाकर घर भेज दिया। मोहन का आरोप है कि इसके बाद सभी एकराय होकर उसके घर में घुसे और जाति सूचक शब्द कहकर परिवार संग मारपीट की। तहरीर में महिला के साथ धक्का मुक्की और अभद्रता करने का भी आरोप है। पीड़ित मोहन का कहना है कि आरोपियों ने धमकी दी कि पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे। मोहल्ले के लोगों ने बीच बचाव कर परिवार को बचाया। घटना के बाद परिवार डर के कारण बाहर चला गया था। अब उसी दौरान पुलिस ने इस्लाम व इकराम का शांति भंग में चालान कर दिया था। अब जो रिपोर्ट 54वें दिन दर्ज की उसमें दो के विरुद्ध ही रिपोर्ट दर्ज की गयी जबकि तहरीर के अनुसार बाकी 4 आरोपियों का दर्ज हुई रिपोर्ट में नाम ही नहीं है। पीड़ित ने सीओ फुगाना से अन्य आरोपियों का भी नाम दर्ज करने की मांग की है।

बीएससी टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर (स्वायत्तशासी) के द्वारा घोषित बी.एससी. टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट प्रथम सेमेस्टर में भाव्या सिंघल ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं साक्षी बालियान ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं कशिश मलिक ने 81.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों को दिया। छात्राओं ने बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन, कठिन परिश्रम एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन

से यह सफलता प्राप्त की है।

इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम एवं सकारात्मक सोच से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर (स्वायत्तशासी) की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल एवं पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी एवं मैनेजमेंट विभाग की डीन डॉ.श्वेता राठी ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा विभाग के शिक्षकों द्वारा किए गए मार्गदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक गण रूबी पोसवाल, ईशा अरोरा, डॉ. शालिनी, दीपश्री, आयशा गौर एवं सानिया आजाद ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

छपार। बुधवार को कालेज में राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश,संस्कृति विभाग एवं राष्ट्रीय कला मंच मेरठ प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में 20 दिवसीय कला कार्यशाला के समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापित रामलाल प्रतिमा के डिजाइनर कलाकार डाक्टर सुनील कुमार ब्विकर्मा व विशिष्ट अतिथि दुर्जन सिंह राणा सदस्य राज्य ललित कला अकादमी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं द्वारा तैयार चित्रकला,क्राफ्ट,रंग संयोजन एवं

विभिन्न कलात्मक कृतियों की आकृष्ट प्रदर्शनी लगाई गई।सुनील कुमार ब्विकर्मा द्वारा कैनवास पर स्वामी विवेकानंद का चित्र बनाकर विधार्थियों को कला की बारीकियों से अवगत कराया। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने कहा कि कला विधार्थियों के जीवन में रचनात्मकता, अनुशासन एवं आत्मब्विवास का विकास करती है। हाईस्कूल में हार्दिक ने प्रथम, शगुन द्वितीय व अक्षु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर में आराध्या ने प्रथम,भारती त्यागी द्वितीय व वॅशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

किसान रजिस्ट्री सेवक का आयोजन

जानसठ। तहसील क्षेत्र के ग्राम अहरोड़ा सचिवालय में बुधवार को किसान रजिस्ट्री शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराया। शिविर का उद्देश्य किसानों को भूमि अभिलेखों, किसान रजिस्ट्री और सरकारी योजनाओं से संबंधित परेशानियों से राहत दिलाना रहा। अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण किया गया। शिविर में विशेष रूप से उन किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया जिनके नाम, भूमि के अंश अथवा गाटा संख्या में त्रुटियां दर्ज थीं। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक सुधार प्रक्रिया पूरी कराई। इसके अलावा जिन किसानों की केवल एक गाटा संख्या ही किसान रजिस्ट्री में दर्ज थी, उनके अन्य गाटों का भी सफलतापूर्वक पंजीकरण कराया गया, जिससे किसानों में संतोष और खुशी देखने को मिली। किसानों ने बताया कि पहले छोटी-छोटी त्रुटियों को ठीक कराने के लिए उन्हें तहसील के कई चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन इस शिविर के माध्यम से गांव में ही उनकी समस्याओं का समाधान हो गया।

सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र पप्पन उम्र 40 वर्ष व उसकी पत्नी ममतेश उम्र 38 वर्ष मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। व असामाजिक लोगों के साथ उनका उठना बैठना है। समझाने के बावजूद भी पप्पन व ममतेश मेरा कहना नही मानते है। मेरे साथ दुर्व्यवहार करते है। इसलिए मैने व मेरे परिवार वालों ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र पप्पन व उसकी पत्नी ममतेश को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य, लेन-देन व वाद-विवाद की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी ये अपने कृत्य, लेन देन व वाद विवाद के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

शीले सिंह पुत्र बारू सिंह निवासी ग्राम मलकपुरा थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर

सूचना

मेरा वास्तविक नाम राशीदा प्रवीन (RASHIDA PRAVEEN) है। किन्तु भूल और अज्ञानतावश मेरे पासपोर्ट(J0514524) में मेरा नाम राशिदा (RASHEEDA) है। जबकि मेरे समस्त प्रमाण प्रत्रों में मेरा नाम राशीदा प्रवीन (RASHIDA PRAVEEN) है। पासपोर्ट में मेरा नाम शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

राशिदा प्रवीन पत्नी शमशाद अहमद निवासी 145 दक्षिणी खालापार, मुजफ्फरनगर मो.न-9358908436

भूड़ बाग बस्ती की बदहाली बनी मुसीबत

शाह टाइम्स सवांददाता

खतौली। इस्लामाबाद क्षेत्र की भूड़ बाग बस्ती इन दिनों बदहाल सफाई व्यवस्था और जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रही है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि बस्ती की गलियां तालाब जैसी दिखाई देने लगी हैं। सड़कों पर जमा गंदे पानी और चारों ओर फैली गंदगी ने लोगों का सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसों से मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण अब समस्या विकराल रूप ले चुकी है।

बस्ती के मुख्य रास्तों और गलियों में गंदा पानी भरा रहने से लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें रोजाना गंदे पानी और कीचड़ से होकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। कई अभिभावकों ने चिंता जताई कि इस माहौल का बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। वहीं नौकरीपेशा लोगों और मजदूरी करने वाले श्रमिकों को भी रोजाना भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, बस्ती में लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और नालियां चोक होकर ओवरफ्लो हो रही हैं। इससे पूरे क्षेत्र में बदबू फैल रही है तथा मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। लोगों का कहना है कि गंदगी के कारण बुखार, त्वचा रोग और संक्रमण जैसी बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है, खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर इसका अधिक असर पड़ रहा है।स्थानीय निवासियों ने ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि हर बार केवल आश्वासन देकर मामला शांत कर दिया जाता है, जबकि धरातल पर कोई सुधार दिखाई नहीं देता। बस्तीवासियों ने यह भी कहा कि वर्षों से सड़क निर्माण और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं कराई गई। सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए बजट जारी किए जाने के बावजूद इलाके की स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर विकास योजनाओं का लाभ आम जनता तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कराने, जल निकासी और सफाई की स्थायी व्यवस्था कराने तथा लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

सांसद इकरा हसन से कथित अभद्रता पर सपा कार्यकर्ताओं में रोष

शाह टाइम्स सवांददाता

खतौली। कैराना लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन के साथ सहारनपुर में कथित अभद्रता और हिरासत में लिए जाने की घटना को लेकर खतौली में सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

बताया गया कि मंगलवार को सांसद इकरा हसन सहारनपुर के जसाला गांव की एक पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लिए डीआईजी कार्यालय पहुंची थीं। महिला के बेटे मोनू कश्यप की हत्या हो चुकी है। आरोप है कि डीआईजी कार्यालय में पीड़ित महिला के साथ संवेदनहीन व्यवहार किया गया, जिसका सांसद ने विरोध किया।

सपा नेताओं के अनुसार विरा. `ध के दौरान पुलिस और सांसद के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद पुलिस ने यातायात बाधित करने का आरोप लगाते हुए सांसद को हिरासत में लेकर महिला थाने भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और नेता थाने पहुंच गए। विरोध बढ़ता देख कुछ समय बाद सांसद को रिहा कर दिया गया। घटना के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। नेताओं का कहना था कि जब एक निर्वाचित महिला सांसद के साथ इस प्रकार का व्यवहार हो सकता है, तो आम जनता की सुरक्षा और सम्मान पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। सपा नेताओं ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। घटना की निंदा करने वालों में नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी, इरशाद गुर्जर, सैय्यद ताजुद्दीन, अरशद खान, देवेंद्र कुमार, इरशाद जाट, हाजी यूसुफ, दिमाग सिंह, हाजी इकबाल, पंकज सैनी, फैजान खेड़ी, आफाक पठान, अभिषेक गोयल, दानिश काज़ी और समद मिर्ज़ा समेत कई सपा नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

रामचरित मानस और श्रीमद भागवत में मानव जीवन की हर समस्या का समाधान : राघव ऋषि

मीरापुर। नाथ सम्प्रदाय के प्रमुख भूमिया मंदिर में पुरूषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा के विश्राम दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कथा के सातवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे और विधि-विधान से व्यास पूजन कर कथा व्यास राघव ऋषि से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा समापन अवसर पर आयोजन समिति एवं कथा के सेवादारों को माल्यार्पण तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

क्रांति सेना महिला मोर्चा की बैठक

मुजफ्फरनगर। क्रांति सेना महिला मोर्चा की एक बैठक लक्ष्मण विहार स्थित जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी के निवास पर आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के परिवार को बढ़ाना और अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर महिला मोर्चा को मजबूत बनाना रहा। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने संगठन की नीतियों और समाज सेवा से जुड़े कार्यों पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी ने कहा कि महिला शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत है और महिलाओं की भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

बैठक सम्बन्धी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर के विकास खण्ड जानसठ के अन्तर्गत न्याय पंचायत मंदौड में एक नई प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति मंदौड का गठन किया जा रहा है। जिसकी बैठक दिनांक 24-05-2026 दिन रविवार को 11:00 बजे प्रातः ग्राम मंदौड में स्थान-काटका पर होनी है। जो व्यक्ति (पु0/महिला) जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो वह अपने प्रार्थना एवं आधार कार्ड एवं सदस्यता/ प्रवेश शुल्क के साथ उक्त स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चत करें।

विनोद कुमार (मुख्य प्रवर्तक)
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति मंदौड वि0ख0 जानसठ, मु0नगर।

बैठक सम्बन्धी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर के विकास खण्ड जानसठ के अन्तर्गत न्याय पंचायत मंदौड में एक नई प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति सालारपुर का गठन किया जा रहा है। जिसकी बैठक दिनांक 26-05-2026 दिन मंगलवार को 11:00 बजे प्रातः ग्राम मंदौड में स्थान-गुजरेडी माजरा तालडा पर होनी है। जो व्यक्ति (पु0/महिला) जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो वह अपने प्रार्थना एवं आधार कार्ड एवं सदस्यता/ प्रवेश शुल्क के साथ उक्त स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चत करें।

चित्र कुमार (मुख्य प्रवर्तक)
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति मंदौड वि0ख0 जानसठ, मु0नगर।

बैठक सम्बन्धी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर के विकास खण्ड जानसठ के अन्तर्गत न्याय पंचायत मंदौड में एक नई प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति तिसंग का गठन किया जा रहा है। जिसकी बैठक दिनांक 26-05-2026 दिन मंगलवार को 11:00 बजे प्रातः ग्राम मंदौड में स्थान-राजपुर कलां पर होनी है। जो व्यक्ति (पु0/महिला) जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो वह अपने प्रार्थना एवं आधार कार्ड एवं सदस्यता/प्रवेश शुल्क के साथ उक्त स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चत करें।

अनमोल (मुख्य प्रवर्तक)
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति मंदौड वि0ख0 जानसठ, मु0नगर।

डीजे की धुन पर थिरके नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएं

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। कस्बे के दयानंद इंटर कालिज में बुधवार सुबह से ही अलग नजारा देखने को मिला। नन्हे मुन्ने बच्चे रंग बिरंगी ड्रेस पहनकर जब विद्यालय पहुंचे तो पूरा कैंपस खुशियों से खिल उठा। मौका था दयानन्द विद्यालय में समर कैंप के शुभारंभ का जिसकी शुरुआत डांस पार्टी के साथ हुई। समर कैंप के पहले दिन सुबह से ही बच्चों में गजब का उत्साह था। डीजे पर बजते फिल्मी व बच्चों के पसंदीदा गानों पर छोटे छोटे बच्चों ने जमकर डांस किया। किसी ने नन्हा मुन्ना राही हूं पर स्टेप्स दिखाए तो कोई लकड़ी की काठी पर थिरका। अभिभावक भी बच्चों की मस्ती देखकर मुस्कुराते नजर आए। विद्यालय प्रबंधन ने बताया 15 दिन तक चलने वाले इस कैंप में बच्चों को डांस,

संगीत, आर्ट क्राफ्ट, योग, खेलक. द व पर्सनैलिटी डेवलपमेंट जैसी एक्टिविटी कराई जाएंगी। गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग कर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर रहेगा। विद्यालय प्रबंधक तेजपाल सहरावत ने कहा कि आज के दौर में सिर्फ किताबी ज्ञान काफी नहीं है।

बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारना भी हमारी जिम्मेदारी है। समर कैंप इसी सोच का नतीजा है। विद्यालय संचालिका उमेश सहरावत ने कहा हमारा प्रयास है कि बच्चे छुट्टियों में मोबाइल टीवी से दूर रहकर कुछ नया सीखें। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कैंप की रूपरेखा बताते हुए अभिभावकों का आभार जताया। यहां सहायक अध्यापक सोनू कुमार, अनिता, सीमा समेत पूरा स्टाफ मौजूद रहा। स्टाफ ने बच्चों संग डांस कर उनका हौसला भी बढ़ाया।

बैंगलौर की प्रतिष्ठित क्यू स्पाइडर्स में एसडी इंजी. के छात्रों का चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने हेतु आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव ने एक बार फिर संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण प्रणाली को प्रमाणित किया है। इस अवसर पर बैंगलूरू की प्रतिष्ठित कंपनी क्यू-स्पाइडर्स ने संस्थान के विद्यार्थियों को चयनित किया।

कॉलेज के प्लेसमेंट सैल द्वारा आयोजित इस ड्राइव में कुल 31 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों में संपन्न हुई, जिसमें प्री-प्लेसमेंट टॉक, असेसमेंट टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन

तथा पर्सनल इंटरव्यू शामिल रहे। विद्यार्थियों ने प्रत्येक चरण में उत्साह एवं आत्मब्विवास के साथ भाग लेते हुए अपने तकनीकी ज्ञान, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया के उपरांत 09 विद्यार्थियों का कंपनी में चयन किया गया जिसमें निशांत, यश पांचाल, अनंत कुमार, वैभव, रजत निरवाल, सार्थक बंसल, अना. मिका गर्ग, अंशिका सैनी एवं रुहाना परवीन चयनित हुये।कंपनी की एचआर मैनेजर सुश्री मोना. लिसा एवं सुश्री कृतिका ने कहा, एस.डी. इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों में सीखने की उत्सुकता, तकनीकी समझ एवं आत्मब्विवास देखने को मिला। चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान और संचार कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अनुभव कुमार (सचिव) ने कहा कि एस.डी. इंजीनियरिंग का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तकनीकी शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना है।

ज्ञानस्थली स्कूल में गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

मीरापुर। ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद के शपथग्रहण समारोह का आयोजन उत्साह, गरिमा और उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। समारोह में नवगठित विद्यार्थी परिषद के पदा. धिकारियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की शपथ ली।

समारोह में शुभ गुप्ता को हैड बाय तथा अंशिका जैन को हैड गर्ल चुना गया। इसके अलावा विभिन्न जिम्मेदारियों के लिए कुल 59 छात्र-छात्राओं को मनोनीत किया गया। अंश सिद्धार्थ एवं अहमद रजा को वाइस हैड बब्बय तथा ;षिका एवं परी कपासिया को वाइस हैड गर्ल बनाया गया। वद्यालय में अनुशासन व्यवस्था के लिए विधान अग्रवाल एवं यशिका चौधरी को डिसिप्लिन इंचार्ज नियुक्त किया गया। वहीं खेल गतिविधियों के संचालन हेतु मोहम्मद जैद एवं मानवी तेजयान को स्पोर्ट्स इंचार्ज तथा लक्ष्य राजवंशी एवं अवनि देशवाल को कल्चरल इंचार्ज की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया।प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने कहा कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है।

सूचना

मैंने अपना नाम मौ नईम (MOU NAEEM) से बदलकर मौहम्मद नईम (MOHD NAEEM) रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHD NAEEM के नाम से जाना-पहचाना जाए

ADD- MOHD NAEEM S/O VAHEED AHMAD VILL. SAMBHALHERA, PS- MEERAPUR MUZAFFARNAGAR, U.P.251314

सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स02037/ 02.07.12 में गलती से पुत्री का नाम पलक, माता का नाम अंजलि अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम क्रमशः पलक त्यागी व अंजलि त्यागी है और भविष्य मे भी इन्ही नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

अंजलि त्यागी पत्नी राजीव त्यागी निवासी- मलीरा, मुजफ्फरनगर

43 डिग्री की गर्मी में तप का संकल्प: पांच धूणियों के बीच साधना कर रहे पिपलहेड़ा के ग्राम प्रधान

शाह टाइम्स सवांददाता

खतौली। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच जहां आमजन दोपहर में घरों से निकलने से बच रहे हैं, वहीं खतौली क्षेत्र के गांव पिपलहेड़ा में ग्राम प्रधान राज. कुमार भगत उर्फ भगत जी अपनी अनोखी हअग्नि तपस्याह को लेकर लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। 41 से 43 डिग्री तापमान के बीच भगत जी रोजाना जलती धूणियों के मध्य बैठकर तीन घंटे तक साधना कर रहे हैं। गांव स्थित शाकुंभरी मंदिर के निकट चल रही इस तपस्या को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पहुंच रहे हैं। गोबर के उपलों से प्रज्वलित पांच अग्नि धूणियों के बीच शांत मुद्रा में बैठे भगत जी को देखकर लोग आश्चर्य और श्र(ा दोनों व्यक्त कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार यह विशेष तपस्या 20 मई से प्रारंभ हुई है, जो लगातार 41 दिनों तक चलेगी। भगत जी प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अग्निकुंडों के बीच बैठकर हठ योग और ध्यान साधना करते हैं।

तेज धूप, गर्म हवाओं और उड़ती राख के बीच उनकी साधना लोगों के लिए कौतूहल का विषय बनी हुई है। भगत जी का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल व्यक्तिगत तप नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के कल्याण की भावना से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने बताया कि मानव सेवा, जनजागरण और सनातन संस्कृति के संरक्षण की भावना से वह यह साधना कर रहे हैं। उनका मानना है कि आध्यात्मिक ऊर्जा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

ग्रामीणों के मुताबिक भगत जी पहले भी कई कठिन धार्मिक अनुष्ठान और तप कर चुके हैं। उनके पुत्र मोहित ने बताया कि यह उनके पिता की पांचवीं अग्नि तपस्या है। इससे पहले भी वह लंबे समय तक विभिन्न साधनाओं में लीन रह चुके हैं। तपस्या स्थल पर प्रतिदिन श्र(ालुओं की भीड़ जुट रही है। लोग वहां पहुंचकर परिक्रमा कर रहे हैं और भगत जी से आशीर्वाद ले रहे हैं। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि इतनी प्रचंड गर्मी में अग्नि के बीच बैठकर साधना करना असाधारण धैर्य और संकल्प का प्रतीक है।

डॉ. नितिन तोमर के समर्थन में बुढ़ाना पहुंचे भाई

एमएलसी शिक्षक चुनाव:चेयरपर्सन उमा त्यागी के आवास पर मांगे वोट

बुढ़ाना। मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सपा प्रत्याशी डॉक्टर नितिन तोमर के समर्थन में उनक भाई विपिन चौधरी व शिवांशु चौधरी हापुड़ जिले से बुढ़ाना पहुंचे और बुढ़ाना नगर पंचायत अध्यक्षा उमा त्यागी के आवास पर जनसंपर्क किया। दोनों ने अध्यक्षा उमा त्यागी के पति सुबोध त्यागी से मुलाकात कर डॉक्टर नितिन के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने सपा सरकार में शिक्षकों के लिए किए गए कार्यों व अपने संकल्प पत्र की जानकारी दी। सपा नेता सुबोध त्यागी ने डॉक्टर नितिन तोमर को समर्थन देने का आ्वासन दिया और कहा शिक्षक समाज का निर्माण करता है। उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। पुरानी पेंशन बहाली, वित्तविहीन शिक्षकों का मानदेय व तदर्थ शिक्षकों का विनियमित. ीकरण जैसे मुद्दों पर सपा प्रत्याशी के साथ हैं। विपिन ने बताया उनके भाई का मकसद चुनाव जीतने के बाद वर्ष 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाना। वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय व पूर्ण कालिक शिक्षक का दर्जा दिलाना। दर्जा तदर्थ शिक्षकों का विनियमिती करण व नियमित करना। शिक्षा मित्रों को पूर्ण शिक्षक का दर्जा व वेतन और विभागीय भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण करना है। विपिन चौधरी ने बताया कि डॉक्टर नितिन खुद शिक्षक पृष्ठभूमि से हैं। वे शिक्षकों का दर्द समझते हैं। शिक्षक वोटरों से अपील है कि बैलेट पेपर पर नाम के आगे 1 लिखकर उन्हें भारी मतों से जिताएं। अधिवक्ता विनोद त्यागी व कई शिक्षक भी मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

बुढ़ाना। एक 20 वर्षीया नवयुवती के अचानक से लापता हो जाने का मामला प्रकाश मे आया है। नवयुवती के पिता ने अपनी पुत्री को पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए बुढाना पुलिस को एक तहरीर देकर अपनी गायब हुई पुत्री की सकुशल बरामदगी और आरोपी युवक के विरुद्ध कडी कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सफीपुर पटी निवासी एक ग्रामीण ने बुढाना पुलिस को दी एक तहरीर में बतलाया कि बीती 18 मई की रात उनकी 20 वर्षीया पुत्री घर से अचानक से लापता हो गई। आरोप है कि उनके मौहल्ले का ही पड़ोसी आदिल पुत्र कल्लू उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित पिता ने बतलाया कि उन्होंने अपनी गायब पुत्री की पास पड़ोस और रिश्तेदारों में काफी तलाश की लेकिन उनकी पुत्री का कोई भी सुराग नही लग पाया है। तब थक हारकर उसने बुढ़ाना पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। तहरीर में पीडित ने बुढ़ाना पुलिस से आरोपी युवक की रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने और बेटी को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। उधर दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने बतलाया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। युवती की बरामदगी के लिए टीम गठित कर दी गई। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

देवताओं के स्थान की सफाई करने के दौरान मारपीट

फुगाना। थाना फुगाना क्षेत्र के ग्राम फुगाना में देवताओं के स्थान पर सफाई करने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में पीड़ित का पैर टूट गया है। पीड़ित ने 3 लोगों के खिलाफ फुगाना थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर फुगाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम फुगाना निवासी सोदान पुत्र बु(सिंह ने फुगाना पुलिस को दी एक तहरीर में बतलाया कि बीती 15 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे वह अपने बच्चों के साथ अपने देवताओं के स्थान पर सफाई कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान देवताओं के आसपास उगी भांग और झाड़ियों में उसने आग लगा दी थी। इसी बात को लेकर गांव के ही हरि मोहन, विरेन्द्र कश्यप और हरिमोहन का लड़का वंश वहां पर पहुंच गए और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सोदान का आरोप है कि तीनों ने उसे बच्चों के सामने बुरी तरह पीटा जिससे उसके पैरों में गंभीर चोटें आई हैं और एक पैर की हड्डी टूट गई है। घटना के बाद उसने फुगाना थाना में पहुंचकर पुलिस को अपनी आपबीती बताई और आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फुगाना थानाध्यक्ष जयवीर सिंह के अनुसार आरोपियों के विरु(रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

व्यापार मंडल भूड की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

खतौली। भूड़ क्षेत्र स्थित कौशिक पैलेस में बुधवार को व्यापार मंडल भूड (खतौली) की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों व्यापारियों ने भाग लेकर संगठन की एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन शशि छोकर नंबरदार एवं संयम जैन ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर, गुलदस्ते भेंट कर तथा पारंपरिक पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। नई कार्यकारिणी में अरविंद जैन को अध्यक्ष, प्रवीन जैन (टिकरी वाले) को कार्यकारी अध्यक्ष, संयम जैन को महामंत्री, नितिन पाल को कोषाध्यक्ष, सतीश तोमर को मुख्य संरक्षक तथा सौरव जैन को प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में व्यापारियों के हितों को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान व्यापार संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि व्यापारिक भाईचारे और मानसिक व शारीरिक विश्राम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 30 तारीख को भूड क्षेत्र के सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। उपस्थित व्यापारियों ने हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का समर्थन किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी व्यापारियों के सम्मान, अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए सदैव सक्रिय रहेगी। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

खेत में पानी चला रहे किसान पर फावड़े से हमला

रतनपुरी। थाना क्षेत्र में टड्बवेल चलाने को लेकर हुए विवाद में एक किसान के साथ जमकर मारपीट की गई। आरोप है कि दो युवकों ने किसान के सिर पर फावड़े की मूठ से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। पीड़ित के बेटे ने सोमवार को थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस को दी तहरीर के अनुसार बीती 18 मई को रतनपुरी निवासी आनन्द पुत्र अजब सिंह अपने खेत में टड्बवेल से पानी चला रहे थे। तब गांव के अरविन्द उर्फ सोनू पुत्र राकेश व अजय पुत्र तेजवीर वहां आए। सोनू के हाथ में फावड़ा था। आरोप है कि दोनों ने आते ही आनन्द से कहा कि तूने हमारी टड्बवेल क्यों बंद कर दी और गाली गलौज की। इसी बीच अजय ने किसान की कॉलर पकड़ ली। जान से मारने की नीयत से सोनू ने किसान के सिर में फावड़े की मूठ से वार कर दिया। हमले में किसान आनन्द का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गए। शोर मचाकर जान बचाने को वह भागने लगे। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग शोर सुनकर मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना मिलने पर पीड़ित का बेटा खेत पर पहुंचा। पिता को लेकर वह सीधे थाने आया। रतनपुरी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जानसठ/सिखेड़ा। पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध पाक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने आरा. ेपी को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना सिखेड़ा पर दर्ज नाबालिग से दुष्कम ं के मुकदमे में वांछित आरोपी सतीश पुत्र सोमवीर निवासी ग्राम बेहड़ा आसा को गिरफ्तार किया गया।बताया गया कि आरोपी काफी समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए सिखेड़ा फ्लाईओवर के नीचे से आरोपी को दबोच लिया।

13 साल का किशोर 11 मई से लापता

परिजनों ने लगाई पुलिस से गुहार

रतनपुरी। थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव अम्बरपुर से 13 वर्षीय किशोर के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। किशोर 11 मई की सुबह घर से बिना बताए निकला था लेकिन अब तक वापस नहीं लौटा है। परेशान परिजनों ने 18 मई को थाना रतनपुरी में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। गांव अम्बरपुर निवासी अमित पुत्र पीतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 11 मई को सुबह करीब 10 बजे उनका 13 वर्षीय भतीजा कार्तिक घर से बिना बताए गांव में घूमने के लिए चला गया था। शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिवार ने गांव में तलाश शुरू की। परिजनों का कहना है कि उन्होंने अपनी सभी रिश्तेदारी और आसपास के गांवों में भी पता किया लेकिन किशोर का कोई सुराग नहीं लगा। 08 दिन बीत जाने के बाद भी कार्तिक का पता न चलने पर परिवार बेहद परेशान है। परिजनों ने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज कर जल्द तलाश करने की गुहार लगाई है। उधर रतनपुरी पुलिस ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि आसपास के थानों व जिलों में भी किशोर का हुलिया भेजा गया है। सीसीटीवी फुटेज व अन्य सुराग खंगाले जा रहे हैं।

मुजफ्फरनगर-बड़ौत मार्ग का होगा चौड़ीकरण

64 किलोमीटर लंबी सड़क 60 फुट चौड़ी बनेगी

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढाना। मुजफ्फरनगर से बुढ़ाना को निकलकर बड़ौत शहर तक जाने वाले 64 किलोमीटर लंबे मार्ग का जल्द चौड़ीकरण होने वाला है। इस मार्ग पर आए दिन हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए यूपी सरकार ने ये फैसला लिया है। पीडब्ल्यूडी विभाग जल्दी ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरु करेगा। चर्चा है मुजफ्फरनगर से शाहपुर, बुढ़ाना, पुसार को होते हुए बड़ौत तक जाने वाले इस मार्ग को 55 से 60 फुट तक चौड़ा किया जाएगा। सबसे अहम बात ये है कि मुजफ्फरनगर से शाहपुर और बुढ़ाना के बीच सड़क के बीचों बीच डिवाइडर भी बनेंगे। इस मार्ग पर ओवर टेक व आमने सामने की टक्कर से सबसे ज्यादा हादसे होते हैं। डिवाइडर बनने से वाहनों की लेन अलग हो जाएगी जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी। मुजफ्फरनगर बड़ौत मार्ग वेस्टर्न यूपी का काफी व्यस्त रुट है। बुढ़ाना शाहपुर की मंडियां, भसाना गन्ना मिल व बड़ौत की औद्योगिक इकाइयों के कारण यहां भारी वाहनों का दबाव रहता है। सड़क संकरी होने से जाम व हादसे आम बात हो गई थी। लोगों व जन प्रतिनिधियों की लंबे समय से मांग थी कि इस मार्ग को फोर लेन किया जाए। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अनुसार टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वर्षा के बाद काम शुरु हो जाएगा। चौड़ीकरण के बाद मुजफ्फरनगर से बड़ौत तक का सफर न सिर्फ सुरक्षित होगा बल्कि समय की भी बचत होगी। रोजाना अप डाउन करने वाले लोगों ने सरकार के इस फैसले का खुलकर स्वागत किया है।

खाते से उड़ाए 10 हजार

मीरापुर। थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गाड़ी निवासी मुर्तजा पुत्र मोहम्मद अब्बास के बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों द्वारा 10 हजार निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना मीरापुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित मुर्तजा ने बताया कि उसका खाता पंजाब नेशनल बैंक मीरापुर शाखा में है। बुधवार तड़के करीब 3:30 बजे उसके मोबाइल पर खाते से 5-5 हजार कटने के दो मैसेज आए, लेकिन उस समय वह गहरी नींद में था। सुबह उठकर मोबाइल देखने पर उसे खाते से कुल 10 हजार निकलने की जानकारी हुई। एक ट्रांजैक्शन में कुमार राम नाम दिखाई दे रहा था।

कार और ट्रैक्टर की भिड़ंत में तीन हुए घायल

मेरठ करनाल मार्ग पर थाने के निकट हुआ हादसा

शाह टाइम्स संवाददाता

फुगाना। मेरठ करनाल हाइवे पर बुधवार दोपहर फुगाना थाने के पास बड़ा हादसा हो गया। सड़क पार कर रहे ट्रैक्टर से एक कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक समेत दो महिलाएं घायल हो गईं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव खरड़ निवासी सोनी वर्मा बुधवार दोपहर करीब 12 बजे अपनी कार से शामली से अपने गांव लौट रहे थे। कार में उनके परिवार की 60 वर्षीय बाला और 26 वर्षीय युवती सरोज भी सवार थी। फुगाना थाने के पास पहुंचते ही कार सड़क पार कर रहे ट्रैक्टर से टकरा गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास मौजूद राहगीरों और दुकानदारों ने तुरंत कार सवारों को बाहर निकाला। घटना में चालक सोनी वर्मा, बाला और सरोज घायल हो गए। तीनों को तत्काल नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

फुगाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया। फिलहाल थाने में किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

बकरीद को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति व्यवस्था, सफाई व विद्युत आपूर्ति बनाए रखने पर जोर

शाह टाइम्स सवांददाता

खतौली।आगामी ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को खतौली कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल ने की, जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों, मुस्लिम समाज के प्रति. निधियों, ग्राम प्रधानों तथा पालि. का अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल ने कहा कि बकरीद आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है।

उन्होंने लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कुर्बानी सार्वजनिक स्थानों पर न की जाए और सड़क पर नमाज अदा करने से बचा जाए, ताकि यातायात व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द प्रभावित न हो।

उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेषों का निस्तारण पालिका प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों और खुदवाए गए ्ढों में ही किया जाए।

खुले में अवशेष फेंकने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। साथ ही लोगों से अपील की गई कि कुर्बानी से जुड़े फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें।

बैठक के दौरान सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भड़काऊ पोस्टों को लेकर भी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाने की बात कही। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस की सोशल मीडिया सेल लगातार निगरानी कर रही है और माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अपुष्ट सूचना को साझा करने से बचें और किसी भी संदिग्ध सूचना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

इसके अलावा ग्राम प्रधानों को अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

मुस्लिम समाज के प्रति. निधियों ने पालिका अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के समक्ष पानी, बिजली और सफाई व्यवस्था से संबंधित समस्याएं रखते हुए समय रहते समाधान कराने की मांग की।बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने और बकरीद का पर्व आपसी सौहार्द व शांति के साथ मनाने का भरोसा दिलाया।

इस दौरान इमरान हाशमी, हाजी वसीम, हाफिज मौ. शाहदीन, मौ. इस्लाम नगर, हाफिज मौ. इब्राहीम, अहसान, हसीब रांझा, फरीदुद्दीन, मौ. मोम. ीन, सुलेमान मुखियाजी, अशफाक, अरशद अली, मुन्तजिवान, सालिम, शमशाद, मो. फरहान, मो. जीशान वसीम, हारून मालिक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

संगठन का हुआ गठन

मुजफ्फरनगर। गंग नहर, मुजफ्फरनगर की पुरानी ठेकेदार एसोसिएशन भंगकर नई कार्यकारिणी का गठन पदाधिका. रियों व ठेकेदारो द्वारा किया गया।

जिसमें नवनियुक्त अध्यक्ष मनीष अहलावत, कोषाध्यक्ष पद पर ब्रिजेश कुमार व सोनू त्यागी को मंत्री पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान वरिष्ठ ठेकेदार विरेन्द्र सिंह, प्रभात तोमर, राहुल चौधरी, जावेद ठेकेदार, कुंज विहारी, मनोज, कुलदीप खतौली, राजकुमार बुढीना, अनिल त्यागी, मोहसीन रजा, शानू चौधरी, सहेन्द्र गुर्जर, योगेश कुमार, इस्लाम, असलम, अनिल सीमेंट, विनोद चौधरी, शशी गुर्जर, आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष मनीष अहलावत ने पद की शपथ ली व सभी ठेकेदारो को आ्वासन दिया कि वह अपने साथियो की हर मुश्किल में साथ है।

भागवत कथा में बिखरा भक्ति का रस

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। कस्बे के बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के कथा व्यास नमन कृष्ण महाराज ने भगवान के विभिन्न अवतारों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, त्याग और जीवन के वास्तविक मूल्यों का संदेश दिया।

कथा व्यास ने अपने प्रवचन में कहा कि सच्चा संन्यास केवल बाहरी रूप बदलने से नहीं, बल्कि मन, विचार और चित्त की पवित्रता से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने अहंकार, इच्छाओं और कर्मों को ईश्वर के चरणों में समर्पित कर देता है, तभी उसे आत्मिक शांति और जीवन का वास्तविक सुख प्राप्त होता है। उन्होंने वर्तमान समय की भागदौड़ और भौतिकवादी जीवनशैली पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का मनुष्य धन और सुख-सुविधाओं की चाह में मान. सिक संतुलन खोता जा रहा है। ऐसे समय में धर्म और संस्कार ही व्यक्ति को सही दिशा दे सकते हैं। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और देर तक भक्ति गीतों व संकीर्तन में लीन रहे। आयोजन में डॉ. दिनेश चंद्र के डॉ. जयश्री द्विवेदी, डॉ. तनु शर्मा, डॉ. शिवम शर्मा, डॉ. एन.के. त्यागी, रजनीश, बबलू, बिल्लू, प्रवीण प्रधान, कुलदीप त्यागी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इंटरमीडिएट की ब्लॉक टॉपर छात्रा को किया गया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

मोरना। इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त कर ब्लॉक् टॉप करने वाली जेपीएस पब्लिक स्कूल की छात्रा को स्कूल द्वारा मोमेंटो व पुरुष्कृत कर सम्मानित किया गया।साथ ही अन्य छात्र छात्राओ का भी उत्साहवर्धन किया गया।

मोरना में मुज़फ्फरनगर मार्ग पर स्थित जेपीएस पब्लिक स्कूल में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें इंटरमीडिएट की विज्ञान वर्ग की छात्रा अर्श वफ़ा द्वारा 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मोरना ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए ट्रॉफी और मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर कृष्ण कांत शर्मा ने छात्रा अर्श वफ़ा को बधाई देते हुए कहा की यह परिणाम हमारे समर्पित शिक्षकों के प्रयासों और छात्रा की कड़ी मेहनत का परिणाम है। यह लागातर सार्थक परिश्रम बेहतर शैक्षणिक माहौल को दर्शाता है।

विद्यालय प्रबंधक मोहिनी शर्मा ने कहा की छात्रा अर्शवफ़ा ने विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतिभाओं को निखारने वाले अध्यापक स्टाफ व अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। प्रधानाचार्य कपिल शर्मा ने विद्यार्थियों ने कहा की लक्ष्य बनाकर की गयी मेहनत सफलता दिलाती है।विद्यार्थियों को एकाग्र होकर पढ़ना चाहिये। वहीँ छात्रा अर्श वफ़ा ने इस सफलता का श्रेय अध्यापकों,अभिभावकों को देते हुए भविष्य में और बेहतर करने के उद्देश्य को दोहराया। इस अवसर पर संगीता दक्ष, संगीता मेनवाल, निशांत शर्मा, पूजा त्यागी, सुधा भटनागर, मेघा खेवरिया, विनीता शर्मा, दीपिका, तनु धीमान, निकिता, सृष्टि, शिवा, शिवानी सैनी, पूजा शर्मा, आस्था, स्वाति, शिवानी चौहान, अपूर्वा, खुशी, भारती, काजल, पूजा, अक्षिता, अंश गर्ग, उज्जवल, कार्तिक, प्रफुल, बालक. राम, शिवम धीमान आदि मौजूद रहे।

छात्रों को दिलाई गई कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

मीरापुर। कस्बे के नन्ही दुनिया जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार को छात्रों को कर्तव्यनिष्ठा एवं नैतिक मूल्यों की शपथ दिलाई गई। विद्यालय में आयोजित शपथ कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करने और नियमित रूप से गृहकार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक, पारिवारिक और कौशल विकास के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ और बिजली बचाओ का संदेश भी दिया गया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

धूल-धक्कड़ और तेज रफ्तार डंपरों से जनता परेशान

एनजीटी के आदेशों का हो रहा उल्लंघन, खुले हुए ही दौड़ रहे हैं वाहन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली/चौसाना। हरियाणा क्षेत्र से यमुना नदी का रेत खनन लेकर गुजर रहे ओवरलोड डम्पर अब ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बनते जा रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच दिन-रात दौड़ रहे इन डम्परों से उड़ती धूल लोगों की सेहत पर भारी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़कों पर धूल का गुबार इस कदर छाया रहता है कि राहगीरों और दुकानदारों का सांस लेना तक दूभर हो गया है। लगातार धूल फांकने से बच्चों, बुजुर्गों और दमा के मरीजों में सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।

हरियाणा प्रदेश की यमुना नदी से रेत से भरकर दौड रहे वाहन लोगो की मुसीबत का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ओवरलोड डम्पर तेज रफ्तार से आबादी वाले क्षेत्रों से गुजरते हैं, जिससे हर

समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार डम्परों के कारण सड़क किनारे चल रहे बाइक सवार और स्कूली बच्चे हादसे का शिकार होते-होते बचे हैं। इसके अलावा ओवरलोड के चलते क्षेत्र की सड़कें भी जगह-जगह टूटने लगी हैं, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है।ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और परिवहन विभाग को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रात के समय बड़ी संख्या में ओवरलोड वाहन बेरोकटोक गुजरते हैं, जिन पर किसी प्रकार की निगरानी दिखाई नहीं देती। ग्रामीणों ने परिवहन विभाग व पुलिस से मांग की है कि ओवरलोड डम्परों पर सख्त कार्रवाई की जाए, आबादी क्षेत्र में उनकी रफ्तार सीमित की जाए और सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए ताकि उड़ती धूल से लोगों को राहत मिल सके।

कुछ स्कूली वाहनों पर कार्यवाही कर इतिश्री करते हैं एआरटीओ

चौसाना। पिछले एक महीने से एआरटीओ ने वाहनो पर परिवहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। लेकिन इसके विपरित परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को दूसरे प्रदेश से आते ओवरलोड डम्पर दिखाई नही देते है। मानो विभागीय अधिकारियो की कार्यवाही मात्र इतिश्री ही है।

ओवरलोड रेत से भरे डंपर पर क्या कहते हैं नियम

चौसाना। ओवरलोड रेत से भरे डम्परों और उनसे उड़ती धूल को लेकर कई कानूनी नियम लागू होते हैं। इनके उल्लंघन पर परिवहन विभाग, पुलिस, खनन विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्रवाई कर सकते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों के अनुसार निर्माण सामग्री या रेत ढोते समय वाहन को तिरपाल (कवर) से ढंकना जरूरी है।खुली रेत ले जाने और धूल फैलाने पर पर्यावरण प्रदूषण की श्रेणी में कार्रवाई हो सकती है।

खेत की तारबंदी की क्षतिग्रस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। गन्नौर निवासी राममेहर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी सुदेश के नाम गांव गोगवान में 14 बीघा कृषि भूमि है, जिसे उन्होंने बैनामे के माध्यम से खरीदा था। भूमि की सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर खंभे लगाकर तारबंदी कराई गई थी। आरोप है कि गांव भूरा निवासी मतलूब, उसके पुत्र नौशाद और इरशाद तथा गांव पांवटीकलां निवासी अमित ने मिलकर 10 मई को खेत की तार. बंदी के करीब 20 खंभे और 120 सीमेंट के तख्ते तोड़ दिए, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बाद भी आरोपियों ने 17 मई को दोबारा खेत की रेडीमेड दीवार तोड़ दी और भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। इसकी सूचना यूपी-112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। खेत की देखरेख कर रहे कौसर ने घटना का वीडियो भी बनाया है।

एक नजर.....

किसान दिवस में गूंजी किसानों की समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों ने गन्ना भुगतान, टूटी सड़कें, उर्वरकों की कमी, आवारा पशुओं और स्वास्थ्य सेवाओं समेत विभिन्न समस्याएं उठाईं। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। डीएम आलोक यादव ने कहा कि शामली कृषि प्रधान जनपद है और किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। किसान दिवस में अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, पशुपालन, विद्युत, स्वास्थ्य और नगर पालिका से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। किसानों ने शहर में रोडवेज बसों की गति नियंत्रित करने, बंदरों को पकड़वाने और लिंक मार्गों की मरम्मत की मांग भी रखी। जिलाधिकारी ने कहा कि पशु अस्पतालों का सर्वे कर उनकी स्थिति सुधारी जाएगी। साथ ही एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के साथ बैठक कर दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। पशुपालन विभाग को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में किसानों ने गांव सुन्ना और घसौली की जर्जर सड़कों, यूरिया और डीएपी की कमी, गन्ना बकाया भुगतान, नीलगाय और आवारा कुत्तों की समस्या, तथा कैराना नगर पालिका के गंदे पानी से फसलों को हो रहे नुकसान का मुद्दा भी उठाया। किसान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट पार्क का नाम शहीद पार्क रखवाए जाने की मांग

शामली। पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि शामली को जनपद बने हुए लगभग 15 वर्ष हो चुके हैं लेकिन शामली में किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कोई शहीद स्मारक आज तक नहीं बन पाया है, शामली एवं आसपास के गांवों से काफी युवा सैनिकों द्वारा अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए अपने प्राणों की आहूति भी दे चुके हैं जिनकी स्मृति को जिंदा रखने एवं आनें वाली पीढियों के लिए प्रेरणा स्थल के रूप में एक शहीद स्मारक की आवश्यकता है जिसके लिए नवनिर्मित कलेक्ट्रेट के पार्क को शहीद पार्क घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी प्रशासन, डीएम को कई बार ज्ञापन दिया गया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। उन्होंने डीएम से इस संबंध में संज्ञान लेकर पार्क का नाम शहीद पार्क रखवाने की मांग की। इस अवसर पर धीरेन्द्र सिंह, अनिल मलिक, रामपाल सिंह, नरेन्द्र मलिक आदि भी मौजूद रहे।

संविदाकर्मचारियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

शामली। नगर पालिका के आउटसोर्सिंग, संविदा एवं स्थाई कर्मचारियों ने मांगें पूरी न होने पर 21 मई से हड़ताल पर जाने की चेता. वनी दी है। बुधवार को कर्मचारियों ने नगर पालिका अधिशासी अधिक. ारी विनोद कुमार सोलंकी से वार्ता कर अपनी समस्याएं उठाईं। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि करीब एक माह पूर्व नगर के बढ़ते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था। उस समय एसडीएम विनय कुमार भदौरिया एवं अधिशासी अधिकारी के समक्ष वार्ता में एक माह के भीतर जांच कर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पदाधिकारियों का कहना है कि 16 मई को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई गई थी, लेकिन वहां भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद यूनियन द्वारा कार्यबंदी का नोटिस दिया गया। बुधवार को ईओ ने फिर समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 21 मई से सुबह 11 बजे से सभी कर्मचारी धरना-प्रदर्शन और हड़ताल पर बैठ जाएंगे। इस दौरान यूनियन अध्यक्ष अमित तंश्वर, महासचिव विनोद निर्वाल, प्रवीण कुमार, अश्वनी तंश्वर, राजन पाहिवाल, धर्मेंद्र झंझोट, जितेंद्र टांक, अनुज चावला, जितेंद्र चंद्रा, सचिन तंश्वर, अरुण तंश्वर मौजूद रहे।

आरकेपीजी में चला पर्यावरण जागरूकता अभियान

शामली। आरके पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा बुधवार को महाविद्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में प्री-कैंपेन पर्यावरण जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 15 मई से 5 जून तक संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान, जल संरक्षण जागरूकता रैली, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता सहित विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके।

33 केवी बिजली लाइन का पोल टूटा, आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

चौसाना। 33 केवी लाइन का एक पोल अचानक क्षतिग्रस्त होकर टूट गया, जिसके कारण बिजली आपूर्ति तत्काल रोकनी पड़ी। बिजली विभाग को घटना की सूचना मिलते ही कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लाइन की जांच शुरू कर दी। पोल टूटने के कारण क्षेत्र की कई बस्तियों और गांवों में बिजली सप्लाई ठप हो गई। अचानक बिजली जाने से लोगों में नाराजगी और चिंता दिखाई दी। घरों में पानी की मोटरें बंद हो गईं, मोबाइल चार्जिंग और अन्य जरूरी घरेलू काम प्रभावित हुए। बाजार क्षेत्र में भी दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने बताया कि बिना पूर्व सूचना के बिजली बंद होने से दैनिक कार्य प्रभावित हो गए।

बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा टूटे हुए पोल को बदलने और लाइन को दोबारा चालू करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार मरम्मत कार्य में कुछ समय लग सकता है, क्योंकि 33 केवी लाइन का पोल बदलना तकनीकी और सुरक्षा की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। विभाग ने लोगों से धैर्य बनाए रखने और टूटे पोल या बिजली लाइन के आसपास नहीं जाने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य पूरा होते ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। फिलहाल क्षेत्रवासी बिजली आने का इंतजार कर रहे हैं और जल्द आपूर्ति सुचारु होने की उम्मीद जता रहे हैं।

गोदाम और पंचायत भवन में हुई चोरी का खुलासा

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। पुलिस के अनुसार 13 मई को साई तार प्रोडक्ट के गोदाम से केबल चोरी तथा 18 मई को ग्राम पंचायत मलकपुर कार्यालय से इनवर्टर व दो बैटरियों की चोरी की घटनाएं सामने आई थीं।

जिनके संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान थाना कैराना पुलिस ने आरोपी अंकित चौहान पुत्र महीपाल, निवासी गांव डूंडूखेड़ा, थाना कांधला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी द्वारा दोनों चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की गई। उसकी निशानदेही पर एक टडबूलर बैटरी तथा चोरी का सामान बेचकर प्राप्त 620 रुपये बरामद किए गए।

ईद-उल-अजहा को लेकर प्रशासन अलर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में नगर के गणमान्य लोगों, धर्मगुरुओं और विभागीय अधिक. ारियों की मौजूदगी में त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बुधवार की शाम कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम शिवा जी यादव ने कहा कि कुर्बानी खुले स्थानों पर नहीं की जाए और उसके अवशेष इधर-उधर न फेंके जाएं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा चिन्हित

स्थानों पर गड्ढे खुदवाए जाएंगे, उनमें ही अवशेष डाले जाएं ताकि स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि पालिका कर्मी त्योहार के दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे। साथ ही लोगों से अपील की कि अवशेष डालने के कार्य को समझदार व्यक्ति ही करें और बच्चों को इससे दूर रखा जाए।उन्होंने ने लोगों से विशेष अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी से संबंधित किसी भी प्रकार के वीडियो या फोटो सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें, ताकि किसी भी समुदाय की भावनाएं आहत न हों।त्योहार को भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में एसडीओ विद्युत अमित कुमार ने कहा कि ईद-उल-अजहा के अवसर पर पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है, इसलिए विद्युत विभाग की ओर से निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि 24 घंटे विद्युत आपूर्ति बनाए रखने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि यदि किसी कारणवश ट्रांसफार्मर फुंक जाता है तो विभाग के पास इमरजेंसी के लिए ट्रॉली ट्रांसफार्मर उपलब्ध रहेगा, जिसे तत्काल मौके पर भेजकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना ताहिर ने कहा कि ईदगाह और जामा मस्जिद में नमाज व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए स्वयंसेवक पुलिस के साथ मौजूद रहेंगे। वॉलंटियर नमाजियों की संख्या और स्थिति के अनुसार उन्हें व्यवस्थित तरीके से अंदर प्रवेश कराने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पर्याप्त स्थान होने के बावजूद कुछ नमाजियों को बाहर रोका गया था। इस बार बेहतर समन्वय के साथ व्यवस्था बनाए जाने की उम्मीद है ताकि किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे, जिससे ईद-उल-अजहा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। इस दौरान सीओ कैराना हेमंत कुमार,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री,अधिशासी अधिकारी कैराना समीर कश्यप, नायब तहसीलदार कैराना सतीश यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

जनपद स्तरीय बाल समागम हुआ आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से संत निरंकारी सत्संग भवन खेड़ी बैरागी मुजफ्फरनगर रोड शामली पर जनपद स्तरीय बाल समागम का आयोजन किया गया। जिसमें सहारनपुर से पधारी परम पूज्य बहन मिननी ने अपने मुख से कहा कि अभी-अभी एक बहन ने कहा की बहन मिनी जी सहारनपुर से आकर हमें आशीर्वाद देगी पर ऐसा नहीं है। आज निरंकारी बाल समागम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से आध्यात्मिक मूल्यों का सुंदर संदेश दिया गीत नृत्य एवं नाटक की प्रस्तुतियों के जरिए बच्चों ने विनम्रता समर्पण शुक. राना सहनशीलता एवं सद्भावना जैसे मानवीय गुनो को जीवन के रूप में प्रस्तुत कर उपस्थित जन समूह को भाव विभोर कर दिया। समागम में बच्चों ने बताया कि यदि बचपन से ही संस्कारों एवं आध्यात्मिकता का समावेश जीवन में हो तो समझ में प्रेम भाईचारा और मानवता की भावना और अधिक मजबूत होती है विभिन्न परिस्थितियों के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि जीवन में नम्रता और सहनशीलता अपना कर ही सच्ची खुशियां एवं शांति को प्राप्त किया जा सकता है। इस बाल समागम में बाल संगत के सैकड़ो बच्चे वह भाई बहनों ने भरपूर आनंद लिया। बाल संगत के बच्चे प्रियांशु, नंदिनी, सार्थक, सिद्धार्थ, शोभना, अभय, सहित, अनुराग, आस्था, राधिका, रेणुका, श्रेष्ठा, सन्मित, हार्दिक, शोभित, निहार,

रोहन, रमित, कनिका, सुगंधी, महिमा, बाल संगत इंचार्ज सुमन, बहन किट्टी गुलाटी बिना स्वाती जनपद शामली समस्त ब्रांच मुखी आदि मौजूद रहे।

घर बचाने निकली महिला खुद ही हो गई बेघर

चौसाना। महिला अपने पति से पारिवारिक विवाद के चलते अलग रह रही है और घर में अकेली निवास कर रही है। आरोप है कि उसका पति घर के पीछे सीढ़ी लगाकर चोरी-छिपे टाइल्स और इनवर्टर की बैटरियां निकाल रहा था। महिला ने इसका विरोध करते हुए डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को चौकी बुला लिया। आरोप है कि इसी दौरान पति पक्ष के लोगों ने महिला की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर उसके घर पर जबरन ताले जड़ दिए। चौकी से वापस लौटने पर महिला अपने ही घर के बाहर खड़ी रह गई। घटना से आहत महिला काफी देर तक रोती रही। बताया गया है कि बाद में महिला ने साहस दिखाते हुए पत्थर से ताले तोड़ दिए और घर के भीतर प्रवेश किया। पीड़िता का आरोप है कि उसने चौकी पुलिस को फोन भी किया, लेकिन उसकी कॉल रिसीव नहीं की गई। इसके बाद महिला ने डीजीपी, एडीजी और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

जतिन ने चिराग शर्मा को हराया

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। चार दिवसीय प्रतियोगिता के एयर पिस्टल आईएसएसएफ यूथ वर्ग में शामली निवासी नेशनल मेडलिस्ट जतिन निर्वाल ने टॉप-8 खिलाड़ियों के फाइनल मुकाबले में मेरठ के अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज चिराग शर्मा को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजन समिति ने उन्हें 8100 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस वर्ग में बागपत निवासी अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मोनू कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

वहीं एयर राइफल एनआर वर्ग में थाना भवन निवासी कनक सैनी ने फाइनल मुकाबले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन समिति द्वारा उन्हें 6100 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कनक सैनी ने एयर राइफल एनआर यूथ बालक वर्ग में 612.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

जनता दर्शन में सुरेश राणा ने सुनीं समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने मंगलवार को अपने थानाभवन स्थित कैंप कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे। पूर्व मंत्री ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सुरेश राणा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेशवा. सियों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचा. लित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को लागू करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास और जनसेवा के कार्य तेजी से हो रहे हैं। आज केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है, जबकि पहले कई योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह जाती थीं।

पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार गरीब, किसान, मजदूर और जरूरतमंद लोगों के हित में लगातार कार्य कर रही है तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कई सामाजिक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

केमिस्ट एसोसिएशन का विरोध प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री और जनस्वास्थ्य पर मंडरा रहे खतरे के विरोध में बुधवार को शामली कैमिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले जिले भर के दवा व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान केमिस्टों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजते हुए ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के इंटरनेट के माध्यम से दवाओं की बिक्री, फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर दवाओं की उपलब्धता, बिना चिकित्सकीय परामर्श के घर-घर दवा वितरण तथा भारी छूट के साथ दवाओं की बिक्री से मरीजों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। साथ ही इससे देशभर के लाखो छोटे लाइसेंसधारक केमिस्टों और दवा व्यापारियों की आजीविका पर भी संकट खड़ा हो गया है। केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, इसके बावजूद विभिन्न ऑनलाइन कंपनियां लंबे समय से दवाओं का व्यापार कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और क्विक कॉमर्स कंपनियां अनियंत्रित तरीके से दवाओं की होम डिलीवरी कर रही हैं। दवा व्यापारियों ने मांग की कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, बिना सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन दवा बिक्री और होम डिलीवरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा जीएसआर 817 (ई) और जीएसआर 220 (ई) को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। इसके अलावा ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दी जा रही अत्यधिक छूट और प्रिडेटरी प्राइसिंग पर भी रोक लगाने की मांग भी उठाई गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवराज मलिक, जिला महामंत्री सुमेश मित्तल और कोषाध्यक्ष मनीष गर्ग मौजूद रहे।

शामली में रहा बंद का मिला-जुला असर

शामली। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) द्वारा आहूत बंद का असर बुधवार को जनपद में देखने को नहीं मिला। एसोसिएशन पदाधिकारियों के अनुसार, जिले के केमिस्टों ने मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए अपनी दुकानें बंद नहीं कीं। संगठन ने दावा किया कि जिले में बंद पूरी तरह असफल रहा और दवा आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित होती रही।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, शामली

ई-निविदा सूचना **दिनांक** 19.05.2026

निविदा सं० एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 24/2026-27, विद्युत वितरण खण्ड-ऊन के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि - रू0 17000.00
2. 25/2026-27, विद्युत वितरण खण्ड-ऊन के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि - रू0 18000.00
3. 26/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-शामली के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि - रू0 23000.00
4. 27/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-शामली के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि - रू0 18000.00
5. 28/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-थानाभवन के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि - रू0 25000.00
6. 29/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-थानाभवन के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि - रू0 24000.00
7. 30/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-कैराना के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि - रू0 14000.00
8. 31/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड-कैराना के अन्तर्गत बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत स्वीकृत प्राक्कलन के सापेक्ष कार्य कराया जाना। प्रपत्र शुल्क - रू0 3540.00, धरोहर राशि - रू0 30000.00

ई-निविदा की अंतिम तिथि : 11.06.2026, 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

सूचना

दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।
शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

सुनील वर्मा
(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)
मो. 8630354443, 9897943340
कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली

महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। पीड़िता रेखा पत्नी रविकांत, निवासी करन विहार करनाल ने बताया कि वह 17 मई की रात करीब 8:20 बजे अपने पति और छोटी बहन के साथ बाजार से कार द्वारा घर लौट रही थीं। इसी दौरान हनुमान टीला से आगे वीवी इंटर कॉलेज रोड पर पर पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने उनकी कार को ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया ओर मारपीट तथा अश्लील हरकते की गई तथा विरोध करने पर धमकी भी दी गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

खोखरी नदी जीर्णोद्धार कार्य की डीएम ने की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। जनपद में खोखरी नदी के जीर्णोद्धार कार्य को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिक. ारी आलोक यादव की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए विभागीय प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदी जीर्णोद्धार कार्य को गुणवत्ता एवं आपसी समन्वय के साथ निरंतर जारी रखा जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में नदी खुदाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी या कूड़े को सड़कों पर न डाला जाए, बल्कि उसका निस्तारण नियमानुसार किया जाए, ताकि आवागमन और पर्यावरण पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि यह कार्य जनहित से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, जिसे गंभीरता से आगे बढ़ाया जाए। बैठक में खोखरी नदी के किनारे स्थित 10 ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवों एवं ग्राम प्रधानों द्वारा दिए जा रहे सहयोग की भी सराहना की गई। जिलाधिकारी ने पंचायत प्रति. निधियों से इसी प्रकार सक्रिय सहयोग बनाए रखने का आहवान किया। इस अवसर पर डीएफओ जगदेव सिंह, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द, एसडीएम ऊन विनय प्रताप सिंह भदौरिया सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सील बंद गोदाम में चोरी और कर्मचारी से मारपीट

कैराना। मोहल्ला आल दरम्यान निवासी शकील पुत्र यामीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी फैक्ट्री साई तार प्रोडक्ट का गोदाम कैराना-पानीपत मार्ग पर स्थित है, जिस पर सील लगी होने के कारण वह बंद पड़ा हुआ है। आरोप है कि 13 मई की दोपहर करीब दो बजे एक युवक गोदाम में घुस गया और वहां रखा सामान चोरी करने लगा। इसी दौरान फैक्ट्री कर्मचारी फरमान गोदाम की ओर जा रहा था। कर्मचारी द्वारा शोर मचाने और पकड़ने का प्रयास तो वह मारपीट कर भाग गया।

एक नजर

सट्टा लगाते जुआरी गिरफ्तार

चौसाना। झिंझाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर सटा लगाते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गौरव पुत्र रामकुमार, निवासी ग्राम गढ़ीहसनपुर, थाना झिंझाना,शामली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2300 रुपये नकद, एक पेन तथा सट्टा पर्चा बरामद किया है।

साइबर ठगी के शिकार के 20 हजार कराए वापस

थानाभवन। गांव भैंसानी इस्लामपुर निवासी फरीद पुत्र इदरीश के बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा 20 हजार रुपये निकाल लिए गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने थाना भवन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना भवन साइबर सैल ने तुरंत जांच शुरू की और तकनीकी प्रयासों के जरिए कार्रवाई आगे बढ़ाई। पुलिस की तत्परता के चलते बुधवार को पीड़ित की पूरी 20 हजार रुपये की राशि वापस उसके खाते में करा दी गई। अपनी रकम वापस मिलने पर पीड़ित फरीद ने पुलिस अधीक्षक शामली तथा थाना भवन साइबर सैल का आभार व्यक्त किया।

योनो एप डाउनलोड करने के चक्कर में ग्रामीण साइबर ठगी का हुआ शिकार

थानाभवन। गांव कुतुबगढ़ निवासी तीर्थ प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने 14 अप्रैल 2026 को एसबीआई बैंक का योनो एप डाउनलोड किया था। कुछ समय बाद उसके पास एक मोबा. इल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को एसबीआई योनो कस्टमर केयर मुंबई से कुलदीप शर्मा बताते हुए एप चालू कराने की बात कही। आरोपी ने तीर्थ प्रकाश को एक फाइल डाउनलोड करने के लिए कहा और दावा किया कि 24 घंटे में एप चालू हो जाएगा। पीड़ित के अनुसार अगले दिन जब वह विद्यालय पहुंचे तो फिर उसी नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने फाइल सक्रिय करने के नाम पर कुछ रुपये जमा कराने की बात कही। जब उसने मना कर दिया तो आरा. पी ने अगले महीने भुगतान करने की बात कही। इसके बाद जब तीर्थ प्रकाश ने अपने खाते का बैलेंस चेक किया तो बैंक स्टेटमेंट में 14 अप्रैल को एक लाख रुपये, 1800 रुपये और 1500 रुपये के ट्रांजैक्शन दिखाई दिए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने झांसे में लेकर फाइल डाउनलोड कराई और साइबर ठगी को अंजाम दिया।

बराला मामले में सात नामजद व 15 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैराना। तहरीर के अनुसार उपखंड अधिकारी अमित कुमार शाक्य अपनी टीम के साथ रविवार देर रात गांव बराला में बकायेदार एवं निगेटिव बैलेंस वाले उपभोक्ताओं की जांच के लिए पहुंचे थे। जांच के दौरान एक मकान पर कथित रूप से बिजली चोरी पकड़ी गई। आरोप है कि इसी दौरान कादिर, आरिफ, खान, नाजीम, सादीन समेत अन्य लोगों ने टीम को घेर लिया और हमला कर दिया। हमले में विभागीय कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने सरकारी अभिलेख फाड़ दिए और विभागीय वाहन पर ईंट-पत्थर बरसाकर उसके शीशे तोड़ दिए। किसी तरह टीम के सदस्य मौके से निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कोतवाली कैराना पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों और 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बहन-भांजी पर हमला करने वाला गिरफ्तार

कैराना। दोपहर गांव मलकपुर निवासी सद्दाम घर पहुंचा और अपनी बहन इमरानी से खाना मांगा। खाना खाने के कुछ देर बाद उसे उल्टी हो गई। आरोप है कि उसने भोजन में जहर मिलाने का शक जताते हुए आपा खो दिया और घर में रखी धारदार दांव उठाकर अपनी बहन इमरानी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में इमरानी गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी दौरान वहां मौजूद उसकी 20 दिन की नवजात बेटी भी हमले की चपेट में आ गई। घर से चीख-पुकार सुनकर पड़ोस की मुस्कान पुत्री इमरान और सीमा पत्नी गुफरान बचाव के लिए पहुंचीं, लेकिन आरोपी ने उन पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। वारदात में चारों महिलाएं घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पहुंचाया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में गुफरान पुत्र यूनुस की तहरीर पर कोतवाली कैराना में सद्दाम और उसकी पत्नी सन्नो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बुधवार को आरोपी सद्दाम पुत्र हनीफ और उसकी पत्नी सन्नो निवासी मलकपुर को गिरफ्तार कर लिया।

ठेका दिलाने के नाम पर चार लाख रुपये हड़पने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। क्षेत्र के गांव इस्सोपुर खुरगान निवासी एक मजदूर ने दो लोगों पर ठेका दिलाने के नाम पर लाखों रुपये लेने और रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर कैराना कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव इस्सोपुर खुरगान निवासी दिलशाद पुत्र मीरहसन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि करीब दस वर्ष पहले उसने जान के भय और दबाव में आकर मुनव्वर निवासी मंडावर द्धहाल निवासी आर्यपुरी, कैरानाऋ को 4.10 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि यह रकम उसने ब्याज पर पैसे लेकर और अपनी डेढ़ बीघा जमीन गिरवी रखकर जुटाई थी। पीड़ित का कहना है कि कई बार रकम वापस मांगने पर मुनव्वर ने बताया कि उसने यह पैसा मनोज राणा निवासी दुल्लाखेड़ी को दे दिया है। आरोप है कि अब दोनों आरोपी मिलकर ठेका दिलाने के नाम पर और पैसे मांग रहे हैं तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दिलशाद ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है और आरोपियों की धमकियों से परेशान है। उसने अपनी रकम वापस दिलाने और आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली कैराना पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बमुपा का केंद्र की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में शामली कलक्ट्रेट गेट पर अनोखा प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चूल्हा जलाकर खिचड़ी बनाई और विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए स्मार्ट मीटर, बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि पर रोक लगाने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा कि बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा देश के 625 जिलों में तीन चरणों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि

केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं पर मनमाने बिजली बिल थोपे जा रहे हैं और निजी कंपनियां जनता का आर्थिक शोषण कर रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर पारदर्शी नहीं हैं और इनमें सिम लगी होने के कारण बिजली यूनिट तेजी से बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने दावा किया कि स्मार्ट मीटर 20 से 30 प्रतिशत तक अधिक तेजी से चलते हैं, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा मामूली माइनस बैलेंस होने पर भी उपभोक्ताओं की बिजली काटे जाने की समस्या पर भी चिंता जताई गई। ज्ञापन में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों, लंबी कतारों और कालाबाजारी का मुद्दा भी उठाया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की महंगाई से किसान, मजदूर, कर्मचारी, छात्र और आम नागरिक प्रभावित हो रहे हैं।

बहुजन मुक्ति पार्टी ने मांग की कि स्मार्ट मीटर हटाकर पारदर्शी मीटर लगाए जाएं, गलत बिजली बिलों की राशि उपभोक्ताओं को वापस की जाए, घरेलू गैस सिलेंडर 400 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर 700 रुपये में उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही पेट्रोल 90 रुपये प्रति लीटर और डीजल 80 रुपये प्रति लीटर करने की मांग भी रखी गई। इस मौके पर परमाल सिंह, विनोद कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारतीय व्यापार महोत्सव की वेबसाइट शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग ने बताया कि दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित बैठक में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 की वेबसाइट का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि कैट द्वारा 12 से 15 अगस्त तक भारत मंडपम में भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आईटीपीओ के चेयरमैन जावेद अशरफ, एमडी नीरज खारवाल, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल मौजूद रहे।

समस्याएं लेकर डिप्टी सीएम से मिले ग्रामीण

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली अब बड़ा मुद्दा बनती जा रही है। करीब 75 हजार की आबादी वाले गांव आज भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं जबकि इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी के चलते छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इन्हीं समस्याओं को लेकर युवाजन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आसिफ राजधानी लखनऊ पहुंचे और उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की बदहाल व्यवस्थाओं पर ध्यान दिलाया।

थानाभवन क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर निवासी डॉ.

आसिफ पिछले काफी समय से क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने लखनऊ पहुंचकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की और गांव भैसानी इस्लामपुर, मसावी, हसनपुर लुहारी समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

ज्ञापन में बताया गया कि इन गांव में करीब 75 हजार की आबादी होने के बावजूद क्षेत्र में एक भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नहीं है। छोटी-छोटी बीमारियों, गर्भवती महिलाओं के उपचार और आपात स्थिति में मरीजों को दूर-दराज के अस्पतालों की ओर भागना पड़ता है। समय पर इलाज न मिलने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इसके साथ ही डॉ. आसिफ ने गांव मसावी स्थित इंटर कॉलेज में शिक्षकों की भारी कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि स्कूल में पर्याप्त शिक्षक न होने के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई विषयों की नियमित पढ़ाई नहीं हो पा रही, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में पड़ता जा रहा है।डॉ. आसिफ ने मांग की कि क्षेत्र में जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना कराई जाए तथा इंटर कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए।उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। डॉ.आसिफ की इस पहल को ग्रामीणों ने सरा. हते हुए उम्मीद जताई कि अब क्षेत्र की स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। जलालाबाद चौकी प्रभारी अरविंद कुमार अपनी टीम के साथ जलालाबाद से थानाभवन की ओर गश्त कर रहे थे। जैसे ही पुलिस टीम जैन गेट के आगे सड़क किनारे वाहन धुलाई डग के पास पहुंची, वहां एक संदिग्ध युवक खड़ा दिखाई दिया।

पुलिस को देखकर युवक दबे पांव डग के अंदर जाने लगा। पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा करने पर भी वह नहीं रुका, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कासिम पुत्र यासीन निवासी मोहल्ला मोहम्मदी गंज, कस्बा जलालाबाद बताया। तलाशी लेने पर उसके लोअर की दाहिनी जेब से एक अवैध चाकू बरामद हुआ।

वेतन न मिलने पर स्वास्थ्यकर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात संविदाकर्मी तीन माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज है। गुस्साए स्वास्थ्यकर्मियों ने अपने हाथ पर काली पट्टी बांध विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही समस्या का निदान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी।

संविदा कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष डा. गय्यूर अली ने बताया कि संविदा कर्मियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहरा रहा है। स्थिति यह है कि कर्मचारियों के लिए अपने परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो रहा है।

कर्मियों ने मांगें रखी कि रुका हुआ वेतन मिलने के साथ ही उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत समान कार्य समान वेतन मिलना चाहिए। नौकरी सुरक्षा की गारंटी के साथ ही उन्हें स्थाई किया जाना

चाहिए। उन्होंने कहा कि उक्त मांगों को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी 21 मई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर डा. सौरभ यादव, डा. आशुतोष, डा. गौरव, डा. लक्ष्य गुप्ता, डा. हिमाद्री, डा. नीरज, विरेंद्र, देवेंद्र, मोतीलाल आदि के अलावा आशा एवं आशा संगिनी आदि कर्मचारी शामिल रहे।

नगरवासियों ने की आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रखने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। जैसे भीषण गर्मी में सूरज आग उगल रहा है वैसे ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा रही है। बिजलीघर में एक के बाद एक फाल्ट होने से लोगों को दिनभर में कुछ घंटे ही बिजली मिल पा रही है। बुधवार को भी सांपला रोड स्थित बिजलीघर के केबल बाक्स में खराबी हो गई। जिससे आधे नगर की बिजली सात घंटे से भी अधिक समय तक गुल रही। नगरवासियों ने निगम के उच्चाधिकारियों से आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रखने की मांग की है।

सांपला रोड स्थित बिजलीघर में के केबल बाक्स में खराबी के चलते बुधवार सुबह 10.30 बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। पूर्वाह्न 3.30 बजे केबल बाक्स को दुरुस्त कर आपूर्ति दी गई, लेकिन कुछ देर बाद ही फिर से फाल्ट होने के चलते आधे कस्बे की बिजली फिर बंद हो गई। वहीं, स्टेट हाइवे पर बनाए गए बिजलीघर स्थित ट्रांसफार्मर में आई खराबी के चलते मंगलवार रात्रि में दारुल उलूम वक्फ समेत कई इलाकों की आपूर्ति बाधित बनी रही। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में ऊर्जा निगम पूरी तरह फेल हो जाता है। हर समय फाल्ट होने से बिजली ठप बनी हुई है। कई जगह ट्रांसफार्मर फुंकने से भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं आने से पेयजल आपूर्ति भी बाधित है। लोग पीने के पानी की एक एक बूंद को तरस रहे है। बिजली आने के समय में भी लो वोल्टेज की समस्या बनी है, जिससे विद्युत उपकरण शोपीस बन गए है।

उधर, पांच दिनों से फुंका गांव हाशिमपुरा के निकट रखा ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से लोगों में रोष बना हुआ है। एसडीओ संतोष कुमार ने बताया कि सांपला रोड स्थित बिजलीघर का केबिल खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी। कार्य पूर्ण होने पर बिजली आपूर्ति शुरू की जाएगी।

इंटरमीडिएट में स्कूल टॉप करने वाले छात्र को किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। सामा. जिक संस्था नजर फाउंडेशन की ओर से इंटरमीडिएट में स्कूल टॉप करने वाले छात्र मोहम्मद अनस को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नजम

उस्मानी ने अनस को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन इंसान को सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि अनस की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे देव. बंद के लिए गर्व की बात है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहत खलील ने मोहम्मद अनस को आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। इस मौके पर जमशेद अली, नवाब अहमद, अनवार अली, सुहैल अहमद, अब्दुल्ला राज आदि शामिल रहे।

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने से क्यों हिचकिचा रही सरकार: मदनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने एक बार फिर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि इससे गाय के नाम पर होने वाली मॉब लिंचिंग और हिंसा की घटनाओं पर रोक लग सकती है। सरकार उसे राष्ट्रीय पशु घोषित करने से क्यों बच रही है यह बड़ा सवाल है।

मौलाना अरशद मदनी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग पर मुसलमानों को कोई आपत्ति नहीं होगी, बल्कि उन्हें खुशी होगी कि समाज में नफरत और तनाव कम होगा। मदनी ने सवाल उठाया कि जब देश की बहुसंख्यक आबादी गाय को मां का दर्जा देती है, तो सरकार उसे राष्ट्रीय पशु घोषित करने से क्यों बच रही है। उन्होंने कहा कि यह मांग केवल मुस्लिम समाज की नहीं, बल्कि कई साधु-संत भी लंबे समय से उठा रहे हैं। आरोप लगाया कि गाय के मुद्दे को राजनीतिक और भावनात्मक हथियार बना दिया गया है। गोकशी और पशु तस्करी के नाम पर निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जाता है, जिससे मुसलमानों की छवि खराब हुई है। मौलाना मदनी ने कहा कि पहले बड़ी संख्या में मुसलमान गाय पालन और दुग्ध व्यवसाय से जुड़े थे, लेकिन वर्ष 2014 के बाद बने माहौल के कारण अब अधिकांश लोग भैंस पालना अधिक सुरक्षित समझते हैं। उन्होंने कहा कि जमीयत हमेशा मुसलमानों को दूसरे धर्मों की भावनाओं का सम्मान करने और प्रति. बंधित पशुओं की कुर्बानी से बचने की सलाह देती रही है। मौलाना मदनी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और पशु वध कानूनों में अलग-अलग राज्यों में मौजूद भिन्नता पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि कई राज्यों में खुलेआम गोमांस खाया जाता है, यहां तक कि वहां भाजपा सरकारें भी हैं, लेकिन गाय के नाम पर हिंसा करने वाले लोग वहां खामोश रहते हैं। उन्होंने इसे दोहरा रवैया बताते हुए कहा कि कुछ राज्यों में गाय को राजनीतिक मुद्दा बनाया जाता है, जबकि अन्य जगहों पर उसे मिथुन कहकर अलग नजरिये से देखा जाता है। मौलाना मदनी ने कहा कि गाय के प्रति वास्तविक श्रद्धा से ज्यादा राजनी. ति को प्राथमिकता दी जा रही है और चुनावों में भावनात्मक मुद्दों के जरिए समाज को बांटने की कोशिश होती है। उन्होंने मांग दोहराई कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर देशभर में एक समान कानून लागू किया जाए, ताकि विवाद और भेदभाव समाप्त हो सके।

बरात से पूर्व दुल्हे ने दुल्हन को दिया तलाक, प्रेमी ने कराई रार

देवबन्द। हाथों में मेहंदी और आंखों में नए जीवन के सपने सजाए एक युवती की खुशियां पलभर में बिखर गईं। बरात लाने से ठीक कुछ घंटे पहले दूल्हे ने उसे तलाक दे दिया। जिस घर में बरात के स्वागत की तैयारियां चल रही थीं, वहां अचानक मातम जैसा माहौल बन गया। पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती की मंगलवार को रुखसती के लिए बरात आनी थी। उसी की मौसी के बेटे से करीब आठ माह पूर्व उसका निकाह हुआ था। दुल्हन के लिबास में सजी बैठी युवती और परिवार को उस समय गहरा धक्का लगा जब लड़का बरात लाने की जगह कुछ घंटे पूर्व वहां पहुंचा और तीन बार तलाक बोलकर निकाह को समाप्त कर दिया। दरअसल, परिवार की माने तो युवती पिछले करीब पांच साल से एक पशु चिकित्सक के प्रेम जाल में फंसी हुई थी। तभी से उनके बीच मुलाकातों का दौर भी चला। इस दौरान आरोपी ने उससे शादी का वादा किया। इस दौरान युवती के परिजनों ने परिवार में ही एक लड़के से उसका रिश्ता तय कर दिया। करीब आठ माह पूर्व उसका निकाह भी करा दिया था। मंगलवार को रुखसती की रस्म निभाने के लिए लड़का पक्ष को बरात लेकर आना था। लेकिन कुछ घंटे पहले लड़का वहां पहुंचा और लड़की को तलाक दे दिया। परिजनों का आरोप है कि प्रेमी ने दुल्हे को फोन कर दोनों के संबंधों के बारे में बताया और बरात लाने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके चलते उसने तलाक देने जैसे कदम उठाया। पीड़ित युवती और परिवार के लोगों ने पुलिस को मामले में तहरीर देकर कार्रघ्वाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

समर कैंप में बच्चों ने मचाया धमाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। आरके पब्लिक स्कूल में बुधवार को बच्चों के लिए समर पार्टी का आयोजन हुआ। इसमें बच्चे विभिन्न रंग की पोशाकों में सजकर आए और जमकर

धमाल मचाया। स्वीमिंग पूल में भी बच्चों ने खूब मस्ती की। कक्षा प्ले से चार तक के लिए आयोजित हुए कार्यक्रम में बच्चों ने पानी में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। साथ ही बच्चों ने मौसमी ताजे फलों का लुत्फ उठाया। प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन, स्वास्थ्य एवं मानसिक ताजगी प्रदान करना है। उन्होंने बच्चों से समर वेकेशन में खेलकूद के साथ ही अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। विद्यालय के चेयरमैन राजेश चौहान व डा. कुलदीप राणा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्टाफ शामिल रहा।

गत्ते के गोदाम में आग से लाखों का नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

गंगोह। बुधवार देर रात गत्ते के गोदाम में अचनाक भीषण आग लग गई। गोदाम स्वामी भी झुलसकर घायल हो गए। आग की चपेट में आने से दो कटिया और एक बकरी की मौत हो गई, एक भैंस भी गंभीर रूप से झुलस गई। आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ हैघ अभी तक आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

मोहल्ला गुलाम औलिया निकट भूमिया खेड़ा के पास नवाब कुरैशी का गत्ते का गोदाम है। गत्ते के बुधवार रात अचनाक भीषण आग लग गई। जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। आग इतनी विकराल थी कि उसे बुझाने के लिए गंगोह के अलावा नानौता, रामपुर मनिहारान, सरसावा से

दमकल विभाग की गाड़ियां बुलानी पड़ीं। घंटों की मशक्कत के बाद सुबह करीब नौ बजे आग पर काबू पाया जा सका। उसगा. `दाम स्वामी नवाब कुरैशी ने बताया कि रात करीब दो बजे गोदाम से धुआं और आग की तेज लपटें उठती दिखाई दीं। गोदाम के ऊपर ही परिवार का मकान बना हुआ है, इसलिए आग लगने का पता चलते ही पहले परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने के साथ पशुओं को बचाने का प्रयास शुरू किया गया। आग तेजी से फैलती चली गई। इसी दौरान गोदाम स्वामी भी आग की चपेट में आकर झुलस गए। उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग की चपेट में आने से दो कटिया और एक बकरी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक भैंस भी गंभीर रूप से झुलस गई है। पड़ोसी अंकित ने बताया कि रात करीब दो बजे ही कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आग की भयावह स्थिति को देखते हुए अन्य क्षेत्रों से भी दमकल की गाड़ियां मंगानी पड़ीं। दमकल विभाग की करीब 17 गाड़ियां सुबह तक आग बुझाने में जुटी रहीं। अभी तक आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। गोदाम में बड़ी मात्रा में गत्ता भरा हुआ था।

गोदाम स्वामी के अनुसार करीब 10 गाड़ियों के बराबर गत्ता जलकर राख हो गया, जिससे लगभग 10 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।

भारत युवाओं का देशः सत्यपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

नागल। भाटखेड़ी रोड स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता मानसिंह सैनी के आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सत्यपाल सैनी ने कहा कि महाराज भगीरथ कठोर तपस्या के बल पर गंगाजी को स्वर्ग पर लाये थे जिनका वंशज होना हमारे लिए गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए लगातार सेवाभाव कर पार्टी को मजबूती देते है। क्योंकि सेवा ही संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज गंगा एक्सप्रेस वे जैसे रिकॉर्डतोड़ विकास कार्य तथा भयमुक्त माहौल के बल पर योगी आदित्यनाथ की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए आगामी चुनाव में जनता का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। हर वर्ग को सशक्त बनाकर दहशत के माहौल को समाप्त किया गया है। उन्होंने युवाओ के हित ने चलाई जा रही योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि भारत युवाओ का देश है। नीट पेपर लीक के सवाल बोलते हुए उन्होंने कहा कि आरोपियों को किसी भी हालात में बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने भविष्य में मानसिंह सैनी को जिम्मेदारी दिये जाने की बात कही।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र सैनी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समर कैम्प में बच्चों ने लिया आनन्द

शाह टाइम्स संवाददाता

नागल। स्थानीय सैनिक स्मारक इंटर कॉलेज मे समर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओ ने रचनात्मक, शैक्षिक व खेल कूद जैसी क्रियाकलाप कर आनंद लिया।

कैम्प मे आये छोटे बच्चों ने गर्मी से राहत पाने के लिए स्वीमिंग पूल का मजा लिया। छात्राओ ने कुंकिग कर स्वादिष्ट व्यंजन बनाये और रसास्वादन किया। कैम्प मे आये बच्चो ने अपनी रूचि के अनुसार पर्यावरण को संरक्षित करने जैसे पोस्टर, विज्ञान पर आधारित प्रोजेक्ट सहित अन्य गतिविधियों मे शामिल होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार कर्णवाल व प्रधानाचार्य सोनिया देवी ने बताया कि कैम्प का उद्देश्य बच्चो की छुट्टियो को उनकी अभिरूचि के मुताबिक क्रियाशील करना है। इस प्रकार के आयोजन से जहां बच्चो मे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिकता व सामूहिकता की भावना तो बढती है। मुख्य रूप से अवनीश कुमार कर्णवाल, रीना, सोनू रमन, नरेश गौतम, विकास कुमार, मनोज कुमार, सोनी, सपना, शिवानी, सना, आंचल, खुशी, मो. निका आदि उपस्थित रहे।

हनी डे के रूप में मनाया जन्मदिवस

गंगोह। हायटेक नेचुरल प्रोडक्ट्स (इंडिया) बीराखेड़ी पर वैज्ञानिक एंटोनजान्सा के जन्म दिवस को हनी डे के रुप में मनाया गया। जिन्हें मधुमक्खियो और मधुमक्खी पालन के गहन ज्ञान के लिए जाना जाता है।

निदेशक साधुराम शर्मा ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खीपालन अपना कर मंदी के दौर में भी अपनी आय को बढ़ा सकते है। पिछले कुछ समय से ट्रंप टैरिफ और वैश्विक युद्ध जैसे हालातों का इस व्यापार पर गहरा प्रभाव पड़ा है। कंपनी निदेशक प्रियव्रत शर्मा ने विशेष रूप से प्रशांत सैनी, दिनेश सैनी भगवानपुर की उपलब्धियो को सराहा।

बकाया गन्ना भुगतान कराने की मांग को ज्ञापन सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

नागल। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने बजाज शुगर मिल, गांगनोली द्वारा क्षेत्र के किसानों का बकाया गन्ना भुगतान न किए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष राहुल खारी की अगुवाई मे थानाध्यक्ष नागल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित एक ज्ञापन भेजकर किसानों के करोड़ों रुपये के लंबित भुगतान को तत्काल कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही भुगतान नहीं हुआ, तो संगठन किसानों के हित में एक व्यापक आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगा।

भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि बजाज शुगर मिल, गांगनोली ने पिछले वर्ष 3 नवंबर 2025 को पेराई सत्र शुरू किया था। पूरे का मात्र 15 नवंबर तक का ही गन्ना भुगतान किया गया है। जिसका करोड़ों रुपये का भुगतान अभी तक मिल प्रशासन के पास बकाया है । गन्ना भुगतान न होने से किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी सहारनपुर को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

इस दौरान बोबी त्यागी,शिवम त्यागी,ठाठ सिंह राणा, भीम राणा, शिव कुमार, दुष्यंत चौधरी, शहजाद अली,रजत तोमर,पंकज कुमार, बालेन्द्र चौधरी, कुलवीर राणा, तनवीर आलम, अरूण शर्मा, इस्लाम, मुर्तजा त्यागी,विशु शर्मा, अनीस मलिक, मुस्तकीम ख्वाजा, तोफीक, सुनील सैनी, सोनू भगत, चेतन सहल, मेहराज, उवेश, शमी अर्जुन त्यागी, मोनू कुमार,रजत कुमार, कार्तिक, जावेद अली, जावेद चौधरी,पवन गुर्जर, पंकज कुमार, इमरान खान, इस्लाम, इलयास मलिक, विवेक मौर्या, गुलशेर त्यागी, उज्जवल आदि कसान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शांति भंग में 10 गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फतेहपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। फतेहपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने सैय्यद माजरा टोल प्लाजा पर लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में 10 अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बुधवार को टोल प्लाजा परिसर से ही अमल में लाई गई, जहां इन सभी आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126/135 के तहत हिरासत में लिया गया।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में क्षेत्र के साथ-साथ अन्य राज्यों के लोग भी शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान वासिफ, आसिफ (दोनों पुत्र इरशाद), अरसलान पुत्र मन्सूर और शारिक पुत्र अकबर (सभी निवासीगण सैय्यद माजरा, गागलहेड़ी), इसके अलावा इसरार और सलमान (दोनों पुत्र वजीर निवासी चाँदपुर, गागलहेड़ी) के रूप में हुई है। वहीं अन्य आरोपियों में साहिब पुत्र फैयाज (निवासी सोहलपुर, हरिद्वार), अनिल त्रिपाठी पुत्र केशव मलिक (निवासी अमरोहा), राकेश शेखावत पुत्र टीकम सिंह (निवासी अलवर, राजस्थान) और संदीप पुत्र जगमाल शर्मा (निवासी सोनीपत, हरियाणा) शामिल हैं, जो वर्तमान में सैय्यद माजरा टोल प्लाजा पर ही रह रहे थे। पुलिस पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी।

महिलाओं व छात्राओं से बातचीत कर सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। शासन के निर्देश पर महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को थाना फतेहपुर पुलिस ने क्षेत्र में मुस्तैदी दिखाई।

थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा के मार्गदर्शन में एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर ने अपनी टीम के साथ छुटमलपुर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंचकर महिलाओं व युवतियों से सीधा संवाद किया। इस अभियान में उनके साथ महिला कांस्टेबल रिक्रूट रूपाली, दीक्षा व वीरवती भी मुस्तैद रहीं। महिला

पुलिसकर्मियों ने बाजार में खरीदारी कर रही महिलाओं, स्कूल-कॉलेज से लौट रही छात्राओं और कामकाजी महिलाओं से बातचीत कर धरातल पर उनकी समस्याएं सुनीं।

एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर ने कहा कि पुलिस का मुख्य मकसद यही है कि कोई भी महिला या बेटी खुद को असुरक्षित महसूस न करे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय और हर जगह उनके साथ खड़ी है, इसलिए बिना किसी डर या झिझक के अपनी शिकायत दर्ज कराएं, क्योंकि शिकायत करने वाली की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस की इस जमीनी पहल की स्थानीय महिलाओं ने जमकर सराहना की और कहा कि महिला पुलिसकर्मियों को अपने बीच पाकर उन्हें बड़ी हिम्मत मिली है, जिससे अब वे अपनी बात खुलकर सामने रख पाएंगी।

वहीं, थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने साफ किया कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और मनचलों पर नकेल कसने के लिए शासन के निर्देश पर यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

पूर्व सभासद पति के निधन पर शोक

रामपुर मनिहारान। पूर्व सभासद पति नासिर ठेकेदार का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व सभासद पति,विद्युत विभाग के कर्मचारी तौफीक उमर, तय्यब एडवोकेट के पिता नासिर ठेकेदार का निधन हो गया। सभी उनका बहुत सम्मान करते थे। फरमान मंसूरी ने बताया कि वह लगभग 65 वर्ष के थे। नासिर ठेकेदार के निधन की सूचना पर शहर काजी नदीमुल हक,राज्यमंत्री जसवंत सैनी,पूर्व चेयरमैन शहाबुद्दीन अहमद,चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह, विवेककान्त सिंह, प्रदीप चौधरी,काजी अब्दुल बासित, राशिद मलिक, आबिद हसन, नदीम अहमद, नफीस सैफी,आफताब मलिक, प्रवीण सहित सभी सभसदों,आस मोहम्मद सैफी, ने शोक व्यक्त किया है।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय, स0पुर

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

निविदा सं0 एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 04/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड – बलियाखेडी के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत परिवर्तको का निमार्ण/क्षमतावृद्धि/प्रोटेक्शन का कार्य निविदा मूल्य रू0 3540.00 एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)
2. 05/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड-बलियाखेडी के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत 11/33 के0वी0 वी0सी0वी0/लाईन सुदृढीकरण/स्विचयार्ड/स्वियगियर/प्रोटेक्शन का कार्य, निविदा मूल्य रू0 3540.00 एवं एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)
3. 06/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड-बलियाखेडी के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत 11/33 के0वी0 उपकेन्द्रो का सुदृढीकरण/प्रोटेक्शन का कार्य, निविदा मूल्य रू0 3540.00 एवं एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)
4. 07/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड- नकुड के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत वितरण परितर्वको की क्षमतावृद्धि का कार्य निविदा मूल्य रू0 3540.00 एवं एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)
5. 08/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड- नकुड के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत वितरण परितर्वको की क्षमतावृद्धि का कार्य, निविदा मूल्य रू0 3540.00 एवं एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)
6. 09/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड-नकुड के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत वितरण परितर्वको का निर्माण/प्रोटेक्शन का कार्य, निविदा मूल्य रू0 1180.00 एवं एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)
7. 10/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड-नकुड के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत बाईफरकेशन/सुदृढीकरण का कार्य, निविदा मूल्य रू0 354000 एवं एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)
8. 11/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड-नकुड के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत वी०सी०बी०/सुदृढीकरण/स्वियगियर का कार्य, निविदा मूल्य रू0 3540.00 एवं एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)
9. 12/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड- रागपुर गनिहारन के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत वी०सी०बी०/33 के०वी० सुदृढीकरण/प्रोटेक्शन का कार्य, निविदा मूल्य रू० 3540.00 एवं एवं धरोहर राशि निविदितं धनराशि का 01 प्रतिशत)
10. 13/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड-रागपुर गनिहारन के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत वितरण परिवर्तको की स्थापना/प्रोटेक्शन का कार्य, निविदा मूल्य रू० 3540.00 एवं एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)
11. 14/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड- रागपुर गनिहारन के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत वितरण परिवर्तको की क्षमतावृद्धि/11 के0वी0 लाईन सुदृढीकरण का कार्य, निविदा मूल्य रू0 3540.00 एवं एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)
12. 15/डब्लू/2026-27:- विद्युत वितरण खण्ड-रागपुर गनिहारन के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान 2026-27 के अन्तर्गत 33 के0वी0 लाईन (बडगाव) सुदृढीकरण का कार्य, निविदा मूल्य रू0 3540. 00 एवं एवं धरोहर राशि निविदित धनराशि का 01 प्रतिशत)

अल्पकालीन ई-निविदा की अंतिम तिथि: 11.06.2026 समय 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट. पर ही प्रदर्शित की जाएंगी। पत्रांक 3478 दिनांक 20.05.2025

चैम्पियन बनी क्रिकेट टीम का जोरदार स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। उत्तराखंड के भगवानपुर में आयोजित क्रिकेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए छुटमलपुर की क्रिकेट टीम ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। टीम के छुटमलपुर लौटने पर स्थानीय सामाजिक संस्थाओं और खेल प्रेमियों द्वारा जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया जा रहा है।

इसी कड़ी में, हाल ही में भगवानपुर टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली इस विजेता टीम के सम्मान में जिया क्लब नानका गंदेवड़ा द्वारा एक विशेष स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से बेस्ट क्रिकेटर फरदीन अंसारी, मौलाना नावेद, मौलाना जियाउर्रहमान, बेस्ट शूटर उस्मान अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता साजिद, मौलाना अहमद, कारी मुतीउर्रहमान, आफताब अंसारी, मुसब्बर अंसारी, प्रधान अजीम अंसारी, दानिश और कैप्टन आसिफ खघन सहित जिया क्लब के तमाम सदस्यों ने उपस्थित होकर छुटमलपुर क्रिकेट टीम को जीत की मुबारकबाद दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस गौरवशाली पल के गवाह बनने के लिए छुटमलपुर टीम के सभी सितारे मौजूद रहे, जिनमें टीम के कप्तान सलमान, टेनिस क्रिकेट किंग सचिन मलिक, हिमांशु, निशांत शेखर, आयुष, अंकुश (काका), शोएब (सीबू), पार्थिव, ध्रुव डावर, उमर और विश्वास आदि खिलाड़ी शामिल रहे, जिनका फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया।

17 दिन पूर्व लापता हुए युवक का सुराग नही

गंगोह। गांव से बाजार में सामान लेने आये युवक का 17 दिन भी कोई सुराग नहीं लगा है। जिससे परिजन परेशान है। वही पर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

गांव मुबारिकपुर निवासी शिवकुमार पुत्र बिशम्भर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मेरा पुत्र गुरिन्दर 3 मई को गंगोह सामान लेने के लिए गया था। जो अब तक ने लौटा है। इधर-उधर सब जगह तलाश किया, मगर उसकी कोई जानक. ारी नहीं मिल पाई है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से बेटे का पता लगने की गुहार लगाई है। मां शकुंतला व भाई बहनों का चिंतित है।

ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी से मैडकल स्टोर संचालकों में हड़कम्प

शाह टाइम्स संवाददाता

नानौता। बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर की टीम ने विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान दवाइयों के स्टॉक, खरीद-बिक्री रजिस्टर तथा लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच की गई। ड्रग विभाग की इस कार्रवाई से मेडिकल संच. ालकों में हड़कंप मच गया। टीम ने कई दुकानों से दवाओं के स्टाक चौक किया। ड्रग इंस्पेक्टर कपिल शर्मा ने बताया कि बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयों की बिक्री और एक्सपायरी दवाओं के संबंध में शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिसके आधार पर यह अभियान चलाया गया। ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल संचालकों को निर्देश दिए कि सभी दवाइयों का रिकॉर्ड सही तरीके से रखा जाए तथा नियमों का पालन किया जाए। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे नकली और अवैध दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

रक्तदान शिविर लगाया

चिलकाना। ग्राम पठेड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन दून वैली आई सैन्टर पठेड में आयोजित किया गया। जिसमे रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़ कर भागेदारी की।

ग्राम बरथाकायस्थ पठेड स्थित दून वैली आई केयर सेंटर पर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि नुकड़ विधायक प्रतिनिधि डॉ. विकेश चौधरी ने फीता काटकर किया।इस दौरान विकेश चौधरी, भाजपा नेता जायर हुसैन चांद मियां, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रमोद रावल व श्याम सिंह सैनी के द्वारा दून वैली आई केयर सेंटर के संचालक डॉ विमल शर्मा के पिता स्व. बिजेंद्र कुमार शर्मा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

शिविर में अंशुल शर्मा, सेठपाल सैनी, शशि राणा, शि. वनंदन शर्मा, पदम पंवार, राजेश सैनी, राजवीर प्रधान, सुधीर जैन, विनय कश्यप, यूनुस कुरैशी, हिमांशु गर्ग, फरमान मलिक, डॉ मुकेश सैनी, प्रवीण सैनी, घसीटु राम, लक्ष्मीचंद, हिमांशु गुर्जर, सौरभ कश्यप, जतिन शर्मा, सुमित कांबोज, डॉ इलियास अहमद, सोनू सैनी, शशिकांत शर्मा, डॉ जावेद राव, संदीप शर्मा, रेखा सैनी, सुलेखा शर्मा, मीनाक्षी शर्मा आदि 45 रक्तवीरो ने स्वेच्छा से रक्तदान कर पुण्य हासिल किया। शिविर आयोजक डॉ विमल शर्मा ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया।

नॉन फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुर मनिहारान। मदरलैंड पब्लिक स्कूल में कक्षा 4वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए नॉन फायर कुकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह एवं रचनात्मकता के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिता में छात्रों ने बिना आग का प्रयोग किए सैंडविच, फ्रूट सलाद, स्प्राउट्स चाट, भेल, कोल्ड डेजर्ट आदि अनेक स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, स्वस्थ खान-पान की आदतें, टीमवर्क एवं जीवन कौशल का विकास करना था।

विद्यार्थियों ने अपने व्यंजनों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया तथा उनके पोषण संबंधी गुणों की जानकारी भी दी। शिक्षकों ने बच्चों के प्रयासों एवं नवीन विच. ारों की सराहना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शालू कुमारी ने विद्यार्थियों को स्वस्थ भोजन अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा उनकी मेहनत और सहभागिता की प्रशंसा की।विद्यालय की चेयरपर्सन श्वेता सैनी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार की गति. विधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

सूचना

मैंने अपना नाम श्याम लाल से बदलकर पंकज कुमार रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा।

पंकज कुमार पुत्र राम सिंह, खलासी लाईन सहारनपुर।

नाम शुद्धिकरण सूचना

मैंने अपना नाम Mauo Kamil से बदलकर Mohd Kamil कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए **Mohd Kamil** के नाम से जाना जायेगा।
पताः-Mohd Kamil S/o Mohd Sareef, **निवासी** म०नं०-226 **बाजोरिया रोड, दाबकी जुनारदार, सहारनपुर** उ०प्र०-247001

हम लॉर्ड्स में अपना पहला विश्वकप जीतना चाहते है: जेमिमा रोड्रिग्स

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि हम लॉर्ड्स में होने वाला आगामी टी-20 विश्वकप 2026 का फाइनल जीतना चाहते है। यह पुरुष विश्वकप में भारत की पहली जीत की यादों के झरोखे के बाद एक सुखद अनुभूति होगी।

लॉर्ड्स में 1983 के विश्वकप जीतने की यादें आज भी हर भारतीय के दिमाग में कौंधती है। इसी को लेकर रोड्रिग्स ने आईसीसी से कहा, कपिल देव और भारतीय पुरुष टीम ने वहां अपना पहला विश्व कप जीता था। हम वहां अपना पहला महिला टी-20 विश्व कप जीतना चाहेंगे। यह बहुत बढ़िया होगा। भी ज्यादा

समय नहीं हुआ जब रोड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमी-फाइनल में भारत को जीत दिलाने के लिए 134 गेंदों पर नाबाद 127 रन की अपनी जिदगी की सबसे यादगार पारी खेली थी। इस जीत के बाद भारत ने नवी मुंबई में एक शानदार रात में अपना पहला टाइटल जीता। रोड्रिग्स का मानना है कि इस जीत ने भारतीय टीम में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में अपना सर्वश्रैठ देने का पक्का इरादा भर दिया है। भारत ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा चेज किया। उन्होंने कहा, अब सब ठीक हो गया है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह दबाव है। मुझे लगता है कि यह ज्यादा मोटिवेशन है क्योंकि अब आपने महसूस कर लिया है कि एक वर्ल्ड कप उठाने का क्या एहसास होता है। इससे आप एक और वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं, फिर एक और, फिर एक और। तो मुझे लगता है कि टीम और भी ज्यादा मोटिवेटेड और ज्यादा उत्सुक है। और इससे भी ज्यादा, हमने देखा कि भारत में महिला क्रिकेट पर इसका कैसा असर पड़ा। हम बस उस लेगेसी को इंग्लैंड ले जाना चाहते हैं।मुझे लगता है कि इस टीम में कैरेक्टर है। जब आप बड़े गेम जीतना चाहते हैं,

तो आपको कैरेक्टर वाले लोगों की जरूरत होती है, ऐसे लोग जो अपने तरीके से अलग हों, लेकिन उनमें एक बात होती है कि वे मैच जीतने के लिए कुछ भी करेंगे। इस तरह का एटीट्यूड। और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा कैरेक्टर है। और इसीलिए किसी भी सिचुएशन में, मुझे विश्वास है कि हमारी टीम मैच जीतने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सबसे पहले, मेरे लिए सबसे बड़ी सीख यह थी कि मैं बहुत एंग्जायटी से गुजर रही थी, अच्छा नहीं कर रही थी, टूर्नामेंट में दो बार डक पर आउट हुई, ड्रॉप हो गई और चार साल पहले, मुझे क्रिकेट वर्ल्ड कप से ड्रॉप कर दिया गया। यह मेरा पहला वर्ल्ड कप था। मुझे एहसास हुआ कि कभी-कभी आपको बस इतना करना होता है कि आप आगे बढ़ें क्योंकि जदिगी में सब कुछ अच्छे के लिए ही होता है। मुझे लगता है, उन चार सालों ने मुझे ऐसे पल के लिए ट्रेनिग दी, क्योंकि मुझे उन सभी सालों की नाकामियों से मिले उस सारे अनुभव का इस्तेमाल करना था, जो शायद ऐसे समय के लिए था। उन्होंने कहा, तो मुझे लगता है कि यह मेरी सबसे बड़ी सीख थी, कि कभी-कभी, खासकर जब यह मुश्किल हो जाता है।

25 वें ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए जोकोविच रौलां गैरो पहुंचे

पेरिस, वार्ता। पूर्व नंबर एक नोवाक जोकोविच रौलां गैरो के लिए पेरिस पहुंच गए हैं और इस सीजन के दूसरे बड़े टूर्नामेंट में अपनी 22वीं बार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को कोर्ट फिलप-चैट्रियर पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अभ्यास किया। सर्बियाई खिलाड़ी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले भी चर्चा का मुख्य केंद्र बने हुए हैं,

क्योंकि वे रिकॉर्ड 25वां बड़ा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। जोकोविच, जिन्होंने हाल ही में रोम में मुकाबला किया था, इस क्ले कोर्ट सीजन में दूसरी बार खेलेंगे। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में रोम में फिर से एक्शन में लौटे थे, मार्च में इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर से चौथे दौर में हारने के बाद से उन्होंने कोई मुकाबला नहीं खेला था। फोरो इटालिको में, जो. कोविच दूसरे दौर में डिनो प्रिजमिक से हार गए थे। लेकिन 101 बार टूर-स्तरीय खिताब जीतने वाले खिलाड़ी का ध्यान अब रौलां गैरो पर है, एक ऐसा टूर्नामेंट जहां उन्होंने अपने पूरे करियर में काफी सफलता हासिल की है। सर्बियाई खिलाड़ी तीन बार के चैंपियन हैं, जिन्होंने 2016, 2021 और 2023 में ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, जोकोविच क्ले-कोर्ट के इस बड़े टूर्नामेंट में सात बार फाइनल तक पहुंचे हैं और 'टेरे बैट्यू' (क्ले कोर्ट) पर 101 जीत दर्ज की हैं। पिछले साल, जानिक सिनर से हारने के बाद सेमीफाइनल में उनका सफर खत्म हो गया था। जोकोविच इस साल के टूर्नामेंट में 7-3 के रिकॉर्ड के साथ उतर रहे हैं।

खेल विशेष

आयरलैंड ने टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

डबलिन, वार्ता। आयरलैंड ने इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व. कप के लिए अपनी टीम की घोणा कर दी है। गैबी लुईस कमान की कप्तानी वाली 15 सदस्यों वाली इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्हें इस बड़े टूर्नामेंट के लिए पहली बार बुलाया गया है, जिनमें एवा कैनिग, क्रिस्टीना कूल्टर रेली, अलाना डेलजेल, एमी मैगुइरे और लारा मैकब्राइड शामिल हैं। यह गैबी का पहला टी-20 विश्वकप है। लुईस आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालिफायर में सात मैचों में 276 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। टीम में लीह पॉल, एमी हंटर और ओलीविया ग्रेंडरगैस्ट जैसी खिलाड़ी भी शामिल है।

भारत की अंडर18 महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराया

भोपाल, वार्ता। भारत की अंडर18 महिला हॉकी टीम ने बुधवार को सीरीज के चौथे और आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 4-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। आज यहां उ(व दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल साई केंद्र में खेले गए मुक. बले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही ऑरोरा कोवासेविच ने (आठवें) मिनट में किए गए गोल से बढ़त बना ली, जिससे मेहमान टीम आगे हो गई। हालांकि, भारतीय टीम ने तुरंत जवाब दिया और कपतान स्वीटी कुजूर ने (13वें) मिनट में क्वार्टर खत्म होने से पहले बराबरी का गोल कर दिया। घरेलू टीम ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय जारी रखी और दीया (25वें) मिनट में गोल से बढ़त बना ली, जिससे भारत हाफटाइम तक 2-1 से आगे हो गया। भारत ने दूसरे हाफ में कंट्रोल बनाए रखा और तीसरे क्वार्टर में प्रियंका मिज ने (44वें) मिनट गोल से अपनी बढ़त और बढ़ा ली।

डब्ल्यूटीसी तालिका में बांग्लादेश ने भारत को पीछे छोड़ा

सिलहट, वार्ता। सिलहट में दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान पर 78 रनों की शानदार जीत के बाद, बंगलादेश आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की स्टैंडिग में भारत से ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इस एशियाई टीम ने टेस्ट के आखिरी दिन सुबह के सत्र में ही सीरीज पर कब्जा करने वाली यह जीत पक्की कर ली(उनके गेंदबाजों ने पाकिस्तान के आखिरी तीन विकेट लेकर सीरीज का स्कोर 2-0 सुनिश्चित किया। आईसीसी के अनुसार, इस जीत के साथ बंगलादेश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की स्टैंडिग में 58-33 प्रतिशत के जीत-हार प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, और उसने भारत को पीछे छोड़ दिया है, जो अब छठे स्थान पर खिसक गया है। इस हार के बाद पाकिस्तान स्टैंडिग में आठवें स्थान पर ही बना हुआ है।

सूर्यवंशी की नजरें अब क्रिस गेल के छक्कों के रिकॉर्ड पर

जयपुर, वार्ता, वार्ता। युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अब तक 53 छक्के लगाए हैं, जो किसी भी बल्लेबाज द्वारा किसी भी टी -20 टूर्नामेंट में दूसरे सबसे ज्यादा हैं। सबसे ज्यादा 59 छक्के क्रिस गेल ने आईपीएल 2012 में लगाए थे। सूर्यवंशी की नजरें अब गेल के रिकॉर्ड पर होंगी।

सूर्यवंशी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मंगलवार को 10 छक्कों की मदद से 93 रन बनाए। सूर्यवंशी ने तीन बार आईपीएल की एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। वह अब सिर्फ गेल से पीछे हैं, जिन्होंने ऐसा चार बार किया था। सूर्यवंशी ने 2026 में दो बार एक पारी में 10 या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। आईपीएल के एक सीजन में एक से अधिक बार ऐसा करने वाले एकमात्र दूसरे बल्लेबाज फिन

ऐलन हैं, जिन्होंने 2026 में ही ऐसा किया है। राजस्थान रॉयल्स ने इस आईपीएल में पहले छह ओवरों में 60 छक्के लगाए हैं, जो किसी भी टीम द्वारा इस चरण में आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा लगाए गए छक्के हैं। उन्होंने 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के 59 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा। इनमें से अकेले सूर्यवंशी ने 37 छक्के लगाए हैं। किसी और बल्लेबाज ने किसी एक सीजन के पहले छह ओवरों में 30 छक्के भी नहीं लगाए हैं। राजस्थान रॉयल्स लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 221 रनों का लक्ष्य हासिल किया। आईपीएल में राजस्थान द्वारा 220 से ज्यादा का लक्ष्य सफलतापूर्वक चेज करने का यह चौथा मौका था।

ऑरेंज कैप पर वैभव सूर्यवंशी का कब्जा

जयपुर, वार्ता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की ऑरेंज कैप की दौड़ में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच खेले गए मुकाबले में पहले मिचेल मार्श और फिर वैभव सूर्यवंशी ने कब्जा किया। मिचेल मार्श एक सप्ताह पहले सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजो की सूची में आसपास भी नहीं थे आरआर के खिलाफ 57 गेंदों पर 96 रनों की पारी और इससे पहले अपनी पिछली दो पारियों में 111 और 90 रन बनाकर वह 563 रनों के साथ इस सूची में शीर्ा पर पहुंच गए। लेकिन वह शीर्ा स्थान पर अधिक देर नहीं रह पाए, क्योंकि अब नंबर वैभव सूर्यवंशी का था। वैभव सूर्यवंशी न एक बार फिर आक्रामक पारी खेली। सूर्यवंशी ने इसी सीजन जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 103 रनों की पारी खेली थी लेकिन आरआर वह मैच हार गई थी। हालांकि इस मुकाबले में सूर्यवंशी ने 38 गेंदों पर 93 रनों की पारी खेली और आरआर ने प्लेऑफ के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत की। लेकिन जल्द ही उनके बल्ले से बड़े शॉट्स आने लगे और मात्र 23 गेंदों पर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। अपनी पारी के समापन के बाद सूर्यवंशी 579 रनों के साथ ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए और 563 रनों के साथ मार्श दूसरे स्थान पर खिसक गए। एसआरएच के हाइनरिक क्लासन अब तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 555 रन बनाए हैं। इसके बाद गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) हैं। पर्पल कैप तालिका में इस सीजन एलएसजी के सबसे सफल गेंदबाज प्रिस यादव लगातार तीसरे मुकाबले में एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाए और उनके नाम अभी भी 16 विकेट हैं।

सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हुए लैंगर

जयपुर, वार्ता। स्ट्रेलिया के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाले जस्टिन लैंगर, वैभव सूर्यवंशी की प्रतिभा से हैरान होने वालों की सूची में एक नया नाम बन गए हैं। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को प्ले ऑफ की उम्मीदें जदिा रखने के लिए लैंगर की कोचिग वाली लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 221 रन बनाने थे, लेकिन सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाकर मैच को आसान बना दिया। जब वह आउट हुए, तब आरआर को जीत के लिए सिर्फ छह ओवर में सिर्फ 41 रन चाहिए थे। लैंगर ने सूर्यवंशी को लेकर विश्व क्रिकेट के लिए एक तरह की चेतावनी दे दी। उन्होंने कहा, 35 साल के क्रिकेट करियर में मैंने कई शानदार खिलाड़ी देखे हैं, लेकिन किसी युवा खिलाड़ी को इस तरह बल्लेबाजी करते देखना, सिर्फ आज नहीं बल्कि पूरे टूर्नामेंट में हैरान कर देने वाला है। पिछले मैच में मिचेल स्टार्क गेंदबाजी कर रहे थे और उनके चेहरे का भाव देखिएगा। सूर्यवंशी उन्हें मार रहे हैं और स्टार्क के चेहरे पर ऐसा भाव था जैसे- 'यह यहां क्या हो रहा है।

आरसीबी के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट इस सप्ताह आईपीएल में वापसी करेंगे

नई दिल्ली, वार्ता। फिल सॉल्ट इस सप्ताह के आखिर में भारत लौटने वाले हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि वह उंगली की चोट के कारण एक महीने तक आईपीएल से बाहर रहने के बाद वापसी करेंगे। इंग्लैंड और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में बाउंड्री बचाने की कोशिश करते समय बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई थी।

तब से वह कोई मैच नहीं खेले हैं और पिछले महीने अपनी उंगली ठीक होने के दौरान परिवार के साथ समय बिताने के लिए घर लौट गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है और अगर नेट रन रेट में कोई बड़ा

बदलाव नहीं हुआ तो टीम अगले मंगलवार धर्मशाला में क्वालिफायर 1 में पहुंचने की मजबूत दावेदार है। अभी यह साफ नहीं है कि सॉल्ट शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के आखिरी लीग मैच में खेल पाएंगे या नहीं, लेकिन प्लेऑफ इतने क़रीब होने की वजह से टीम कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं दिख रही। सॉल्ट की जगह पिछले एक महीने से इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी जैकब बेथेल विराट कोहली के साथ ओपनिग कर रहे थे, लेकिन वह ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं। उन्होंने सात पारियों में 96 रन बनाए हैं।

प्रेजेंटेशन में लखनऊ टीम के लिए अपशब्द बोल गए ऋषभ पंत

जयपुर, वार्ता। कप्तान ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की 13 मैचों में नौवीं हार के बाद पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में टीम के लिए अपशब्द बोल गए। आईपीएल 2026 में वे प्लेऑफ की दौड़ से बहुत पहले ही बाहर हो चुके हैं। टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे है और अब इस सीजन के खत्म होने से पहले उन्हें सिर्फ एक आखिरी मैच की औपचारिकता पूरी करनी है।

पंत शनिवार को पंजाब किग्स के खिलाफ होने वाले मैच को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जब उन्होंने कहा कि हम एक टीम के तौर पर गर्व महसूस करते हैं, चाहे अभी हमारी स्थिति कैसी भी हो। हमारी टीम जैसी है, हमें पता है कि हम जीत सकते हैं। चाहे कुछ भी हो, हम टीम और खिलाड़ी के तौर पर बहुत

आत्मविश्वासी हैं। चीजें हमारे हिंसाब से नहीं गईं और ए सब जानते हैं, लेकिन इससे ए सच नहीं बदलता कि हम एक (अपशब्द) अच्छी टीम हैं। एलएसजी की सबसे बड़ी समस्या उनकी बल्लेबाजी रही है। खुद पंत का सीजन बेहद खराब रहा है, जहां उन्होंने 12 पारियों में सात बार 20 या उससे कम रन बनाए। उनके आसपास के बड़े खिलाड़ी, जैसे- निकोलस पूरन भी फॉर्म में नहीं दिखे। यहां तक कि मिचेल मार्श, जिन्होंने हाल ही में शतक लगाया था और मंगलवार को 96 रन बनाए, उनका भी इस आईपीएल में आगाज धीमा रहा था। टीम डायरेक्टर टॉम मूडी ने माना कि खासकर मध्य क्रम का खराब प्रदर्शन, टीम के इस औसत प्रदर्शन की बड़ी वजह रहा,

जिसकी वजह से टीम लगातार अंक तालिका के निचले हिस्से में रही। हालांकि राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ बल्लेबाजों ने ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन गेंदबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के सामने बुरी तरह दबाव में आ गए। सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाए, जबकि जायसवाल ने 23 गें. दों में 43 रन की पारी खेली। आरआर के सलामी बल्लेबाजों ने 221 रन के लक्ष्य में से 75 रन सिर्फ 39 गेंदों में ही जोड़ दिए।

बांगलादेश ने पाक को दूसरे टेस्ट में 78 रनों से हराकर सीरीज 2-0 से जीती

सिलहट, वार्ता। दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को बंगलादेश ने तैजुल इस्लाम (छह विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को 78 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ बंगलादेश ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। 126 रनों और 69 रनों की पारी खेलने वाले लिटन कुमार दास को 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा सीरीज में 253 मुशफिकुर रहीम को 'प्लेयर ऑफ दा सीरीज' का पुरस्कार मिला।

पाकिस्तान ने आज यहां कल के सात विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में 96वें ओवर में तैजुल इस्लाम ने साजिद खान (28) को आउटकर बंगलादेश को आठवीं

सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने शतक की ओर बढ़ रहे मोहम्मद रिजवान को आउट कर पाकिस्तान के मैच जीतने की उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। मोहम्मद रिजवान ने 166 गें. दों में 10 चौके लगाते हुए 94 रनों की पारी खेली। 98वें ओवर की दूसरी गेंद पर तैजुल इस्लाम ने खुर्रम शहजाद (शून्य) को आउट कर पाकिस्तान की पारी का 358 के स्कोर पर पाकस्तान की दूसरी पारी का अंत कर मुकाबला 78 रनों से जीत लिया। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने छह विकेट लिए। नाहिद राणा को दो विकेट मिले। शोरिफुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बंगलादेश के पहली पारी में 46 रन की बढ़त लेने और दूसरी पारी में 390 रन जोड़ने के बाद मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए, पाकिस्तान ने शुरुआती झटकों के बाद लगातार वापसी की और आखिरी दिन तक मुकाबला बनाए रखा। पाकिस्तान ने बिना किसी नुकसान के 0 रन से आगे खेलना शुरू किया और अब्दुल्ला फजल का विकेट जल्दी ही गिर गया, जब नाहिद राणा ने एक्स्ट्रा बाउंस फेंककर गली में मेहदी हसन मिराज को शानदार कैच पकड़ने पर मजबूर कर दिया।

बीसीसीआईके घरेलू सीजन 2026-27 में 1,788 मैच खेले जाएंगे

मुंबई, वार्ता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भारतीय घरेलू सीजन 2026-27 का शेड्यूल घोषित करते हुए खुशी हो रही है। इस सीजन के दौरान, पुरुषों और महिलाओं के क्रिकेट में अलग-अलग आयु वर्गों और फॉर्मेट में कुल 1,788 मैच खेले जाएंगे। इस सीजन में पुरुषों के क्रिकेट में सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर16 श्रेणियों में टूर्नामेंट होंगे, साथ ही महिलाओं की सीनियर, अंडर23, अंडर19 और अंडर15 प्रतियोगिताओं का भी एक विस्तृत कैलेंडर होगा।

घरेलू सीजन की शुरुआत 23 अगस्त को प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी से होगी। यह एक और विस्तृत और बेहद प्रतिस्पर्धी कैलेंडर की शुरुआत का प्रतीक है, जो भारत में घरेलू क्रिकेट के मानकों को लगातार ऊंचा उठा रहा है। 2026-27 का घरेलू सीजन एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी घरेलू ढांचा बनाने के प्रति बीसीसीआई की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि सभी फॉर्मेट और श्रेणियों में संतु. लित प्रगति हो। इस सीजन का रेड-बॉल (लाल गेंद) वाला हिस्सा दलीप ट्रॉफी से शुरू होगा, जिसमें छह जोनल टीमें हिस्सा लेंगी। इसके बाद एक अक्टूबर से ईरानी कप खेला जाएगा। रणजी ट्रॉफी और कर्नल सी-के- नायडू ट्रॉफी दो चरणों वाले फॉर्मेट में ही खेली जाती रहेंगी। इससे खिलाड़ियों को आराम करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, और साथ ही घरेलू ढांचे में मल्टी-डे क्रिकेट (कई दिनों तक चलने वाले मैच) को प्राथमिकता देना भी जारी रहेगा। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप में चार समूहों में 32 टीमें होंगी, जबकि प्लेट ग्रुप में छह टीमें शामिल होंगी। आने वाले सीजन में कर्नल सी-के- नायडू ट्रॉफी के विजेताओं और 'रेस्ट ऑफ इंडिया' के बीच होने वाले मैच की वापसी होगी। यह मैच 1 से 4 अक्टूबर 2026 के बीच खेला जाएगा। यह मैच घरेलू कैलेंडर में इसलिए वापस लाया गया है, ताकि अंडर23 आयु वर्ग के उभरते हुए क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर और प्रतिस्पर्धी मंच मिल सके। घरेलू क्रिकेट को आधुनिक खेल की बदलती जरूरतों के अनुरूप बनाने के बीसीसीआई के निरंतर प्रयासों के तहत, पुरुषों की अंडर23 स्टेट 'ए' ट्रॉफी और विजी ट्रॉफी को 'वनडे' (एक दिवसीय) प्रतियोगिताओं से बदलकर टी-20 टूर्नामेंट में बदल दिया गया है।

जेल से रिहा हुए गिरफ्तार कश्यप समाज के लोग

गिरफ्तारी के विरोध में धरने पर बैठी थी कैराना सांसद इकरा हसन, जेल के फूलमाला से किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जसाला हत्याकांड प्रकरण में सांसद इकरा हसन के समर्थकों को बुधवार को जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद जेल के बाहर समा. जवादी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं कश्यप समाज के लोगों ने सभी का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

गौरतलब है कि डीआईजी अभिषेक सिंह एवं सांसद इकरा हसन से जुड़े प्रकरण में विगत दिवस पूर्व राज्यमंत्री मांगेराम कश्यप समेत लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गिरफ्तारी के विरोध में सांसद इकरा हसन के नेतृत्व में थाना सदर बाजार पर धरना-प्रदर्शन किया गया था। धरने के दौरान देर रात नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह द्वारा वार्ता कर सभी गिरफ्तार लोगों को बुधवार सुबह रिहा किए जाने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया था। बुधवार को लगभग दोपहर 12 बजे मांगेराम कश्यप समेत सभी गिरफ्तार लोगों को जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। जेल से बाहर आते ही समा. जवादी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं कश्यप समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के पुत्र मोनिश रजा ने कहा कि पीडित परिवार को न्याय दिलाया जायेगा और किसी भी अन्याय का हर स्तर पर विरोध किया जायेगा। वह पूरी तरह पीडित परिवार के साथ खडे है।

इस दौरान साजिद चौधरी, मौ. हस्सान, हस्सान, पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा, वसीम चौधरी, हसन चौधरी, सलीम, जमाल साबरी, फैसल सलमानी, रोहित कश्यप, रवि कश्यप, राहुल कश्यप, अर्जुन कश्यप, हेमंत कश्यप, हरपाल कश्यप आदि लोग मौजूद है।

कार्यकर्ताओं की सक्रियता दिलाएगी जीतः राजीव

शाह टाइम्स संवाददाता

सहारनपुर। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि भाजपा का संगठन देश का सबसे अनुशासित एवं मजबूत संगठन है, और शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही चुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित करती है।

नगर विधायक राजीव गुंबर दिल्ली रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित भाजपा महानगर द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से शक्ति केंद्र संयोजकों एवं बूथ अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, नगर विधायक राजीव गुंबर ने सभी नवनियुक्त मंडल प्रभारियों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन है। महापौर अजय कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ कार्य कर रही है। पूर्व महापौर संजीव वालिया ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक गति. विधियों को नियमित रूप से संचालित किया जाए। पूर्व विधायक जगपाल सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा, संगठन और समर्पण की भावना के साथ कार्य करता है। बैठक ने सभी महानगर पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष गोपाल मेहंदीरत्ता हनी वर्मा मनोज तायल विजय वर्मा,शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष महानगर मीडिया प्रभारी विजय गुप्ता, महामंत्री ललित कटारिया, महानगर मंत्री राजेश जौहरी, आरती शर्मा, बबीता सैनी नीरज ठकराल, कोषाध्यक्ष मानवेंद्र भारद्वाज उपाध्यक्ष नीलू राणा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक संचालन महानगर महामंत्री सरदार सूपनीत द्वारा किया गया।

तालाब में मरी हजारों मछलियां

चिलकाना। ग्राम मलकपुर के एक तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में हजारों की संख्या में मछलियां मर गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मछलियों के मरने की जांच कर रही है।

सहारनपुर निवासी मोहम्मद गौरी एडवोकेट ने गांव मलकपुर में जमीन खरीद कर मछली पालन के लिए तालाब का निर्माण कराया है। विगत मंगलवार को किसी ने सूचना दी कि उसके तालाब में हजारों की संख्या में मछलियां मर गई है। मछलियां मरने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मछलियों के अचानक मरने की जांच की।

आचार्यों ने कराया अभिषेक

शाह टाइम्स संवाददाता

रामपुर मनिहारान। नगर में विराजमान जैनाचार्य आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज का आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर महाराज से मंगल मिलन हुआ। दोनों आचार्यों के द्वारा भगवान का अभिषेक और शान्ति धारा कराई गई।

जैन मुनि आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी महाराज ने कहा कि आपके नगर में कोई भी दिगम्बर संत आये तो आपका कर्त्व्य है की उनका सम्मान करें। उनका विहार कराएं, उनकी आहारचर्चा कराएं। साधु की संगति उत्तम पुण्य से प्राप्त होती हैं। आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि पंचपरमेठी की आराधना करनी चाहिए। प्रभु की आराधना करने वाले के संकट अपने आप ही टल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमे किसी के अंदर नही झांकना है हमे अपने अंदर ही झांकना है। रास्ते में कई जगह आरती की गई। विहार में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, मंत्री अभिषेक जैन, शषांक जैन, आर्जव जैन, प्रशांत जैन, अनमोल जैन, शुभम जैन, अनुराग जैन, नीरज जैन, अभिषेक जैन, वीरेश जैन, ललित जैन आदि लोग मौजूद रहे।

गैराज पर तालाबंदी, नगर में चरमराई सफाई व्यवस्था

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजरों की हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के जिला अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में पां. चवें दिन भी गैराज पर तालाबंदी की गई। वहीं नगर निगम की सफाई व्यवस्था के निजीकरण के विरोध में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के तत्वावधान में चल रहा विशाल धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

धरना स्थल पर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय संचालक वीरोतम अजय बिरला अपने सहयोगियों केंद्रीय सदस्य वीर श्रेष्ठ प्रवीण सोदाई, प्रदेश अध्यक्ष गौरव पुहाल, मंडल अध्यक्ष वीर आनंद बिरला, जिला अध्यक्ष गौरव चौहान सहित अनेक साथियों के साथ पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के जिला अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में पांचवे दिन भी गैराज पर तालाबंदी की गई। इस दौरान वाल्मीकि सभा के जिलाध्यक्ष विनोद घावरी, वरदान घावरी, भारत राज, सुजीत कुमार, अरुण आदिवाल, रवि, अजय सुप. रवाइजर, राजीव सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

तीन दिनों से जारी हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है। भीषण गर्मी के बीच बाजारों, मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर कूड़े के ढेर लगे हुए है।

पेंशनर्स का दूरभाष केन्द्र पर प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। कमेटी ऑफ बीएसएनएल एमटीएनएल पेंशनर्स एसोसिएशन के आहवान पर आज पेंशनर्स ने दूरभाष केंद्र पर धरना प्रदर्शन किया।

मिशन कम्पाउंड स्थित दूरभाष केंद्र पर एआईबीडीपीए व एआईबीएसएनएलपीडब्लूए के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। उनका कहना था कि पेंशनर्स ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष दूरसंचार सेवाओं के विकास में समर्पित किये है इसलिये उनके साथ किसी प्रकार की उपेक्षा व भेदभाव स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं संबंधित मंत्रालयों से संवे. दनशीलता दिखाते हुए पेंशनर्स की मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय लेना चाहिये।

पूर्व एमएलसी की कुर्क सम्पत्तियों में से आम बहार की नीलामी

शाह टाइम्स संवाददाता

बेहट। तहसील बेहट परिसर में आज पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल की कुर्क की गई संपत्तियों की बाग बाहर (आम की फसल) नीलामी को लेकर भारी हलचल देखने को मिली। प्रशासन की मौजूदगी में हुई नीलामी प्रक्रिया में कई संपत्तियों पर लाखों रुपये की बोली लगी।

बताया जा रहा है कि शाहपुर गाड़ा रकबे की बाग बाहर नीलामी में अब्दुल जब्बार ने सबसे ऊंची बोली लगाते हुए 4 लाख 35 हजार रुपये में ठेका अपने नाम कराया। वहीं शाहपुर गाड़ा की ही कुर्क नई संपत्ति की नीलामी भी अब्दुल जब्बार के नाम 22 लाख 15 हजार रुपये में छोड़ी गई। इसके अलावा अलीअकबरपुर रकबे की संपत्ति की सबसे बड़ी बोली 40 लाख रुपये रही, जिसे आनंद चौहान ने अपने नाम किया। यह नीलामी पूरे दिन चर्चा का केंद्र बनी रही। मिर्जापुर पोल रकबे की संपत्ति 13 लाख रुपये में सोनू के नाम गई, जबकि रोशनपुर पेलो की बाग बाहर नीलामी 27 हजार रुपये में जनेश्वर के नाम छोड़ी गई। अन्य कई संपत्तियों की भी नीलामी प्रक्रिया पूरी की गई। नीलामी के दौरान तहसील प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। मौके पर नायब तहसीलदार, कानूनगो, कई लेखपाल सहित प्रशासनिक टीम मौजूद रही।

तकमील ए हिफ्ज ए कुरआन पर कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

पुंवारका। जामिया इस्लामिया फैजुस्सत्तार नाफिउल उलूम में तकमील ए हिफ्ज ए कुरआन के मौके पर एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की सरपरस्ती हजरत हाजी कारी मोहम्मद इरशाद ने फरमाई, जबकि सदर के फराइज कारी मोहम्मद सालिम साहब काशिफी ने अंजाम दिए। जलसे की शुरुआत मोहम्मद फरहान सहारनपुरी की तिलावत-ए-कुरआन से हुई, जबकि मौलाना मोहम्मद फरजान कासमी ने नात-ए-पाक पेश की। मुख्य वक्ता हजरत मौलाना मोहम्मद इरशाद साहब उकाबी ने अपने खिताब में कुरआन की फजीलत, उसकी अहमियत और हुफ्फाज-ए-किराम के बुलंद मकाम पर रोशनी डाली। इसी दौरान हाफिज मोहम्मद अयाज पुत्र हाजी हाफिज मोहम्मद रियाज की तकमील ए हिफ्ज कराई गई और दस्तारबंदी की रस्म अदा की गई। हाफिज मोहम्मद अयाज ने कुरआन की तालीम कारी अब्दुल मन्नान मजा. हिरी की निगरानी और तरबियत में हासिल की। अंत में मौलाना मोहम्मद हुसैन मजाहिरी ने तमाम मेहमानों और शिरकत करने वालों का शुक्रिया अदा किया। हजरत कारी मोहम्मद इरशाद की दुआ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

शोरूम में चोरी की बड़ी वारदात

गंगोह। लखनोती रोड स्थित शिवम एंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम में चोरी ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

मोहल्ला मोहम्मद गौरी निवासी पीड़ित शमीम पुत्र कल्लन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि अज्ञात चोरों ने मंगलवार रात्रि में किसी समय लखनोती रोड स्थित शिवम एंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम में सेंध लगाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित के अनुसार चोर दुकान का शटर/गेट तोड़कर अंदर घुसे और वहां रखी लिथियम बैटरी वाली एक स्कूटी, जिसकी कीमत करीब 27 हजार रुपये बताई गई।

आरटीई की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। आरटीई छात्रों के साथ कथित भेदभाव को लेकर आपके अपने शाह टाइम्स पत्र के द्वारा प्रकाशित समाचार का शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी कु. कोमल के निर्दिष्ट अनुसार मंगलवार को नगरीय खंड शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा के नेतृत्व में इंदिरा चौक क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों में जांच-पड़ताल की गई तथा आरटीई से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अध्ययनरत किसी भी छात्र के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। वहीं नगरीय खंड शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा ने ऐसे विद्यालयों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि भविष्य में आरटीई छात्रों के उत्पीड़न अथवा भेदभाव की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

स्थानीय अभिभावकों ने विभागीय कार्रवाई पर संतोष जताते हुए निष्पक्ष निगरानी जारी रखने की मांग की है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा का स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

बेहट। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत राणा का बेहट विधान सभा के गांव साढ़ोली भूढ में जिला पंचायत सदस्य चौधरी रामकिशन उर्फ रामू द्वारा द्वारा उनका भव्य, ऐतिहा. सिक और जोरदार अभिनन्दन स्वागत किया गया।

बुधवार स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही मे बेहट विधान सभा क्षेत्र से पार्टी का विधायक बनाने के साथ साथ जनपद की सातों विधान सभा में बनाने का काम करूंगा। जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास कार्य हो रहे है उन्होंने अपने कोटे से जिले में 450 करोड़ रु के विकास कार्य करा दिए है।

कार्यक्रम को नकूड विधायक मुकेश चौधरी पूर्व विधायक नरेश सैनी वरिष्ठ भाजपा नेता अभय राणा, साहब सिंह पुंडीर डीसीडीएफ के चेयरमेन सुनेंद्र राणा, प्रियमवदा राणा आदि नेताओं ने भी संबोधित किया।

सोहन सिंह मुखिया, प्रधान प्रदीप गुप्ता बॉबी मुकेश चौहान कर्णवाल राज. ेंद्र बिजेंद्र सैनी, अजय सैनी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अन्त में कार्यक्रम संयोजक चौधरी रामू कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्पण की सराहना और धन्यवाद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका श्रेय समर्पित कार्यकर्ताओं कोअधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

विद्युत विभाग के खिलाफ व्यापारी हुए मुखर

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल का एक प्रति. निधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा के नेतृत्व मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचा और विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्बोधित मंडलायुक्त दिया।

आज व्यापार मंडल से जुडे व्यापारी प्रदेश कार्यालय पर एकत्रित हुये और वहां से दिल्ली रोड़ स्थित मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचा। उन्होंने विद्युत विभाग खिलाफ ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने बताया की इशरत राइस मिल गोटे शाह सहारनपुर पर दो नाग ट्रांसफार्मर सड़क पर रखे हुए हैं। इसके संबंध में उन्होंने मंडल आयुक्त को कई माह पूर्व पत्र प्रेषित कर उक्त ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित करने का निवेदन किया था जिस पर मंडल आयुक्त ने जांच आख्या तलब की थी परंतु आज तक भी उक्त दोनों ट्रांसफार्मर वहीं रखे हुए हैं जिससे दुर्घटना का भय बना हुआ है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री द्वारा झटपट योजना विद्युत कनेक्शन शीघ्र देने के संबंध में लागू की गई थी जिसका की विद्युत विभाग द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है और बिना दलालों के या कमीशन दिए कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। इन दोनों मुद्दों से आमजन व व्यापारी बहुत त्रस्त है। इसलिए पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के साथ बहुत से व्यापारियों ने आज मंडलायुक्त को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अनुज कुमार गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारती भानु एडवोकेट, प्रदेश सचिव विनय जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार, जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर, नगर अध्यक्ष सनी विजय मल्होत्रा,नगर महासचिव रोहित अग्रवाल, सुशील कांबोज, विजेंद्र गुप्ता, अजमत अली आदि सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

तीन महिला समेत पांच शांति भंग में गिरफ्तार

सहारनपुर। महिला थाना पुलिस ने शांति भंग के आरोप में तीन महिलाओं समेत पांच आरो. पियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

महिला थाना पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कुसुम भाटी राणा व उपनिरीक्षक महिपाल सिंह के नेतृत्व में महिला थाने में काउंसिलिंग के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में तीन महिलाओं समेत पांच आरो. पियों प्रथम पक्ष के रेखा पत्नी पूरन सिंह, पूरन सिंह पुत्र रामप्रसाद तथा दूसरे पक्ष के रीना पत्नी मदन निवासी अमोली थाना देवबंद, रबीन पुत्र जग्गा निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना कोतवाली देहात व विशाल पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम ढलावली थाना गंगोह को गिरफ्तार कर लिया।

कस्बा छुटमलपुर में सघन चैकिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। बुधवार को कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने और सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए फतेहपुर के थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा ने खुद कमान संभाली। वे भारी पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरे और पूरे दल-बल के साथ क्षेत्र में गश्त की।

इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छुटमलपुर कस्बे के मुख्य चौराहों, व्यस्त बाजारों, बैंकों के आस-पास और अन्य संवेदनशील इलाकों में चप्पे-चप्पे पर कड़ा चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया और चार पहिया वाहनों की सघन तलाशी ली गई। बिना नंबर प्लेट, काली फिल्म और तीन सवारी वाले वाहनों के खिलाफ मौके पर ही सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस की इस अचानक हुई घेराबंदी से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों और वारंटियों में हड़कंप मच गया।

चेकिंग अभियान के दौरान मीडिया और स्थानीय लोगों से बात करते हुए इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा ने दो टूक शब्दों में अपराधियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून का राज कायम रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी हाल में अपराधियों और माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अगर किसी ने भी कानून हाथ में लेने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी।ष

केवल वाहनों की चेकिंग ही नहीं, बल्कि इंस्पेक्टर राणा ने पुलिस टीम के साथ मुख्य बाजारों में पैदल मार्च (फ्लैग मार्च) भी किया। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और राहग. ीरों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया। उन्होंने जनता से अपील की कि यदि क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें; सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा।

सड़कों पर खुद थाना प्रभारी को इस तरह एक्टिव देखकर स्थानीय निवासियों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राहत की सांस ली है। लोगों का कहना है कि पुलिस की इस सक्रियता से न केवल चोरी और छिनैती जैसी घटनाओं पर रोक लगेगी, बल्कि महिलाओं और छात्राओं में भी सुरक्षा का भाव बढ़ेगा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 21 मई 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

समस्या की ओर इशारा

केंद्र सरकार ने चार साल के बाद पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतें बढ़ाई है। इसका अनुमान था, क्योंकि सरकार कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लागत से कम वसूली के कारण तेल मार्केटिंग कंपनियों द्धओएमसीऋ को हो रहे घाटे के बारे में चेतावनी दे रही थी। यह भी जाहिर था कि कीमतों में यह बढ़ोतरी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद होगी, लेकिन विदेशी मुद्रा के बढ़ते खर्च, हाल के महीनों में रुपये के तीव्र अवमूल्यन और अप्रैल के मुद्रास्फीति आंकड़ों के चलते प्रधानमंत्री द्वारा किफायत बरतने की अपील एक ज्यादा गहरी समस्या की ओर इशारा करती है जिसे भारत दशकों पहले देश के अपर्याप्त रणनीतिक पेट्रोलियम और गैस रिजर्व बनाकर हल कर सकता था। भारत ने लगभग 36.7 मिलियन से 39 मिलियन बैरल का रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व द्धएसपीआरऋ बनाया दृ इस कार्यक्रम की परिकल्पना साल 1991 में सामने आये जोखिम के बाद की गयी और इसे 2000 के दशक के शुरू में औपचारिक रूप दिया गया। लेकिन आज, 5.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन द्धएमबीपीडीऋ की दर से यह लगभग सात दिनों की खपत को कवर करता है। अगर इसमें तमाम ओएमसी की मालसूची द्धइन्वेंट्रीऋ और आयात कवर को भी जोड़ लें, तो यह 70 दिन से ज्यादा का स्टाक बनता है। लेकिन बीते सालों में, अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बनकर उभरा है और उन देशों के तेल उपभोग को देखें तो पता चलता है कि भारत के सामने कितना बड़ा जोखिम है। अमेरिका ने अपना एसपीआर साल 1973 के तेल संकट के बाद बनाया दृ जो 714 मिलियन बैरल का है और भारत के एसपीआर से 18 गुना बड़ा है। वहीं चीन का और भी बड़ा, लगभग 900 मिलियन बैरल का है। अमेरिका के पास अपने रिजर्व तंत्र में अभी लगभग 400 मिलियन बैरल तेल है, जिससे मोटा-मोटी 20 दिनों की खपत की पूर्ति की जा सकती है। बीते 10 सालों में 13 एमबीपीडी के आउटपुट के साथ यह देश दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बनकर उभरा है और वाणिज्यिक तंत्र के पास भी काफी इन्वेंट्री है, जो उसे अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा अनुशंसित 90 दिन के भंडार से ऊपर ले जाते हैं। यही बात चीन पर भी लागू होती है, जो तेल के मामले में आयात-निर्भर राष्ट्र होने के कारण भारत के साथ तुलना योग्य है। ये आंकड़े और चिंताजनक हो जाते हैं जब इनकी तुलना तरलीकृत पेट्रोलियम गैस द्धएलपीजीऋ और तरलीकृत प्राकृतिक गैस द्धएलएनजीऋ के रिजर्वों के साथ की जाती है, जहां भारत सबसे ज्यादा जोखिम में है। भारत के पास लगभग 1.4 लाख टन की एलपीजी भंडारण सुविधा है, जबकि उसकी दैनिक खपत लगभग 80,000 टन है दृ उसकी रिजर्व क्षमता की आधी से ज्यादा। एलएनजी की बात करें, तो भारत मुख्यतरू पेट्रोनेट एलएनजी और बीपीसीएल की रीगैसीफिकेशन सुविधाओं पर मौजूद स्टाक पर निर्भर करता है। उर्वरक उत्पादन के लिए बेहद अहम इस ईंधन की कोई भूमिगत भंडारण सुविधा मौजूद नहीं है। अमेरिका और चीन दोनों ने भूमिगत एलएनजी भंडारण सुविधा में भारी निवेश किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोपीय संघ ने रूसी गैस पर अपनी निर्भरता घटाते हुए नयी स्थितियों के अनुरूप तेजी से अनुकूलन किया। इन रिजर्वों ने आपूर्ति में व्यवधान के समय, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं को दीर्घकालिक अनुबंधों पर निर्भरता के जरिए आपूर्ति में व्यवधान के खिलाफ बाड़बंदी करने में सक्षम बनाया है। उन्हें हाजिर बाजार में ऊंची कीमतें देने से बचाया है। चीन की बात करें तो रूसी तेल के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों की नाफरमानी का उसे अच्छा फायदा हुआ है। भारत को भी फायदा हुआ होता अगर उसने ज्यादा रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखी होती।

पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय

लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, अगर छात्रों और अभ्यर्थियों को संवैधानिक प्रावधानों को लागू करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो समझा जाना चाहिए कि सरकार पक्षपाती है, अगर हमें संवैधानिक अधिकारों के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, तो इसका अभिप्राय है कि सरकार पक्षपाती है और जो पक्षपाती है वह बेवफा भी है। पूर्वाग्रह अपने आप में अन्याय है, क्योंकि यह अधिकार छीन लेता है, आरक्षण सुरक्षा है। आरक्षण सामाजिक समन्वय का एक उपकरण और माध्यम भी है, आरक्षण दान नहीं है, यह एक अधिकार है।

अखिलेश यादव
अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

रजदान पास बना आकर्षण का केंद्र

भीषण गर्मी से बचने के लिए कश्मीर के ऑफबीट इलाकों का रुख कर रहे पर्यटक

जैसे-जैसे उत्तरी भारत में तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा रहा है, वैसे ही कश्मीर में घूमने जाने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ा रही है। ये पर्यटक ऐसे इलाकों को टुन रहे हैं, जो कम जाने-पहचाने सीमावर्ती इलाकें हैं। बांदीपोरा का रजदान पास, जो लगभग 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है, एक प्रमुख आकर्षण के तौर पर उभरा है। यहां मई के महीने में भी पहाड़ों पर बर्फ जमी है, जो दिल्ली और जयपुर जैसे शहरों में पड़ रही भीषण गर्मी के बिल्कुल विपरीत है और यहां के लोगों को आकर्षित कर रही है। पूरे भारत से टूरिस्ट जिनमें परिवार के साथ आने वाले, बाइकर्स और युवा यात्री शामिल हैं, बर्फ, ठंडी हवाओं और गुरेज घाटी की ओर जाने वाले सुंदर रास्ते का आनंद लेने के लिए इस पास पर उमड़ रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली के रोहन मेहता ने इस अनुभव को अविश्वसनीय बताया। उन्होंने 42 डिग्री की भीषण गर्मी को पीछे छोड़कर, महज एक दिन के भीतर खुद को बर्फ के बीच खड़ा पाया। राजस्थान की अंजलि शर्मा ने कहा कि यहां के ठंडे मौसम ने उन्हें जयपुर के 44 डिग्री तापमान से काफी राहत दी। वहीं केरल से आए फाजिल ने कहा कि रजदान पास के सोशल मीडिया वीडियो देखकर उन्हें यहां आने की प्रेरणा मिली, जबकि कर्नाटक की केबिन क्रू सदस्य एहाना ने इसे अपने बचपन का एक सपना सच होने जैसा बताया, यानी असल जिंदगी में बर्फ को अपनी आंखों से देखना। गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे पारंपरिक पर्यटन स्थलों के अलावा उत्तरी और दक्षिणी कश्मीर के कई ऐसे इलाके भी हैं जहां पहले बहुत कम लोग जाते थे, लेकिन अब वहां पर्यटकों की आवाजाही तेजी से बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बने ढाबे, चाय के स्टाल और परिवहन सेवा से जुड़े लोगों को इससे आर्थिक फायदा हो रहा है। श्रीनगर के ड्राइवर बशीर अहमद ने बताया कि अब पर्यटक उन जगहों को भी घूमने जा रहे हैं, जिनके बारे में पहले किसी को जूयादा जानकारी नहीं थी। इससे इस मौसम में सीमावर्ती गांवों के लोगों की अच्छी कमाई हो रही है। अधिकारियों का मानना है कि यह बदलाव लोगों की यात्रा से जुड़ी पसंद में आए बदलाव का नतीजा है, जहां भीषण गर्मी के चलते जूयादा से ज्यादा लोग हिमालयी क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में सरकार ने कश्मीर के दूरदराज के सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं और स्थानीय लोगों का कहना है कि इन प्रयासों का फायदा हो रहा है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या धीरे-धीरे इन दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को बदल रही है, क्योंकि अब पर्यटक केवल पारंपरिक पर्यटन स्थलों तक ही सीमित न रहकर, प्रकृति की उन अछूती और अद्भुत सुंदरताओं को भी खोजने निकल पड़े हैं, जहां पहले बहुत कम लोग जाते थे। पर्यटकों की इस बढ़ती संख्या से यह बात साफ जाहिर होती है कि जलवायु से प्रेरित यात्रा के रुझान, गर्मियों में राहत की तलाश किस तरह कश्मीर में 'ऑफबीट' पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, इससे सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले समुदायों को रोजगार और कमाई के ऐसे अवसर भी मिल रहे हैं, जिनकी उन्हें लंबे समय से जरूरत थी।

मौसम संबंधी घटनाएं और भारत की असुरक्षित स्थिति

दरअसल, अग्रिम तैयारियां दो वजहों से महत्वपूर्ण है। यह राज्य कभी-कभी एक मिलन क्षेत्र में तब्दील हो जाता है, क्योंकि थार से आने वाली गर्म एवं शुष्क 'लू' वाली हवाएं मैदानी इलाकों में पूर्व की ओर बढ़ती हैं, जबकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाएं दक्षिण-पूर्व से प्रवेश करती हैं।

पिछले हफ्ते के अंत में, मानसून से पहले की एक तेज रफ्तार वाली मौसम प्रणाली उत्तर प्रदेश में कहर बरपाते हुए पहुंची। इससे एक साथ कई जिलों में गरज, धूल भरी आंधी, बिजली, भारी बारिश और आंधी का मिश्रण देखने को मिला। बीते 14 मई तक, 26 जिलों में मरने वालों की संख्या 111 और घायलों की संख्या 72 थी। इस तरह, ये तूफान हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश में हुई सबसे घातक मौसम संबंधी आपदाओं में से एक बन गए। राज्य में 2018 से, या शायद उससे पहले से भी, मई-जून के महीनों में इसी तरह की मौसम संबंधी घटनाएं देखने को मिली हैं। हवाओं की तीव्रता इस साल की सबसे बड़ी खासियत रही। ये तीव्र हवाएं पेड़ों को जड़ से उखाड़ देने में सक्षम थीं।

ऐसा मालूम होता है कि यह तूफान मानसून से पहले की संवहनी प्रणाली के कारण आया था तथा उत्तर-पश्चिम में पैदा हुए एक नए पश्चिमी विक्षोभ ने स्थितियों को और ज्यादा अस्थिर कर दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने घटना से पहले ही आंधी तथा बिजली गिरने की चेतावनी जारी कर दी थी और उत्तर प्रदेश सरकार ने कथित तौर पर सचेत पोर्टल के जरिए 34 करोड़ से ज्यादा रेड और आरेंज अलर्ट संदेश जारी किए थे। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ये चेतावनियां भौगोलिक रूप से पर्याप्त रूप से सटीक थीं या नहीं अथवा समय पर अपने लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचीं या नहीं और वास्तव में क्या उन संदेशों ने सिर्फ आने वाले प्रतिकूल मौसम की चेतावनी दी थी या फिर लोगों को कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे। दरअसल, अग्रिम तैयारियां दो वजहों से महत्वपूर्ण है। यह राज्य कभी-कभी एक मिलन क्षेत्र में तब्दील हो जाता है, क्योंकि थार से आने वाली गर्म एवं शुष्क 'लू' वाली हवाएं मैदानी इलाकों में पूर्व की ओर बढ़ती हैं, जबकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाएं दक्षिण-पूर्व से प्रवेश करती हैं। दूसरी बात, मिर्जापुर और सोनभद्र के इलाके में विंध्य की लहरदार पहाड़ियों के ऊपर, एक - दूसरे से मिलने वाली ये वायु राशियां तेजी से ऊपर उठ सकती हैं। इससे राज्य के खास हिस्सों में गरज के साथ तूफान आ सकते हैं। यूं तो कोई भी प्राधिकरण कारगर तरीके से तूफानों की स्थानीय तीव्रता का पूर्वानुमान नहीं लगा सकता था, लेकिन अंतर्निहित जोखिम अप्रत्याशित नहीं था। साल के इस समय और इस स्थान पर इनकी पुनरावृत्ति से यह सवाल उठता है कि इतनी अधिक मौतें क्यों हुईं। इसके जवाब का एक हिस्सा निश्चित रूप से मौत और क्षति के तात्कालिक कारणों में निहित है, जिसमें आवास और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा शामिल है। उत्तर प्रदेश में संरचनात्मक रूप से कमजोर ग्रामीण और अर्ध-शहरी घरों की तादाद ज्यादा है। अगर तूफान शाम या उसके बाद आता है, तो लोग अक्सर घरों के अंदर होते हैं या कमजोर छतों के नीचे आराम कर रहे होते हैं। इसके अलावा, लोग गलत तरीके से लगाए गए या खराब ढंग से स्थापित होर्डिंग्स, बिजली के तारों और सार्वजनिक संकेतों की वजह से भी असुरक्षित होते हैं। राज्य सरकार को इस बात की जानकारी थी कि इस तरह के तूफान किस किस्म की क्षति पहुंचा सकते हैं, इसलिए उसने खेती के प्रकार, फसल और नुकसान के आधार पर अलग-अलग राहत पैकेजों का एलान किया। अंतर्निहित जोखिम का पूर्वानुमान लगाया जा सकता था, फिर भी स्थितियां काफी नाजुक रहीं।

अमेरिका के खिलाफ दुश्मन जैसे फैसले ले रहा सऊदी

अमेरिकी कोष में बतौर जमा पूंजी यूएई का 114.1 बिलियन डालर बचा है। यह जानकारी मंगलवार को सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ट्रेजरी बान्ड के जरिए दुनिया से पैसे जुटाता है। इन पैसों का इस्तेमाल विकास कार्यों पर किया जाता है। इसकी वजह से अमे. रिका की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है। सऊदी और यूएई ने जिस तरह से ट्रेजरी बान्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे अमेरिका पर कर्ज देने वाले देशों का भरोसा कम होगा।

ईरान के साथ तनाव में उलझे अमेरिका को सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने 24 घंटे में दो बड़े झटके दिए हैं। पहला झटका पैसों से जुड़ा हुआ है। सऊदी और यूएई दोनों ने अमेरिकी ट्रेजरी से अपनी जमा पूंजी निकालनी शुरू कर दी है। बुधवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई है। दोनों देशों ने मिलकर 15 अरब डालर की जमा पूंजी निकाल ली है। दूसरा झटका ईरान पर हमले से जुड़ा है। एक्सियोस के मुताबिक, सऊदी और यूएई ने ईरान पर हमले का विरोध किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वो हमले से सिर्फ एक घंटे दूर थे लेकिन यूएई और सऊदी के विरोध के कारण उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। मध्य पूर्व में सऊदी और यूएई को अमेरिका का सहयोगी माना जाता है। आधिका. रिक आंकड़ों के मुताबिक, सऊदी अरब ने मार्च में अमे. रिकी ट्रेजरी बान्ड में अपनी हिस्सेदारी 10.8 बिलियन डालर घटा दी है। यानी ये पैसे सऊदी ने निकाल लिए हैं। अब ट्रेजरी में सऊदी के हिस्से का 149.6 बिलियन डालर मौजूद है। इसी तरह यूएई ने 5.8 बिलियन डालर की जमा पूंजी निकाल ली है। अमेरिकी कोष में बतौर जमा पूंजी यूएई का 114.1 बिलियन डालर बचा है। यह जानकारी मंगलवार को सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमेरिका ट्रेजरी बान्ड के जरिए दुनिया से पैसे जुटाता है। इन पैसों का इस्तेमाल विकास कार्यों पर किया जाता है। इसकी वजह से अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहती है। सऊदी और यूएई ने

जिस तरह से ट्रेजरी बान्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे अमेरिका पर कर्ज देने वाले देशों का भरोसा कम होगा। वहीं डालर की मजबूती के लिए भी यह एक बड़ा झटका है। साथ ही यूएई और सऊदी के इस कदम से अमेरिका को कर्ज महंगा पड़ सकता है। वहां पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। जंग के कारण अमेरिकी पहले से परेशान हैं। डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार (18 मई) को ईरान पर हमला करने को लेकर फैसला लेने वाले थे। एक्सियोस के मुताबिक सऊदी और यूएई से जब इसको लेकर पूछा गया तो दोनों ने साथ देने से इनकार कर दिया। दोनों का कहना था कि युद्ध से उन्हें ज्यादा नुकसान होंगे। सऊदी और यूएई ने तेल ठिकानों की रक्षा की दुहाई दी, जिसके बाद ट्रंप ने हमला न करने का फैसला लिया। अब कतर की पहल पर ईरान से परमाणु समझौते की बात चल रही है। ईरान का कहना है कि वह होर्मुज, यूरेनियम शिफ्ट करने को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा।फरवरी-मार्च में जब ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध छिड़ा था, तब सऊदी और यूएई ने साइलेंट तरीके से ईरान के कुछ इलाकों पर हमला किया था।

आतंक के विरुद्ध भारत की निर्णायक लड़ाई और बदलती घाटी

योगेश कुमार गोयल

राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विशेष

भारत का इतिहास एक ओर जहां अध्यात्म, विविधता और समरसता की भूमि का रहा है, वहीं दूसरी ओर इसने अतीत और वर्तमान में अनेक आंतरिक और बाहरी संकटों का सामना भी किया है। इन संकटों में सबसे भयावह है आतंकवाद, जिसने न केवल देश की सुरक्षा व्यवस्था को लगातार चुनौती दी है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी झकझोरा है। आतंकवाद कोई सीमित भूभाग का संकट नहीं है बल्कि यह समूचे राष्ट्र की चेतना को आहत करने वाला संकट है। भारत ने सैन्य, कूटनीतिक, सामाजिक और वैचारिक मोर्चों सहित बहुस्तरीय स्तर पर दशकों तक इस समस्या का सामना किया है। आतंकवाद के विरुद्ध जागरूकता फैलाने और शांति एवं सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाया जाता है। 21 मई को मनाया जाने वाला यह दिवस न केवल इस संघर्ष की स्मृति है बल्कि यह ऐसी प्रतिज्ञा का दिन भी है, जो यह दर्शाती है कि भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में सहन नहीं करेगा।

कश्मीर घाटी आतंकवाद के विरुद्ध भारत के सबसे लंबे, संवेदनशील और निर्णायक संघर्ष की साक्षी रही है। कभी अपनी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता, सूफी परंपराओं, सांस्कृतिक समृद्धि और 'धरती के स्वर्ग' की पहचान के लिए विख्यात यह घाटी पिछले तीन दशकों तक आतंक, रक्तपात और अस्थिरता के भयावह दौर से गुजरती रही। वर्ष 1990 के बाद जिस सुनियोजित तरीके से घाटी में कट्टरपंथ और आतंकवाद की जड़ें जमाई गई, वह केवल स्थानीय असंतोष नहीं बल्कि सीमापार रची गई एक गहरी साजिश का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को चोट पहुंचाना था। इस दौर ने हजारों परिवारों को उजाड़ दिया, अनगिनत मासूमों की जिंदगी छीन ली और पूरी पीढ़ी को भय, असुरक्षा और हिंसा के साए में जीने के लिए विवश कर दिया। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि घाटी में अब तक हुई हजारों आतंकी घटनाओं में लगभग 42 हजार लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें निर्दोष नागरिक, सुरक्षाबलों के वीर जवान और आतंकवादी शामिल हैं।

दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2000 से 2024 के बीच घाटी में 22,143 छोटे-बड़े आतंकी हमले दर्ज किए गए, जिनमें 4,981 आम नागरिकों की मौत हुई जबकि मातृभूमि की रक्षा करते हुए 3,624 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए। इसी दौरान भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस और रणनीतिक क्षमता का परिचय देते हुए 24,512 आतंकवादियों को मार गिराया। यह केवल आंकड़े नहीं बल्कि उन वीर जवानों के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा की गाथा हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित की। हालांकि बीते एक दशक में भारत की आतंकवाद विरोधी नीति अधिक आक्रामक, तकनीक-सक्षम और रणनीतिक रूप से प्रभावी हुई है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2004 से 2014 के बीच देशभर में 7,217 आतंकी हमले हुए थे जबकि वर्ष 2014 से 2024 के बीच यह संख्या घटकर 2,242 से भी कम रह गई। इस दौरान आतंकी हिंसा से होने वाली जनहानि में 70 प्रतिशत से अधिक कमी दर्ज की गई। आम नागरिकों की मौतों में 81 प्रतिशत और सुरक्षाकर्मियों की शहादतों में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत की मजबूत सुरक्षा रणनीति, सशक्त खुफिया तंत्र और 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने आतंकवाद की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

हालांकि आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि आतंकवाद की चुनौती कितनी गहन और विस्तृत है तथा इससे निपटने के लिए भारत को कितनी रणनीतिक गहराई के साथ काम करना पड़ रहा है। 2025 के पहलगाम हमले से इतर देखें तो घाटी में हाल के वर्षों में सामान्य जीवन की बहाली का प्रमाण यही है कि आज वहां के युवा बंदूक नहीं, किताबों की ओर लौट रहे हैं। स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ी है, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और पर्यटन के क्षेत्र में भी आशाजनक वृद्धि देखी गई है। रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी ने युवाओं को एक वैकल्पिक जीवन की राह दिखाई है। इन संकेतों से स्पष्ट है कि आतंक केवल सैन्य शक्ति से नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास से भी पराजित किया जा सकता है। घाटी की जनता अब समझ चुकी है कि आतंक का मार्ग केवल विनाश की ओर ले जाता है जबकि शिक्षा, रोजगार और शांति समृद्धि की ओर। लेकिन इस यात्रा में अब भी चुनौतियां शेष हैं क्योंकि पाकिस्तान अब भी दोहरी नीति अपनाए हुए है, एक ओर शांति की बातें, दूसरी ओर आतंकवाद को समर्थन। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों को आज भी आईएसआई का समर्थन प्राप्त है। इस परिस्थिति में भारत की आतंकवाद के प्रति नीति और भी कठोर और स्पष्ट हो गई है, आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता। यह नीति केवल वक्तव्य नहीं बल्कि क्रियान्वयन की दृढ़ रणनीति है। सीमा पर सैटेलाइट निगरानी, ड्रोन तकनीक, सुरक्षाबलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करना और नागरिक-सैन्य समन्वय को सशक्त करना इस नीति के कार्यान्वयन के मुख्य स्तंभ हैं। भारत अब यह भी समझता है कि आतंकवाद केवल एक सुरक्षा चुनौती नहीं है बल्कि एक वैचारिक लड़ाई भी है। यह युवा मन को भ्रमित करके उसे हिंसा की ओर ले जाने का प्रयास करता है। ऐसे में शिक्षा, सामाजिक समरसता और संस्कृति का पुनर्प्रतिष्ठान आवश्यक है। घाटी में यदि शांति को स्थाई बनाना है तो केवल सैन्य दबाव नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक और वैचारिक प्रयास भी अत्यंत आवश्यक हैं। युवाओं को यह विश्वास दिलाना होगा कि राष्ट्र निर्माण का मार्ग केवल प्रतिभा, परिश्रम और सकारात्मक सोच से ही बनता है। उन्हें यह बताना होगा कि बंदूकें केवल बर्बादी लाती हैं जबकि किताबें भविष्य बनाती हैं। आज जब भारत राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मना रहा है तो यह दिन केवल शोक या स्मरण का दिन नहीं है बल्कि यह एक सतत संकल्प का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि आतंक से लड़ाई केवल सेना की नहीं है अपितु यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अमृतसर। गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी के बीच खुद को ढक कर चलते लोग।

एशियाई उत्पादकता संगठन की तीन दिवसीय बैठक राजधानी में गुरुवार से

नई दिल्ली। एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ) के अधिशासी मंडल (जीबी) की तीन दिवसीय 68वीं बैठक यहां भारत मंडपम में गुरुवार को शुरू होगी। भारत की अध्यक्षता में इस बैठक में एपीओ के 20 सदस्य देशों के 60 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। बुधवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 21 मई को उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे। एपीओ के निदेशक, सलाहकार, एपीओ सदस्य देशों के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और आमंत्रित अतिथियों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

अब्बास अराघची ने ट्रम्प को दी चेतावनी

कहा: ईरान के खिलाफ अगर दोबारा जंग शुरू हुई, तो अमेरिका को 'कई और बड़े झटके' लगेंगे

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को चेतावनी दी कि बिना किसी उकसावे के अगर अमेरिका ने उनके खिलाफ फिर से आक्रामक रुख अपनाया तो अमेरिका को देने के लिए उनके पास 'कई और बड़े झटके' तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गई है।

इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गई

अराघची ने 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में कहा कि भविष्य में होने वाली किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का जवाब देने के लिए ईरान अमेरिका के साथ पिछले टकरावों से 'मिले सबक और हासिल किए गए अनुभव' का इस्तेमाल करेगा और हमलावरों को इन अप्रत्याशित झटकों का मजा चखाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सांसदों ने इस 40 दिवसीय सैन्य अभियान के दौरान हुए बड़े पैमाने के भौतिक नुकसान को स्वीकार कर एक तरह से ईरान की सैन्य क्षमताओं की पुष्टि कर दी है। अराघची ने अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना ने कम से कम 42 विमान खो दिए। इससे होने वाला अनुमानित नुकसान लगभग 2.6 अरब डॉलर (लगभग 21600 करोड़ रुपये) तक पहुंच चुका है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान के सशस्त्र बल 'दुनिया भर में चर्चित एफ-35 विमान को मार गिराने वाले पहले बल' बन गए हैं। अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के संयुक्त रूप से शुरू किए गए 40 दिनों के हवाई बमबारी अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 42 विमान नष्ट हो गए या उन्हें भारी नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के अनुसार, नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए सैन्य साजो-सामान में चार एफ-15ई स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान, एक एफ-35ए लाइटनिंग-2, एक ए-10 थंडरबोल्ट-2, हवा में ईंधन भरने वाले सात केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान, एक ई-3 सेंट्री हवाई चेतावनी और नियंत्रण विमान, दो एमसी-130जे कमांडो-2 विमान, एक एचएच-60डब्ल्यू जॉली ग्रीन-2 हेलीकॉप्टर, 24 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन और एक एमक्यू-4सी ट्राइटन ड्रोन शामिल हैं। अमेरिका-इजरायल ने मिलकर 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू किए थे, जो सात अप्रैल को पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुए एक नाजुक युद्धविराम के बाद से थमे हुए हैं। ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य साजो-सामान पर हमले शुरू किए और होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले परिवहन पर अपना नियंत्रण मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया। यह एक ऐसा संकरा मार्ग है, जहां से दुनिया की तेल सप्लाई का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। ये निष्कर्ष 13 मई को जारी 'कांग्रेशनल रिसर्च सर्विस' की एक रिपोर्ट में सामने आया है।

रूस-चीन ने 20 समझौतों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत किया

बीजिंग। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी साझेदारी को 'रणनीतिक' बताते हुए अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, परिवहन और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सहित प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करते हुए 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। पुतिन और जिनपिंग ने अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से संयुक्त बयान जारी किया है। इसके साथ ही एक बहुध्रुवीय दुनिया और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए एक नए ढांचे का समर्थन करने वाली घोषणा भी जारी की गई है। पुतिन ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार 'पिछले 25 वर्षों में 30 गुना से अधिक' बढ़ा है और 'लगातार कई वर्षों तक 200 अरब डॉलर के आंकड़े से ऊपर' बना रहा है।

बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के निर्माण की कवायद

बीजिंग। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को एक संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें दुनिया में किसी एक देश के दबदबे के बजाय बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था की बात कही गई है। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने ऊर्जा, व्यापार और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी मजबूत साझेदारी को और गहरा करने का भी वादा किया। चीन के 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल' में हुई इस बैठक के बाद शी ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों के रिश्ते 'बड़ी उपलब्धियों और तेज विकास के एक नए दौर में पहुंच चुके हैं।' पुतिन ने कहा कि रूस और चीन के संबंध 'इतिहास के सबसे बेहतरीन स्तर' पर हैं।

व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए

उन्होंने शी को अगले साल रूस आने का न्योता भी दिया। दोनों देश 25 साल पहले हुए 'चीन-रूस मित्रता और सहयोग समझौते' को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। यह फैसला दिखाता है कि 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से एक-दूसरे के करीब आए दोनों देश आगे भी मिलकर काम करते रहेंगे। पुतिन ने चीन को बिना किसी रुकावट के तेल और गैस की आपूर्ति जारी रखने का वादा करते हुए कहा, 'हमारा आपसी व्यापार अब बाहरी दबाव से सुरक्षित है, क्योंकि हमने अमेरिकी डॉलर को छोड़कर अपनी-अपनी मुद्रा में लेन-देन शुरू कर दिया है। उन्होंने इसे एक सुरक्षित व्यापार व्यवस्था बताया, जिस पर वैश्विक बाजार के उतार-चढ़ाव का असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि रूस और भारत का लगभग 96 प्रतिशत व्यापार भी अब स्थानीय मुद्रा में हो रहा है। खबरें यह भी हैं कि लंबे समय से अटकी 'पावर ऑफ साइबेरिया 2' पाइपलाइन परियोजना पर भी दोनों देशों के बीच सहमति बन गई है। यह पाइपलाइन रूस से मंगोलिया होते हुए चीन तक हर साल 50 अरब घन मीटर प्राकृतिक गैस पहुंचाएगी। पुतिन ने 'उत्तरी समुद्री मार्ग' के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि रूस और चीन मिलकर पूरे यूरेशिया क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाएंगे। पुतिन के साथ शी ने अमेरिकी विदेश नीति पर निशाना साधा।

अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

राष्ट्रपति ट्रम्प के 4 सांसदों ने उनके खिलाफ वोटिंग की, राष्ट्रपति के पास वीटो का अधिकार बाकी

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50.47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रम्प सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रम्प इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत

ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने की कवायद, युद्ध का अधिकार संसद के पास हो: विपक्ष

चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है। अमेरिकी संसद के सीनेट में मंगलवार शाम को ईरान जंग रोकने को लेकर बैठक हुई। यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति नहीं बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमेरिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है। इस प्रस्ताव को वर्जीनिया के डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन लेकर आए हैं। बहस के दौरान उन्होंने कहा कि अभी जब युद्धविराम की बात हो रही है, तब ट्रम्प को संसद के सामने आकर अपनी रणनीति बतानी चाहिए। डेमोक्रेट सीनेटर टिम केन ने कहा कि युद्ध शुरू करने का अधिकार संसद के पास है, सिर्फ राष्ट्रपति के पास नहीं। वहीं व्हाइट हाउस का कहना है कि ट्रम्प ने अमेरिकी सुरक्षा के लिए अपने अधिकारों के तहत कार्रवाई की है। अमेरिकी कानून के मुताबिक कोई भी राष्ट्रपति बिना संसद की मंजूरी के सिर्फ 60 दिन तक सैन्य कार्रवाई चला सकता है। इसके बाद या तो युद्ध खत्म करना होता है, कांग्रेस से अनुमति लेनी होती है, या फिर सेना की सुरक्षित वापसी के लिए 30 दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगनी होती है। यह संघर्ष शुरू होने के बाद इस तरह के प्रस्ताव पर सीनेट में आठवां मतदान था। इस वर्ष दूसरी बार कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेट सदस्यों के साथ मिलकर युद्ध अधिकार प्रस्ताव को सीनेट न्यायपालिका समिति से बाहर लाने का समर्थन किया है। इस बीच, ट्रम्प ने खुलासा किया कि वह ईरान पर नए हमले का आदेश देने से 'सिर्फ एक घंटे दूर' थे, लेकिन सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अनुरोध पर उन्होंने इसे स्थगित कर दिया। दूसरी ओर, उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने कहा कि ईरान की वार्ता संबंधी स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है।

बांग्लादेश में भारतीय दूतावास के सुरक्षाकर्मी की मौत

ढाका। बांग्लादेश के चिटगांव शहर में स्थित भारतीय दूतावास परिसर के अंदर मंगलवार को एक भारतीय सुरक्षाकर्मी मृत पाया गया। मृतक की पहचान 35 साल के नरेंद्र के तौर पर हुई है। वे हरियाणा के रहने वाले थे और दूतावास में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात थे। नरेंद्र सोमवार रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने कमरे में लौटे थे। मंगलवार सुबह जब वह ड्यटी पर नहीं पहुंचे तो उनके साथ वालों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। कई बार फोन और आवाज लगाने के बाव भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला। अंदर कमरे के फर्श पर नरेंद्र की डेड बाडी मिली।

फर्श पर डेड बाडी मिली, ड्यूटी करके लौटा था, हरियाणा का रहने वाला था मृतक

वे कैंपस के भीतर बने स्टाफ डार्मिटरी में रहते थे। अभी तक मृत सुरक्षाकर्मी की कोई सामने नहीं आई है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जांच अधिकारी नजरुल इस्लाम ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिलने के बाद हमारी टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी आरिफुल इस्लाम ने बताया कि शव पर किसी भी तरह की चोट, घाव या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। शुरुआती तौर पर आशंका जताई जा रही है कि नरेंद्र की मौत हार्ट अटैक या स्ट्रोक की वजह से हुई है। उन्होंने कहा कि मुमकिन है कि रात के दौरान या सुबह बाथरूम से निकलने के बाद उन्हें दिल का दौरा या स्ट्रोक आया हो। असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी। पुलिस के मुताबिक, शव को भारतीय अधिकारियों की मौजूदगी में चिटगांव मेडिकल कालेज अस्पताल के मार्चरी भेजा गया। भारतीय दूतावास की ओर से फिलहाल इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी बांग्लादेश प्रशासन और पुलिस के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि मौत के कारणों पूरी जांच हो सके।

अमेरिका के नए प्रतिबंध लगने के बाद 'खून खराबा' होगा

क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने कहा: इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे

हवाना। अमेरिका द्वारा क्यूबा के कुछ अधिकारियों और सरकारी संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाए जाने के क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज-कनेल ने चेतावनी दी है कि क्यूबा पर किसी भी अमेरिकी सैन्य हमले से 'खून-खराबा' होगा और इसके गंभीर परिणाम सामने आएंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार क्यूबा पर नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जता चुके हैं

यह बयान ऐसे समय आया है जब मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि क्यूबा प्रशासन भी अमेरिकी ठिकानों पर संभावित हमलों पर विचार कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार क्यूबा पर नियंत्रण हासिल करने की इच्छा जता चुके हैं। उन्होंने क्यूबा पर कब्जे को 'सम्मान' बताया था और कहा था कि वह 'जो चाहें कर सकते हैं।' यह चेतावनी अमेरिका द्वारा क्यूबा के 11 अधिकारियों और तीन सरकारी संस्थाओं, जिनमें खुफिया एजेंसी और गृह मंत्रालय शामिल हैं, पर प्रतिबंध लगाए जाने के कुछ घंटों बाद आई। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे क्यूबा पर लगातार दबाव बनाने की मुहिम की शुरुआत बताया और कहा कि आने वाले दिनों में और प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। कनेल ने कहा कि क्यूबा किसी देश के लिए खतरा नहीं है, लेकिन किसी भी सैन्य हमले के खिलाफ आत्मरक्षा का उसे पूर्ण अधिकार है। राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के संबंधों में भारी गिरावट आई है। ट्रम्प प्रशासन 'अधिकतम दबाव' की नीति के तहत हवाना में सत्ता परिवर्तन का प्रयास कर रहा है। अमेरिका ने वेनेजुएला से क्यूबा को होने वाली तेल आपूर्ति भी रोक दी है, जिससे वहां गंभीर ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। क्यूबा में लगातार बिजली कटौती के कारण विरोध प्रदर्शन हुए हैं तथा स्कूल, विश्वविद्यालय और अस्पताल प्रभावित हुए हैं। क्यूबा के ऊर्जा मंत्री ने हाल ही में कहा था कि रूस से मिली आपातकालीन तेल सहायता भी समाप्त हो चुकी है, जिससे लंबे समय तक बिजली संकट बने रहने की आशंका है। इस बीच, प्रमुख शिपिंग कंपनियों हपाग-ल्योंड और सीएमए सीजीएम ने अमेरिकी नियमों का पालन करते हुए क्यूबा के लिए माल ढुलाई रोकने की घोषणा की है, जिससे खाद्य संकट और गहरा सकता है। तनाव उस समय और बढ़ गया जब अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि क्यूबा ने 300 से अधिक सैन्य ड्रोन हासिल किए हैं और वह गुआनतामो स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डे तथा अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है। मार्च में ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा था कि वेनेजुएला 'पहला कदम' था और क्यूबा अगला हो सकता है। उन्होंने कहा था कि क्यूबा 'पूरी तरह विफल राष्ट्र' है और अंतत: उसे अमेरिका के पास आना पड़ेगा। इस बीच, क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति रौल कास्त्रो पर वर्ष 1996 में अमेरिका के नागरिक विमानों को गिराए जाने की घटना में कथित भूमिका को लेकर अभियोग चलाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है।

दक्षिण कोरिया के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी और होगी मजबूत: राजनाथ

नई दिल्ली। भारत और दक्षिण कोरिया ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ बैठक के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ उनकी बैठक अत्यंत सफल रही और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सहयोग और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

बैठक के बाद सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सियोल में मेरे दक्षिण कोरियाई समकक्ष आह्न ग्यु बैक के साथ उत्कृष्ट बैठक हुई। हमने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता के साथ भारत-कोरिया गणराज्य रक्षा, रक्षा उद्योग और रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत सफल बैठक रही, क्योंकि भारत और कोरिया ने रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने, भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और कोरिया गणराज्य के कोरिया राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना सहयोग से संबंधित समझौतों का आदान-प्रदान किया, जिससे हमारी साझेदारी और अधिक मजबूत तथा बहुआयामी बनी।

'मैं वापस आऊंगा' का हिस्सा बनकर भावुक हुईं अंजना सुखानी

मुंबई। अभिनेत्री अंजना सुखानी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में काम करती नजर आएंगी। इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा हाल के समय की सबसे चर्चित रोमांटिक ड्रामा फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में वेदांग रैना, दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह और शरवरी के साथ अंजना सुखानी भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में हुए ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अंजना ने फिल्म का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की और इम्तियाज अली का धन्यवाद किया कि उन्होंने उन्हें 'मेहर' के किरदार के लिए चुना। अंजना सुखानी ने कहा कि इन सभी बड़े नामों के साथ जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और खुशी की बात है। खास तौर पर मुकेश का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस फिल्म के लिए चुना और भरोसा किया कि मैं यह किरदार निभा सकती हूं। इम्तियाज सर का भी शुक्रिया, जिन्होंने मुझे मेहर के रूप में देखा। मैं हमेशा इसके लिए शुक्रगुजार रहूंगी।



फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक लॉन्च

मुंबई। विश्व प्रसिद्ध कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में भोजपुरी सिनेमा ने एक बार फिर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। भारत पवेलियन में भोजपुरी फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' का फर्स्ट लुक पोस्टर भव्य अंदाज में लॉन्च किया गया। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने इस अवसर को भोजपुरी सिनेमा के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि कान्स जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भोजपुरी फिल्म का प्रस्तुत होना इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्रीय सिनेमा अब वैश्विक पहचान बना रहा है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एम.बी.बी.एस., एम.एस.
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा ।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004